# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-02-2023

# लोगों की समस्या का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता : सीएम



गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : एसएनबी

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता है और सभी के साथ न्याय होगा। उन्होंने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थनापत्र लेकर उसे अधिकारियों को इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्या सुनी। लोगों से कहा कि सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही

**जनता दर्शन**

**जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं**

**धन के अभाव में बाधित नहीं होगा किसी का इलाज**

सुनिश्चित करायी जाएगी। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी।

उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा। जनता दर्शन में महिलाओं व अल्पसंख्यक समुदाय की खासी भागीदारी रही। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलारकर आशीर्वाद दिया। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट गिफ्ट किया। जनता दर्शन से पूर्व मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर के गोशाला में गोसेवा की।

# पूर्व कर्मचारी के इशारे पर हुई थी लूट, चार गिरफ्तार

**सटीक मुखबिरी पर लूट की दो घटनाओं को गुलरिहा में लुटेरों ने दिया अंजाम**

**आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों ने लुटेरों को पकड़वाया**

**लूट के रुपयों में से 6.19 लाख बरामद**

गोरखपुर (एसएनबी)। जिले की गुलरिहा थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने चार लुटेरों को गिरफ्तार कर गुलरिहा क्षेत्र में हुई लूट की दो घटनाओं का राजफाश किए जाने का दावा किया है। फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट से लूट एक बदमाश के जबकि गैस एजेंसी के मैनेजर से हुई लूट को दो बदमाशों ने उसी गैस एजेंसी के एक पूर्व कर्मचारी की सटीक मुखबिरी पर अंजाम दिया था। पुलिस ने इनके पास से लूट के रुपयों में से 6.19 लाख रुपए, घटना में प्रयुक्त चार बाइक, पिस्टल, कारतूस आदि बरामद किया है। बरामद मोटरसाइकिलों में दो चोरी की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुलरिहा क्षेत्र में 01 फरवरी को भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन लिमिटेड समूह का पैसा एकत्रित कर असुरहिया जाते समय पुल के पास एजेण्ट से पिस्टल दिखाकर बाइक सवार दो बदमाशों ने बैग लूट लिया था। बैग में सामसंग का टैब, बायोमैट्रिक, नगद पैसा 51125 रुपए लूट लिया गया था। इसी क्रम में 13 फरवरी को शिव शक्ति गैस एजेन्सी भटहट के मैनेजर को बैंक में कैश जमा करने हेतु ले जाते समय गैस सर्विस से 100 मीटर आगे हरिजन बस्ती भटहट के पास से बाइक सवार बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर बैग लूट लिया था। बैग में 6,24,000 रुपये, चेक व आरटीजीएस फार्म आदि था। सभी अफसरों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों घटनाओं का खुलासा करने के लिए गुलरिहा पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता चला कि दोनों लूट की घटनाओं को एक ही गैंग ने एक ही तरीके से सटीक मुखबिरी के आधार पर अंजाम दिया है।



लूट के गिरफ्तार आरोपितों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

**चार लुटेरों ने दिया था घटनाओं को अंजाम**

चार शातिर लुटेरों विजय कुमार भारती पुत्र हरिप्रसाद निवासी जैनपुर टोला रामनगर थाना गुलरिहा गोरखपुर, पवन पुत्र अर्जुन निवासी ग्राम गुलनार थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर, अनिरुद्ध पुत्र राधे निवासी थाना ठकुरपुर नं 2 टोला बोडा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर व 4 श्रीकेश निषाद पुत्र रामप्रीत निषाद निवासी जैनपुर टोला महुआ थाना गुलरिहा गोरखपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का रुपया व अन्य सामान बरामद किया गया।

**विजय और श्रीकेश ने मुखबिरी कर लुटवाया रुपया :** अभियुक्त विजय कुमार भारती व श्रीकेश द्वारा रेकी कर घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण पवन कुमार व अनिरुद्ध कुमार को सूचना देकर आगे पीछे लगकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। अभियुक्त विजय कुमार भारती ने भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन लिमिटेड समूह का रुपया लुटवाया था। एजेंट उसी के गांव से कलेक्शन कर लौट रहा था। वहीं श्रीकेश गैस एजेंसी का तीन साल पुराना कर्मचारी था। मुखबिरी कर इसने ही मैनेजर से पैसा लुटवाया था। बरामद चार मोटरसाइकिलों में से दो चोरी की हैं जिन्हें गुलरिहा क्षेत्र से चुराया गया था और थाना पर केस भी दर्ज है। घटना के समय नम्बर प्लेट को हटाकर बिना नम्बर की गाड़ी प्रयोग की जाती थी। विजय कुमार भारती,पवन, अनिरुद्ध पहले भी जेल जा चुके हैं। गुलरिहा में श्रीकेश निषाद पर भी चार केस दर्ज किया गया है। लुटेरा गैंग के विरुद्ध जल्द ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**गुडवर्क टीम को मिला 25 हजार का इनाम**

प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पाण्डेय, एसएसआई शेष कुमार शर्मा, एसआई ज्योति नरायन तिवारी, एसआई अश्वनी कुमार चौबे, एसआई विवेक अवस्थी का0 राहुल कुमार का0 मिथलेश कुमार का0 राजू यादव का0 विश्वजीत सिंह का0 शिवजी प्रसाद का0 वीरेन्द्र यादव, का0 अजीत दूबे व महिला कांस्टेबल रंजना, एसओजी प्रभारी एसआई मनीष यादव, हेका राज मंगल सिंह, हेका राम इकबाल राय,हेका इंदेश कुमार वर्मा, प्रभारी सर्विलांस सेल छोटेलाल राय, हेका नमित मिश्रा, हेका अरुण यादव, का गणेश शंकर पाण्डेय, अशोक चौधरी एवं स्वाट से हेका अरुण खरवार, करुणापति तिवारी, दुर्गेश मिश्रा एवं रवि चौधरी गुडवर्क टीम में शामिल रहे। गुडवर्क टीम को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने 25 हजार रुपए इनाम दिए जाने की घोषणा की।

# अपहरणकर्ता गिरफ्तार, किशोरी बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। चिलुआताल पुलिस ने बहलाफुसलाकर अपहृत किए जाने के मामले में आरोपित एक 48 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसके कब्जे से 16 वर्षीय किशोरी को मुक्त कराया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण आदि के लिए नारी निकेतन पुलिस ने भेजा है। **चिलुआताल प्रतिनिधि** के मुताबिक थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर जानकारी दी कि उसकी 16 वर्षीया किशोरी को अमजद खान (48) वर्ष निवासी नकहा नंबर एक घोषीपुरवा अपहृत कर ले गया है। पुलिस ने आरोपित पर आईपीसी की धारा 363, 376 आईपीसी व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर आरोपित और किशोरी की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर बरगदवा चौकी प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह अपने दल बल के साथ महज चौबीस घंटे के अंदर शास्त्री नगर रेलवे गेट से आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से किशोरी को मुक्त कराया। चौकी प्रभारी ने बताया कि 17 फरवरी की शाम 5 बजे घर से सामान खरीदने के लिए किशोरी बाजार गयी थी तभी से वह लापता चल रही थी।

# भाजपा नेता की बाइक चोरी का प्रयास

**उनवल (एसएनबी)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं खजनी थाना क्षेत्र के भीटी निवासी विनय कुमार सिंह की बाइक बीती रात उनके घर से चुराने का प्रयास किया गया। इस मामले में भाजपा नेता ने गांव के ही तीन नामजद युवकों समेत पांच के विरूद्ध खजनी पुलिस को तहरीर दी है। भाजपा नेता के मुताबिक वह परिवार के साथ किसी शादी समारोह में गए थे और देर रात ही वापस आ गए थे। गेट में ताला बंदकर सो रहे थे। रात में उनके गेट का ताला काटकर पांच चोर मकान में घुस गए और बाइक चुराकर लेकर जाने लगे। तभी उनके घर के सदस्य उदय प्रताप सिंह की नींद टूट गयी और शोर मचाया तो चोर बाइक छोड़कर भाग निकले। उनका आरोप है कि तीन चोरों की उन्होंने पहचान कर ली है जो उनके गांव के ही हैं। शेष दो चोरों को वह नहीं पहचानते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# परिवार परामर्श केंद्र ने पति पत्नी समेत बच्चों को कराया एक

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्रार्थिनी रुखसार खातून पत्नी शाहरुख अहमद पुत्र समीप निवासी मिर्जापुर पकड़ी, पीपरपाती तिवारी, थाना- भिटौली, जनपद- महाराजगंज को रविवार को परिवार परामर्श केंद्र, गोरखपुर पर बुलाया गया। जहां दोनों पक्षों की कई बार



काउंसलिंग की गई । शाहरुख एवं रुखसार को मनोसमाजिक, पारिवारिक एवं संज्ञानात्मक विधि से काउंसलिंग की गई। इस दौरान दोनों पक्षों को मुस्लिम रीति रिवाज और हक एवं हुकूक बारे में समझाया गया ।

काउंसलिंग के परिणाम स्वरुप पति-पत्नी अपने बच्चें के साथ हंसी-खुशी एक साथ जीवन यापन को तैयार है । इस मामले में परिवार परामर्श केंद्र गोरखपुर के प्रभारी उप निरीक्षक भूपेंद्र मिश्रा, महिला उप निरीक्षक मिथलेश राय, काउंसलर देवेंद्र कुमार, डॉ. विकास रंजन मणि त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी कौशल्या चौहान, मुख्य आरक्षी अनीता पांडे तथा आरक्षी रेनू उपाध्याय की भूमिका अहम रही।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सरकारी कार्य में बाधा डालने व धमकी देने के आरोप में वांछित अभियुक्त को सिकरीगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 353, 332, 504 व 506 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम अखिलेश शुक्ला पुत्र रामपाल शुक्ला निवासी ग्राम महुई थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर बताया। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन अभियुक्त द्वारा जलाभिषेक कर रही जनता से अभद्रता करने पर कर्मचारियों द्वारा रोका गया। अभियुक्त ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गाली गुप्ता व जानमाल की धमकी देने लगा। गुडवर्क टीम में एसआई अशोक दीक्षित व आरक्षी आनन्द यादव शामिल रहे।

# सुरक्षा की मांग

**चौरीचौरा (एसएनबी)।** डॉ. केसी पाण्डेय ने सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्या तथा एक कथित ब्राह्मण नेता द्वारा मुझे जान से मारने की बार-बार धमकी दी जा रही है। ऐसी दशा में मेरे साथ अगर कोई भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई तो उत्तर प्रदेश का शासन और प्रशासन जिम्मेदार होगा, क्योंकि मैंने पूर्व में यूपी के मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड पत्र लिख कर कई बार अवगत कराया है।

# दंपति समेत तीन अभियुक्तों पर इनाम घोषित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने विभिन्न मुकदमो में वांछित एक महिला अभियुक्ता और दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित किया है। एसएसपी ने जालसाजी के मामले में फरार चल रही गुड्डी देवी पत्नी मनोज मोदनवाल व मनोज मोदनवाल पुत्र स्व0 गुलाब मोदनवाल निवासी ग्राम पंचायत करमहा बुजुर्ग थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर की गिरफ्तारी के लिए 15-15 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। दोनों पर गुलरिहा थाना पर केस दर्ज है। इसी क्रम में चोरी के मामले में फरार चल रहे अपराधी राजू खान उर्फ अब्दुल अजीज पुत्र नसरूद्दीन निवासी नवादा परसौनी थाना उचका गाँव जिला गोपालगंज बिहार की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

# पति पर दहेज उत्पीड़न व प्रताड़ना का केस

**चिलुआताल (एसएनबी)।** चिलुआताल पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर उसके पति के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तिवारीपुर थाना क्षेत्र के पिपरापुर निवासिनी उजमा खातून पुत्री रफीक ने चिलुआताल पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहरीपुर निवासी इस्माइल खाँ पुत्र नजीबुल्ला से 2014 में हुई थी। मेरे पति से आठ एवं पाँच साल के दो बेटे पैदा हुये हैं। पति दहेज के लिए बार-बार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे जिससे मजबूर होकर मुझे बच्चों के साथ मायके में रहना पड़ रहा है। पुलिस आरोपित पति के विरूद्ध आईपीसी की धारा 498 ए, 323, 504 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा कायम कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# बमनाथ हत्याकांड का 10 माह बाद भी राजफाश नहीं

**रकहट (एसएनबी)।** गगहा थाना क्षेत्र के कोठा गांव में बमनाथ दूबे (60) की निर्मम हत्या की गयी थी। हत्याकांड का खुलासा गगहा पुलिस 10 माह बाद भी नहीं कर सकी है। हत्यारों की गिरफ्तारी न होने से बमनाथ दुबे का परिवार डरा सहमा रहता है। डरे सहमे परिजनों ने रविवार को जनता दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ से मुलाकात की। मृतक बमनाथ की पत्नी सुदामा देवी और बड़े पुत्र हरिशंकर दुबे ने मुख्यमंत्री के समक्ष बिलखते हुए बताया कि 17 मई को गगहा थाना क्षेत्र के डांगीपार छावनी से बमनाथ को उठाकर हत्या कर दी गई। 19 मई को बमनाथ का शव लावारिस हालत में कोठा गंभीरपुर के बीच नहर के किनारे मिला था। पोस्टमार्टम में गला रेत कर हत्या की पुष्टि हुई थी। गगहा पुलिस ने 21 मई को अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था लेकिन अभी तक मामले का खुलासा करने में पुलिस नाकाम रही है। परिजनों की बात सुनते ही मुख्यमंत्री बिफर पड़े। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद एसएसपी गौरव ग्रोवर को कहा कि 10 महीने हो गए और हत्यारे का पता नहीं चला पुलिस क्या कर रही है।

# स्टेशन परिसर में 10 चालक गिरफ्तार, टेंपो सीज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे स्टेशन परिसर में रास्ता अवरुद्ध करने वाले 10 चालकों को गिरफ्तार कर टेंपो सीज कर दिया।

रेललवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा के निर्देशन में एएसआई बृजराज यादव, भीमसेन सिंह व अन्य ने रेलवे स्टेशन परिसर में गश्त पर निकले थे। इसी बीच सुरक्षा बल ने देखा कि तमाम टेंपो प्लेटफार्म नंबर एक के गेट संख्या सात के पास आड़े-तिरछे खड़े थे। टेंपो चालक सवारी बैठा रहे थे। चालकों को रास्ता अवरुद्ध करने से मना किया। न मानने पर सभी को गिरफ्तार कर टेंपो सीज कर दिया।

आरपीएफ इंस्पेक्टर श्री सिन्हा ने बताया कि आयेदिन यह शिकायत मिल रही थी कि टेंपो चालक स्टैंड पर सवारी बैठाने के बजाय दूसरी जगहों पर खड़ी करते थे। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

# एसपी सिटी की फटकार के बाद दर्ज किया केस

**खोराबार (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के सूबाबाजार कस्बे से एक व्यक्ति का गत वर्ष 15 नवम्बर को मोबाइल और 30 हजार रुपया नकदी चोरी हो गया था। उक्त मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन स्थानीय पुलिस उसे जल्द खुलासे की घुट्टी पिलाकर सुलाती रही। आरोप है कि घटना के कुछ ही दिन बाद पुलिस ने मोबाइल और रुपए बरामद कर लिया था। परेशान होकर पीड़ित ने एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई से मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगायी। एसपी सिटी से फटकार मिलते ही पुलिस ने आनन-फानन में चोरी का केस दर्ज किया है।

**खोराबार के सूबाबाजार से चोरी हुआ था मोबाइल और 30 हजार रुपए नकदी**

चौरीचौरा थाना क्षेत्र के चौरी सतहवा निवासी सूर्यदेव यादव पुत्र विश्वनाथ यादव बीते 15 फरवरी को एसपी सिटी गोरखपुर को प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़ित सूर्यदेव यादव के मुताबिक वह 15 नवम्बर को गांव से शहर जा रहा था। खोराबार थाने के समीप सुबाबाजार कस्बे में शाम करीब 5 बजे एक दुकान पर अंडा खाने के दौरान बाइक में टंगा उसका बैग चोरी हो गया। बैग में मोबाइल और 30 हजार था।

वादी ने घटना की सूचना पुलिस को तत्काल दी लेकिन पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बजाए उसे खुद चोरों को पता लगाने की नसीहत दे डाली। वादी ने अपने स्तर से चोरों को पता लगाकर पुलिस को बताया। आरोप है कि पुलिस चोर एवं चोरी हुए रुपए को बरामद कर ली लेकिन पुलिस मामले को रफादफा करने के लिए वादी पर दबाव डालने लगी। इतना ही नहीं पकड़े गए आरोपित चोरों को थाने से छोड़ दी। पुलिस के रवैये से खिन्न होकर वादी एसपी सिटी को तहरीर दिया तब जाकर पुलिस ने धारा 379 आईपीसी के तहत केस दर्ज की।

# खलासी की मौत में बोलेरो चालक पर केस

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। खलासी की दुर्घटना में हुई मौत के मामले में उसकी पत्नी की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने अज्ञात बोलेरो के चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू चौकी अंतर्गत हरनहीं-सोनबरसा मार्ग पर सोनबरसा चौराहे के पास बोलेरो चालक ने ट्रक के खलासी सुनील कुमार चौहान को ठोकर मार दिया था जिससे उसकी मौत हो गयी थी।

**ट्रक से आ रही आवाज का पता लगाने के लिए नीचे उतरा था सुनील कुमार चौहान**

खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम छताई की रहने वाली अमिता देवी पत्नी सुनील कुमार चौहान ने शनिवार को हरपुर बुदहट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पति ट्रक पर खलासी का कार्य करते थे। 23 जनवरी, 2023 को वह वाहन चालक हरीराम प्रजापति के साथ ट्रक से सन्तकबीरनगर सामान लेने जा रहे थे। वह सोनबरसा चौराहा थाना हरपुर बुदहट के पास पहुंचे तो ट्रक से आवाज आने लगी। ट्रक खड़ाकर के हमारे पति नीचे उतरे और ट्रक को देखने लगे। इसी बीच खजुरी की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे मेरे पति सुनील चौहान गंभीर रूप तरह घायल हो गए।

एक सप्ताह तक उनका मेडिकल कालेज में इलाज चला और 31 जनवरी को उनके पति सुनील चौहान की मौत हो गयी। दवा कराने की वजह से पत्नी अमिता देवी पुलिस को सूचना नही दे पाई शनिवार को पत्नी की तहरीर पर अज्ञात बोलेरो चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि खलासी की पत्नी अमिता देवी की तहरीर पर अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# प्रसूता की मौत के मामले में अस्पताल संचालक गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सीजेरियन प्रसव के दौरान हुई प्रसूता की मौत के मामले में उरुवा पुलिस ने केवी मेमोरियल हास्पिटल के संचालक संजय तिवारी पुत्र स्व. केशभान तिवारी निवासी मटहरिया थाना गोला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने इस मामले में अस्पताल के डॉक्टर मनीष पाण्डेय व एक अज्ञात के खिलाफ भी आईपीसी की धारा 304 के तहत गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपित डॉक्टर मनीष पाण्डेय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनही में बतौर अधीक्षक नियुक्त है जो यहां पर अवैध रूप से प्राइवेट प्रैक्टिस भी कर रहा था। फिलहाल आरोपित डॉक्टर व अज्ञात व्यक्ति फरार हैं जिनकी पुलिस को तलाश है।

> अस्पताल संचालक, डॉक्टर और एक अज्ञात पर दर्ज है गैर इरादतन हत्या का केस
>
> केवी मेमोरियल हास्पिटल को किया गया सील
>
> सीएचसी हरनही का अधीक्षक निकला आरोपित चिकित्सक

हमारे उरुवा बाजार प्रतिनिधि के मुताबिक शनिवार को उरुवा के गोला रोड पर स्थित केवी मेमोरियल हास्पिटल में भर्ती उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम सच्चाईराम निवासिनी 23 वर्षीय पूजा देवी ने सीजेरियन के बाद एक बेबी को जन्म दिया। जिसके बाद उसको रक्तस्राव शुरू हो गया। जिसके बाद डॉक्टर ने उसे गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया लेकिन परिजनों ने हास्पिटल के ऊपर आरोप लगाया कि पूजा देवी की मौत इसी हास्पिटल में हो गई थी। डॉक्टर ने अपने बचाव करने के लिए रेफर कर दिया। घटना को लेकर स्वजनों और ग्रामीणों के बीच आक्रोश व्याप्त हो गया। जिसके बाद सभी ने शव को उरुवा गोला मार्ग पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। जिसमें पुलिस ने जाम खुलवाने के लिए बल प्रयोग किया। पुलिस ने रविवार को आरोपित अस्पताल संचालक, चिकित्सक व एक अन्य पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर संचालक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, एसआई राम प्रवेश, आरक्षी माहबलाल एवं अखिलेश यादव शामिल रहे।

**सीएचसी अधीक्षक निकला आरोपी डाक्टर**

केवी मेमोरियल हास्पिटल उरुवा पर घटना में आरोपित चिकित्सक सरकारी डा. मनीष पाण्डेय सरकारी विभाग का निकला। डा. मनीष पाण्डेय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनही में बतौर अधीक्षक नियुक्त है। जो यहां प्राइवेट अस्पताल में अवैध रूप से प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे थे। नियमानुसार कोई भी सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकता है। सरकार की ओर से इन्हें नॉन प्रैक्टिस एलाउंस मिलता है।



गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

**महज पांच अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर व लैब पंजीकृत**

मिली जानकारी के अनुसार उरुवा ब्लॉक में कई दर्जन निजी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, लैब, संचालित किए जा रहे हैं जबकि उरुवा कस्बे में 2, बेवरा में 1, माल्हनपार में 2, अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, लैब ही पंजीकृत हैं। धुरियापार, उरुवा, बेवरा, कुई बाजार, माल्हनपार में कोई भी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, लैब, पंजीकृत नहीं हैं। बावजूद इसके यह सभी बेरोकटोक के संचालित किए जा रहे हैं।

**कार्रवाई के डर से लटके ताले :** केवी मेमोरियल हास्पिटल में प्रसूता की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में स्थित अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, लैब इत्यादि के संचालकों के अंदर कार्रवाई का भय व्याप्त है। जिसका नतीजा है कि सभी अवैध रूप से संचालित किए जा रहे निजी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, लैब, के संचालक कार्रवाई से बचने के लिए अपने अस्पताल और सेंटरों में ताला जड़कर फरार हैं।

**अवैध अस्पतालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई**

प्रभारी चिकित्साधिकारी उरुवा डा. जे पी तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के जितने भी निजी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, लैब अनाधिकृत रूप से संचालित हो रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी को चिन्हित किया जा चुका है। किसी भी दशा में बिना पंजीकरण के अस्पताल संचालित नहीं होंगे।

**दो आरोपितों की तलाश जारी**

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि उरुवा में हुई प्रसूता की मौत अत्यधिक रक्तस्राव की वजह से हुई है। केवी मेमोरियल हास्पिटल अवैध रूप से चल रहा था। उसका रजिस्ट्रेशन तीन साल पहले समाप्त हो चुका था। हास्पिटल के संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजवाया जा रहा है। जल्द ही आरोपित डॉक्टर और एक अन्य को भी गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं साइबर जालसाज

**सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट**

## सोशल मीडिया पर बढ़ती भीड़ देख एक्टिव हुए साइबर जालसाज

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (19 Feb):** साइबर क्राइम के चपेट में आए दिन बच्चों के साथ ही गार्जियन भी आ रहे हैं. बहुत से लोग तो कम्प्लेन दर्ज कराने जाते हैं, कई ऐसे लोग भी हैं, जो लोक-लाज के डर से शिकायत ही दर्ज नहीं कराते हैं. वहीं दूसरी तरफ साइबर जालसाजी का तरीका अभी लोग समझ ही पाते हैं कि वे अपना आईडिया ही चेंज कर देते हैं. फिर नई तरकीब के साथ वे लोगों को अपने शिकंजे में लेकर ठगी करते हैं. हाल-फिलहाल में जालसाजों ने ठगी के नए तरीके अपनाए हैं.



### शॉर्ट टाइम लोन के नाम पर ठगी

प्ले स्टोर पर कई एप ऐसे हैं, जो शॉट टाइम लोन दे रहे हैं. इसमे बकायदा वीडियो कॉल से एक दूसरे से बात होती है. इसके बाद पांच से दस हजार लोन भी दिया जाता है. लोन अदा करने के बाद जालसाज वीडियो फुटेज के आधार पर जाल में फंसे लोगों को ब्लैकमेल कर रहे हैं.

### शीशा साफ करते ही फास्ट टैग से पार दे रहे पैसे

साइबर ठगी करने वाले इस समय एक और नायाब तरीका निकाले हुए हैं. जालसाज जिन गाड़ियों में फास्ट टैग लगा है, उनका शीशा कपड़े से साफ करके कार के शीशे पर लगे फास्ट टैग से पैसे उड़ा दे रहे हैं. इसलिए लोगों को सावधान होने की जरूरत है.



"सोशल मीडिया पर साइबर जालसाज हमेशा नए आईडियाज से फ्रॉड करते हैं. ऐसे में बच्चे ही नहीं बड़े लोगों को भी होशियारी के साथ ही सोशल मीडिया पर कदम आगे बढ़ाना चाहिए. अंजान लोगों से दोस्ती करने से बचना चाहिए.

**इंदुप्रभा सिंह,**
एसपी क्राइम

**इन तरीकों से हो रही साइबर ठगी**

- बच्चों का सोशल मीडिया हैंडल हैक कर मांगते हैं पैसा.
- सोशल मीडिया पर बच्चों से दोस्ती कर जालसाजी.
- बिजली बिल बकाया के नाम पर भेज रहे मोबाइल पर मैसेज
- शॉर्ट टाइम लोन के लिए एप डाउन लोड कराकर हो रही ठगी
- जॉब के लिए ऑफर लेटर भेजकर मांग रहे पैसे
- गर्ल्स को एयर होस्टेस बनाने के लिए गर्ल्स का फिटनेस चेक कर उनकी फोटो बना कर रहे ब्लैकमेल
- वॉट्सएप और फेसबुक पर दोस्ती कर वीडियो कॉल करके ब्लैकमेलिंग
- लोन दिलाने के नाम एप डाउन लोड कराकर ठगी
- रिमोर्ट कंट्रोल एप डाउनलोड कराकर ठगी
- फर्जी शादी डॉट कॉम वेबसाइट बनाकर ठगी

**ठगी का शिकार होने पर यहां करें कम्प्लेन**

हेल्पलाइन नंबर - 1930

वेबसाइट पर करें शिकायत-
cybercrime.gov.in

# जिलाध्यक्ष के घर से चोरी की कोशिश

**BARDAR:** खजनी थाना एरिया के भगवानपुर भीटी निवासी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह शनिवार रात परिवार के साथ शादी में गए थे. रात में लगभग एक बजे लौटे तो पांच चोर बाइक चुराकर ले जा रहे थे. उन्होंने शोर मचाया तो चोर भाग गए. विनय ने बताया कि भागते हुए चोर की पहचान उनके ही गांव के कुछ लोग थे. उन्होंने नामजद तहरीर थाने में दे दी है. इस संबंध में एसओ खजनी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है. नामजद लोगों की तलाश की जा रही है.

# 'शर्मनाक है' गोरखपुर पुलिस का 'थप्पड़', 48 घंटे से जारी है जांच

### वायरल वीडियो पर गोरखपुराइट्स का फूटा गुस्सा, दे रहे प्रतिक्रिया

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (19 Feb):** 'परसासन सब बाघ भईल बा, सिर पे खून सवार बा, भारत भाग्य विधाता के हिस्से दरोगा के मार बा..., अरे का बा यूपी में का बा...', 'दरोगाजी को ऐसा नहीं करना चाहिए था, ये अमानवीय कृत्य है...'. पुलिस के थप्पड़ की गूंज सोशल मीडिया पर जोर-शोर से गूंज उठी है. राजघाट एरिया में महाशिवरात्रि की तैयारी के बीच एक फूल बेचने वाली महिला को पुलिस का मारा थप्पड़ अब तक गूंज रहा है. लोग लगातार सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो पर तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

## वायरल हुआ था वीडियो

शिवरात्रि के दिन शनिवार को सुबह-सुबह एक वीडियो वायरल हो गया. इसमें ट्रांसपोर्ट नगर चौकी इंचार्ज गौरव सिंह एक फूल बेचने वाली महिला को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं. सुबह से ही सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर ये वीडियो वायरल होने लगा. ट्विटर हैंडल पर गोरखपुर पुलिस को टैग कर इस कृत्य के लिए पब्लिक कार्रवाई की मांग करने लगी. वहीं, वॉट्सएप ग्रुप और फेसबुक पर भी दिनभर ये वीडियो हर ग्रुप पर शेयर होता रहा. वॉट्सएप पर भी लोग अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते रहे. इस मामले में पुलिस भी सभी के हैंडल पर जाकर एसपी सिटी की ओर से जांच कर कार्रवाई की बात कर रही है.महाशिवरात्रि पर संजू चौधरी ने मुक्तेश्वरनाथ मंदिर के बाहर फूल की दुकान लगाई थी. शनिवार को तड़के टीपीनगर चौकी इंचार्ज कुंवर गौरव सिंह पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे. चौकी इंचार्ज सीएम की आने की सूचना देकर दुकानें हटवाने लगे. इस दौरान एक महिला वहां से दुकान हटाने के लिए राजी नहीं थी. महिला का आरोप है कि पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में चौकी इंचार्ज हाथ पकड़कर खींचते हुए उसे थप्पड़ मारने लगे.

**UPDATE**




## पूछताछ में भी महिला पुलिस जरूरी

रिटायर्ड सीओ शिवपूजन यादव ने बताया कि सीएम आ रहे हैं तो उनके रास्ते में पड़ने वाला अवरोध हटाना पुलिस का काम है. लेकिन पुलिस किसी से मिसबिहेव नहीं कर सकती है. अभी प्रदेश के डीजीपी ने भी निर्देश दिया है कि महिलाओं से पूछताछ के लिए उन्हें थाने पर नहीं बुलाया जाएगा. महिला जहां भी रहेंगी वहां जाकर पुलिस महिला पुलिसकर्मी के मौजूदगी में ही बात करेगी. वहीं, उन्होंने कहा, वीआईपी मूवमेंट के दौरान पब्लिक को भी सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए.



**"मामला जानकारी में है. वीडियो की जांच की जा रही है. जांच के बाद जो भी दोषी होगा उसपर कार्रवाई की जाएगी.**

डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

## सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया

@nehafolksinger परसासन सब बाघ भईल बा, सिर पे खून सवार बा, भारत भाग्य विधाता के हिस्से दरोगा के मार बा..., अरे का बा यूपी में का बा: नेहा सिंह राठौड़

@Shailendrakotra बेहद शर्मनाक: शैलेन्द्र वैश्य

@Santosh11873150 महिला को थप्पड़ मारना ये ठीक नहीं: संतोष सोनी

@RupendraVyadav ये निर्देश दिया जा रहा है कि महिलाओं से पुलिसकर्मी अच्छे से पेश आएं लेकिन गोरखपुर में: रूपेन्द्र यादव

@rajendrdev6 सिफ तकलीफ होगी और क्रोध आएगा आपको ये वीडियो देखकर: राजेन्द्र देव

@dnetta यही हैं उत्तर प्रदेश पुलिस के गौरव: नट्टा डिसूजा

@priyarana3101 माना पुलिस पर काम का दबाव है लेकिन उसकी खीज महिला पर थप्पड़ मारकर उतारेंगे ये ठीक नहीं: प्रिया राना

@iteshG93225227 कभी-कभी यूपी पुलिस पर नाज होता है लेकिन ये कुछ ऐसा कर देते हैं कि देखकर दुख भी होता है: माहिर गिरी

# नर्तकी से मारपीट में दो अरेस्ट

बांसगांव थाना क्षेत्र के माल्हनपार बाजार में चार मनबढ़ युवकों ने नर्तकी के घर पर चढ़कर उनकी पिटाई कर दी. आरोप है कि जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए. तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया. मऊ जिले के घोसी थाना क्षेत्र के ग्राम मसिना निवासी बीरू पुत्र लक्षीराम ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है कि वह अपने नर्तकियों प्रिया व रानी के साथ माल्हनपार मे संजू डीजे वाले के यहां रहते है. 18 फरवरी की रात 7:30 बजे माल्हनपार निवासी लल्ला और अमित अपने दो अज्ञात साथियों के साथ घर पहुंचे और गाली देने लगे. विरोध करने पर पिटाई करते हुए धमकी देकर फरार हो गए.

**खुलासा** शातिर मास्टरमाइंड की मुखबिरी पर हुई थी गैंस एजेंसी मैनेजर से लूट

# 13 दिन में दूसरी बार मनबढ़ी, ऐश के लिए लूटा कैश

**फरवरी माह में ही दो बार लूट कर चुके हैं लुटेरे**

**GORAKHPUR (19 Feb):** ऐशो-आराम की ऐसी तलब लगी कि बदमाश एक के बाद एक लूट कर शहर दहलाते रहे. फरवरी की शुरुआत में ही बदमाशों ने गुलरिहा में एक एजेंट से 51 हजार की लूट कर दी. इससे भी उनका मन नहीं भरा तो फिर योजना बनाकर 13 फरवरी को उसी इलाके में गैस एजेंसी मैनेजर से 6.24 लाख रुपए लूट लिए. सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने चार लुटेरों को अरेस्ट किया है. पूछताछ में पता चला कि लूट में शामिल दो बदमाशों ने मुखबिरी की थी और 2 बदमाशों ने बाइक से लूट की. घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है.



### वेरिफिकेशन से खुला राज

एसएसपी ने बताया कि गुलरिहा में हुई दोनों ही लूट की घटनाओं का वीडियो फुटेज पुलिस के पास था. जिसे दोनों वादी को दिखाया गया. क्रॉस वेरिफिकेशन ये पता चल गया कि दोनों ही लूट में एक ही बदमाशों का गैंग शामिल है. जिसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश तेज की तो चारों बदमाशों को अरेस्ट करने में कामयाबी मिली. बदमाशों के पास से 6.19 लाख रुपए बरामद हुए हैं. साथ ही एक पिस्टल, 6 कारतूस, 4 बाइक, चेक समेत अन्य सामान मिले हैं.

### एक फरवरी को पहली लूट

एसएसपी ने बताया कि एक फरवरी को फाइनेंशियल इनक्लूजन लिमिटेड समूह के 51,125 हजार रुपए लेकर जा रहे एजेंट से दो बाइक सवार बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर लूट की थी. गुलरिहा के असनहिया के पास हुई लूट में एजेंट से बदमाशों ने सैमसंग का टैब, बैग में रखा बायोमिट्रिक भी छीन लिया था. इस घटना में दोनों बदमाश बिना नंबर की स्पेलंडर प्लस बाइक से गए थे.

### 13 को 6.24 लाख लूटे

इसी तरह गुलरिहा थाना अंतर्गत भटहट स्थित शिव शक्ति गैस एजेंसी के मैनेजर से बैंक में कैश जमा करने जाते समय 13 फरवरी शाम 3.30 बजे के करीब लूट हुई. बिना नंबर की बाइक से आए दो बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर 6.24 लाख रुपए लूट लिए.

### विजय और श्रीकेश मुखबिर

एसएसपी ने बताया कि दोनों ही घटना में शामिल चार बदमाश विजय कुमार भारती, पवन, अनिरुद्ध और श्रीकेश निषाद को पुलिस टीम ने अरेस्ट किया है. एसएसपी ने बताया कि विजय कुमार और श्रीकेशन ने मुखबिरी की थी. अनिरूद्ध और पवन ने दोनों ही जगहों पर लूट की घटना को अंजाम दिया था. एसएसपी ने बताया कि सभी बदमाशों पर पहले से कई मुकदमें दर्ज हैं. इसमे गुलरिहा जैनपुर टोला का विजय कुमार भारती तीन माह पहले ये जेल से छूटा है. जीआरपी विजय को अष्टधातु की तस्करी में अरेस्ट कर चुकी है.

# नर्सिंग होम का संचालक अरेस्ट, डॉक्टर फरार



**i UPDATE**

**सरकारी अस्पताल में तैनात डॉ. मनीष ने किया था गर्भवती का ऑपरेशन**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (19 Feb):** उरुवा में अवैध नर्सिंग होम संचालक और गर्भवती का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है. रविवार को पुलिस ने अवैध नर्सिंग होम का संचालन करने वाले आरोपित को अरेस्ट कर लिया. ऑपरेशन करने वाला डॉक्टर सरकारी अस्पताल का अधीक्षक है. केस दर्ज होने के बाद से ही वह फरार है. पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है.

## शनिवार सुबह हुई मौत

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने रविवार को पुलिस लाइंस में प्रेसवार्ता कर बताया कि चचाईराम के जितेंद्र गौड़ बाहर नौकरी करते हैं. उनकी पत्नी पूजा को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने उरुवा-गोला मार्ग पर केबी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया. जहां ऑपरेशन के बाद शनिवार की सुबह पूजा की मृत्यु हो गई. इस मामले में पूजा के ससुर ने हॉस्पिटल संचालक गोला के मटहरिया निवासी संजय तिवारी व ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर मनीष पांडेय व अज्ञात सहयोगियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कराया है. रविवार की सुबह पुलिस ने हॉस्पिटल संचालक को अरेस्ट कर लिया. ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर मनीष की तलाश चल रही है. छानबीन में पता चला कि उनकी तैनाती स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में है. सीएमओ को इसकी जानकारी दी गई है.

## रास्ता जाम करने पर हरकत में आई पुलिस

प्रसूता की मृत्यु होने के बाद दोपहर दो बजे शव लेकर स्वजन नर्सिंग होम पहुंचे. संचालक व डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग को लेकर उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया. कोई कार्रवाई न होने पर सड़क पर शव रख जाम लगा दिया. पुलिस ने पीड़ित परिवार व रिश्तेदारों पर लाठी चार्ज कर सड़क खाली कराया था. रात में एसएसपी के निर्देश पर आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज किया.

## सीएचसी अधीक्षक है आरोपित डॉक्टर

केबी मेमोरियल हॉस्पिटल उरुवा में महिला का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर डॉ. मनीष पांडेय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनही में बतौर अधीक्षक नियुक्त हैं. अवैध रूप से चल रहे हॉस्पिटल में वह प्राइवेट प्रैक्टिस करते थे.

## पांच अस्पताल व लैब रजिस्टर्ड

उरुवा कस्बे में दो, देबरा में एक, मालहनपार में दो अस्पताल अल्ट्रासाउंड सेंटर व लैब रजिस्टर्ड हैं. इनके अलावा धुरियापार, उरुवा, देबरा, कुई बाजार, मालहनपार क्षेत्र में कई हॉस्पिटल हैं जो बिना लाइसेंस संचालित हो रहे हैं. शनिवार को केबी मेमोरियल हॉस्पिटल में हुई घटना के बाद सभी संचालकों ने अपने सेंटर पर ताला लगा दिया.

# 'समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण करें अधिकारी'

**GORAKHPUR (19 Feb):** सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं. सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता है और सभी के साथ न्याय किया जाएगा. लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें. गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने एक-एक कर सभी लोगों से मुलाकात की. इत्मीनान से उनकी बात सुनी और उनके प्रार्थना पत्र लिए.



### भरोसा दिया, किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं

उन्होंने सभी को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि उनके रहते किसी को चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है. सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी. जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे. सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में एस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें. इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी. लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा. जनता दर्शन में महिलाओं व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की भी खासी भागीदारी रही. इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को सीएम योगी ने प्यार दुलारकर आशीर्वाद दिया. उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट गिफ्ट किया.

### सीएम योगी की पुकार पर दौड़े चले आए गोवंश



जनता दर्शन में जनसेवा से पूर्व सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की. गोशाला में सीएम योगी ने जैसे ही नाम लेकर पुकारा, गोवंश उनके पास दौड़े चले आए. गोवंश उनके इतने समीप आ गए जैसे बच्चे अपने अभिभावक से लिपट जाते हैं. उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और अपने हाथों से गुड़ चना खिलाया.

**300** लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी.

**जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं को सुनने के बाद सीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

# सरकारी काम में बाधा डालने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। सिकरीगंज पुलिस ने रविवार को सरकारी काम में बांधा डालने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। सिकरीगंज थानेदार राजकुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करते समय श्रद्धालुओं से क्षेत्र के महुई गांव निवासी अखिलेश शुक्ला अभद्रता कर रहा था।

# डीजे डांसरों से की मारपीट, दो गिरफ्तार

**कामयाबी**

**बांसगांव,हिन्दुस्तान संवाद।** बांसगांव के माल्हनपार बाजार में चार मनबढ़ युवकों ने एक डीजे डांसर के घर पर चढ़कर कलाकारों की पिटाई कर जानमाल की धमकी देते फरार हो गए। पुलिस ने दो अज्ञात समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया।

मऊ जिले के घोसी थाना क्षेत्र के ग्राम मसिना निवासी बीरू पुत्र लक्षीराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह अपने डांसर कलाकारों प्रिया व रानी के साथ माल्हनपार में संजू डीजे वाले के यहां रहता है।

18 फरवरी की रात 7:30 बजे माल्हनपार निवासी लल्ला पुत्र ऋषिकेश, अमित पुत्र सुधारे अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और गाली गुप्ता देने लगे। मना करने पर पिटाई कर जानमाल की धमकी देते सभी फरार हो गये। पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# बैंक प्रबंधक की गाड़ी में ठोकर मारने वाले पर केस

सहजनवा। पंजाब एंड सिंध बैंक आंचलिक कार्यालय लखनऊ के मुख्य प्रबंधक विनय कुमार ओझा शुक्रवार को बैंक के कार्य से अपने निजी वाहन से गोरखपुर आ रहे थे कि गीडा के पास ट्रक चालक ने उन्हें ठोकर मार दी। इससे प्रबंधक की कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं प्रबंधक को चोट भी लगी। प्रबंधक बाल-बाल बच गए। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को पकड़ लिया है।

# अस्पताल संचालक को दबोचा, डॉक्टर फरार

**फॉलोअप**

- उरुवा बाजार में निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत का मामला
- प्रसूता की मौत के मामले में संचालक और डॉक्टर पर दर्ज हुआ है केस

**गोरखपुर, निज संवाददाता।** ऑपरेशन से डिलेवरी के बाद प्रसूता की मौत के मामले में पुलिस ने रविवार को निजी अस्पताल के संचालक संजय तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। हालांकि इस मामले में आरोपित डॉ. मनीष पाण्डेय की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। डॉक्टर के अवास और उनके रिस्तेदारों के यहां छापेमारी की जा रही है।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि प्रसूता की मौत के मामले में उरुवा बाजार स्थित केबी मेमोरियल अस्पताल के संचालक गोला क्षेत्र के मटहरिया, खिरकिटा निवासी संजय तिवारी और ऑपरेशन करने वाले डॉ. मनीष पाण्डेय व अन्य अज्ञात स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने अवैध ढंग से निजी अस्पताल संचालन करने वाले संजय तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस लगी है।

## बिना पंजीकरण के संचालित हो रहा था अस्पताल

एसएसपी ने बताया कि अस्पताल सीएमओ ऑफिस में पंजीकृत नहीं है। बिना पंजीकरण के ही अवैध ढंग से संचालित किया जा रहा था।

**हरनही सीएचसी पर तैनात है आरोपित डॉक्टर:** अवैध ढंग से संचालित निजी अस्पताल में प्रसूता का ऑपरेशन करने वाला आरोपित डॉक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनही पर तैनात है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि डॉक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए सीएमओ को रिपोर्ट बनाकर भेज दिया गया है।

## यह है मामला

चचाईराम निवासी जितेन्द्र गोंड की 35 वर्षीया पत्नी पूजा को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उरुवा बाजार स्थित केबी मेमोरियल अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉ. मनीष पाण्डेय ने अपने स्टाफ के साथ ऑपरेशन किया।

उसने बेटी को जन्म दिया। शनिवार की सुबह प्रसूता की तबियत खराब होने पर उसे गोखपुर रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि उसकी अस्पताल में ही मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर उरुवा मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। जाम लगाने के बाद सक्रिय हुई पुलिस मामले की जांच शुरू की।

# किशोरी से रेप व अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

चिलुआताल। क्षेत्र की 16 साल की किशोरी को एक 48 वर्षीय व्यक्ति फुसला कर भगा ले गया था। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस अपहरण, रेप और पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर उसकी तलाश में थी। पुलिस ने 24 घंटे में अमजद खान को दबोच लिया।

घोषीपुरवा निवासी अमजद के पास से पुलिस ने किशोरी को भी बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक 17 फरवरी की शाम पांच बजे किशोरी सामान खरीदने घर से निकली थी। वह घर नहीं लौटी तो परिजन तलाश करने लगे। कहीं पता नहीं चलने पर शनिवार को किशोरी की मां ने पुलिस को तहरीर दी।

# शादी में गया था परिवार घर में लाखों की चोरी

खोराबार। इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी के समीप सिंघड़िया निवासी शिवेंद्र यादव के मकान से सोने चांदी के गहने सहित अन्य सामान चोरी हो गया।

शिवेन्द्र यादव 15 फरवरी को अपने माता-पिता, भाई व भाई की पत्नी के साथ अपने गांव हरदिया पिछौरा थाना गीडा भाई की शादी में शामिल होने गए थे। सिंघड़िया स्थित मकान पर शिवेन्द्र की पत्नी मौजूद थी।

# सड़कों पर घूमने वाले हाथियों को खोज रहा वन विभाग




- पशुपालन विभाग भी करेगा सेहत की निगरानी, टीम में सीवीओ शामिल
- शासन के निर्देश मिलने के बाद पशुपालन विभाग हुआ एक्टिव

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चिलुआताल के मोहम्मदपुर माफी में हुई घटना के बाद वन विभाग हाथियों को लेकर संजीदा हुआ है। विभाग सड़कों पर घूम रहे हाथियों की तलाश कर रहा है। इसके लिए सभी क्षेत्र के रेंजर और ऑफिसर को आदेश दे दिए गए हैं। इसकी तस्दीक डीएफओ विकास यादव ने की। उन्होंने बताया कि हाथियों का ब्योरा दर्ज करने का निर्देश शासन की तरफ से मिला था। इस निर्देश का अनुपालन शुरू कर दिया गया है। जिले में पहले से ही 10 हाथी चिह्नित है। उन सभी के घर टीम भेजी जा रही है। इसके अलावा दूसरे जिलों से शहर में आ रहे हाथियों का भी ब्योरा दर्ज करना है। सभी इसमें विभाग के सभी फॉरेस्ट रेंजर और वनरक्षकों को लगाया गया है।

**हाथी के सेहत की निगरानी में शामिल हुआ पशुपालन विभाग :** मोहम्मदपुर माफी में बिदके हाथी के सेहत की निगरानी चल रही है। चौथे दिन इसकी निगरानी के लिए वन विभाग ने पशुपालन विभाग को भी शामिल कर लिया। पशुपालन विभाग के मुख्य पशु चिकित्सा डॉ. बीपी सिंह को हाथियों के निगरानी करने वाले चिकित्सकों के दल में शामिल किया गया है। उनके अलावा डॉ. योगेश प्रताप सिंह, डॉ. गोचलन और डॉ. नासिर अंसारी पहले से ही हाथी की सेहत की जांच कर रहे हैं। बताया जाता है कि इस संदर्भ में शासन से निर्देश जारी हुए थे। जिसके बाद उन्हें इस निगरानी समिति में शामिल किया गया है। यह समिति मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक सुनील चौधरी को रोजाना रिपोर्ट भेजती है। टीम ने रविवार को हाथी के सेहत की जांच की।



विनोद वन में बिदके हाथी का चल रहा इलाज, दर्शकों की एंट्री बंद होने के कारण सुना पड़ा पार्क । ● हिन्दुस्तान

## तीन दिन से आम दर्शकों के लिए बंद है विनोद वन

कुसम्ही बाजार। महानगर का विनोद वन पार्क इन दिनों सूना पड़ा है। तीन दिन से इस पार्क के गेट आम दर्शकों के लिए बंद हैं। तिनकोनिया रेंज के कुसम्ही जंगल में स्थित विनोद वन पार्क मे घूमने आने वाले लोग निराश होकर मुख्य गेट से वापस चले जा रहे है। इसी वन में बिदके हाथी को रखा गया है। यहां उसका इलाज चल रहा है। बीते गुरुवार को चिलुआताल के मोहम्मदपुर माफी में हो रहे यज्ञ के जुलूस के दौरान बिदके हाथी ने तीन लोगों को कुचल दिया था।

# गैस एजेंसी मैनेजर से लूट में चार बदमाश गिरफ्तार

**फॉलोअप**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गुलरिहा इलाके में गैस एजेंसी के मैनेजर से हुई लूट के मामले का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया।

जेल से छूटे बदमाश अपने साथियों संग मिलकर इसे अंजाम दिया था। यही नहीं माइक्रोफाइनेंस कंपनी के मैनेजर से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया। सर्विलांस व सीसी कैमरा फुटेज की मदद से गुलरिहा पुलिस ने लूट में शामिल चार बदमाशों को दबोच लिया।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने रविवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भटहट कस्बे में स्थित शिव शक्ति गैस सर्विस पर बिहारी बुजुर्ग निवासी सुनील पांडेय मैनेजर के पद पर तैनात हैं। 13 को 3:41 बजे एक प्लास्टिक के झोले में 6.24 लाख लेकर बाइक के हैंडिल में टांगकर सुनील बैंक जा रहे थे। एजेंसी से 100 मीटर आगे दलित बस्ती के सामने बिना काले स्पलेंडर से पहुंचे बाइक सवार दो बदमाशों ने असलहा सटाकर रुपयों से भरा झोला लूट लिया।

## सोमवार को भी हुई थी रेकी

गोरखपुर। एसएसपी ने बताया श्रीकेश, विजय कुमार भारती ने अनिरूद्ध निषाद व पवन के साथ मिलकर गैस एजेंसी के पास चाय की दुकान पर लूट के पहले के दो सोमवार को करीब 2 बजे से 4 बजे के बीच बैठकर रेकी की थी।

# पति और उसके दोस्त पर लगाया आरोप

पिपराइच। क्षेत्र के घोड़ा देउर निवासी एक महिला ने पति पर अप्राकृतिक दुष्कर्म और दोस्त के साथ संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। विरोध पर पति ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर दो बच्चों सहित अपनी सुरक्षा की मांग की है।

पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शनिवार की शाम उसका पति नशे में धुत होकर दोस्त के साथ घर पहुंचा। आरोप है कि पति ने दोस्त के साथ सोने के लिए कहा, विरोध पर पिटाई शुरू कर दी। सास, ससुर, देवर और ननद ने भी पिटाई की। घटना की सूचना पर पहुंचे पीड़िता पिता को भी मारपीट घायल कर दिया। इससे पूर्व 2014 में भी पति ने दहेज में एक लाख रुपये की मांग की थी और जलाकर मारने का प्रयास किया था।

# समाधान दिवस पर आज खजनी में रहेंगे डीएम

गोरखपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 20 फरवरी को खजनी में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान जिलास्तरीय अन्य अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी जिला प्रशासन से दी गई है। खजनी तहसील क्षेत्र के रहने वाले लोग समाधान दिवस में अपनी समस्याएं रख सकेंगे।

# बमनाथ हत्याकांड के खुलासे की मांग

गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के कोठा गांव में 10 महीने पहले बमनाथ दूबे (60) की हत्या का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर पाई है। हत्यारोपितों की गिरफ्तारी न होने के कारण पीड़ित परिवार डरा-सहमा हुआ है। पीड़ित परिवार ने रविवार को जनता दरबार में मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर शिकायत की। बमनाथ की पत्नी सुदामा देवी और बड़े पुत्र हरी शंकर दूबे ने मुख्यमंत्री से बताया कि 17 मई को गगहा थाना क्षेत्र के डांगीपार छावनी से बमनाथ को उठाकर हत्या कर दी गई थी। मुख्यमंत्री ने एसएसपी को मामले का जल्द से जल्द खुलासा कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का निर्देश दिया।

# पति पर मारपीट का केस दर्ज कराया

चिलुआताल। चिलुआताल थानाक्षेत्र के मोहरीपुर निवासी एक युवक के खिलाफ उसकी पत्नी ने मारपीट, शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तिवारीपुर के पिपरापुर निवासी रफीक की बेटी उजमा खातून ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मोहरीपुर निवासी इस्माइल खां के साथ 2014 में शादी हुई थी। दोनों को आठ और पांच साल के दो बेटे हैं। चिलुआताल के इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# विवेचना में लापरवाही पर दरोगा हुए निलम्बित

**कार्रवाई**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** तीन साल से लम्बित चल रही जालसाजी के केस की एक विवेचना में लापरवाही सामने आने पर रामगढ़ताल थाने पर तैनात दरोगा को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने रविवार को निलम्बित कर दिया है। विभागीय जांच का भी आदेश दिया है। इससे पहले कैंट थाने के एक दरोगा को भी विवेचना में लापरवाही पर सस्पेंड किया गया था। उस समय ही जिले के अन्य दारोगाओं को एक मैसेज देने की कोशिश थी लेकिन रामगढ़ताल थाने के दरोगा ने इसे नजरअंदाज कर दिया था।

केस दर्ज करने के साथ ही विवेचना का निस्तारण करने का भी जिम्मा भी पुलिस का ही होता है। चार्जशीट या फिर फाइनल रिपोर्ट लगाने के बाद स्थिति साफ हो जाती और आरोपित पर आगे की कार्रवाई तय होती है लेकिन पुलिस के पास अभी कई ऐसी विवेचनाएं हैं जो कई सालों से लम्बित हैं। वह थाने से निकल कर कोर्ट तक पहुंच ही नहीं पा रही हैं। उन्हीं में से एक रामगढ़ताल थाने की जालसाजी से जुड़ी विवेचना है। वर्ष 2020 में जालसाजी का केस दर्ज हुआ था लेकिन आज तक उसका निस्तारण नहीं हुआ।

रामगढ़ताल थाने पर तैनात दरोगा देवेन्द्र सिंह यादव के पास वर्तमान में यह विवेचना थी। लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण का एसएसपी ने निर्देश दिया था। जब रामगढ़ताल थाने की यह विवेचना लम्बित मिली तो एसएसपी ने दरोगा देवेन्द्र सिंह यादव को रविवार को तत्काल प्रभार से निलम्बित कर दिया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि दरोगा को विवेचनात्मक कार्यों में लापरवाही बरतने, कर्तव्य के प्रति उदासीनता व गैर जिम्मेदाराना रवैया बरतने के आरोप में निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया गया है।

## कैंट के दरोगा को भी किया था निलम्बित

गोरखपुर। कैंट थाने में तैनात दरोगा चंदन को पिछले दिनों विवेचना में लापरवाही के आरोप में एसएसपी ने निलंबित किया था। उस समय भी यह मैसेज दिया गया था कि बाकी लोग अपनी विवेचना का जल्द से जल्द निस्तारण कर लें।

# मनबढ़ों ने घर में घुसकर पीटा, केस

बांसगांव। भूमि विवाद को लेकर मनबढ़ों ने घर में घुसकर पड़ोसी को न केवल मारापीटा बल्कि एक महिला से बदसलूकी भी की। पुलिस ने एक महिला समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भुसवल निवासी प्रदीप साहनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि अपने हिस्से की जमीन मांगने पर उसके भाई व पिता उसे नहीं दे रहे हैं। इससे नाराज होकर दिलीप साहनी, पार्वती, रोशन, सुजई तथा कुलई 18 फरवरी की शाम गाली गुप्ता देते घर में घुस आये। मना करने पर सभी लोगों ने पिटाई करने के साथ ही पुत्री के साथ अश्लीलता भी की। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रॉपर्टी डीलर मनीष की पत्नी ने लगाए तीन नए आरोप, सीबीआई कर रही मामले की जांच

# पत्नी मीनाक्षी के आरोप-छह नहीं सात लोगों ने मारा था मनीष को




गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कानपुर के प्रॉपर्टी डीलर मनीष गुप्ता हत्याकांड में उनकी पत्नी मीनाक्षी के तीन नए आरोपों ने एक बार फिर सनसनी फैला दी है। मीनाक्षी ने छह नहीं सात पुलिसवालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मनीष के हाथ से सोने की ब्रेसलेट और जेब से 85 हजार रुपये लूटने के साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी सवाल उठाया है। केस दर्ज करने के दौरान डीएम-एसएसपी द्वारा धमकाने का भी आरोप है। चार्जशीट दाखिल कर चुकी सीबीआई ने नए आरोपों की भी जांच शुरू कर दी है।

मीनाक्षी की तहरीर पर छह पुलिसवालों पर हत्या का केस दर्ज हुआ था। सीबीआई ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी थी। कोर्ट द्वारा ट्रायल की तैयारी के बीच मीनाक्षी के तीन नए आरोप सामने आ गए। मीनाक्षी ने सीबीआई को तीन अलग-अलग प्रार्थनापत्र देकर इसकी जांच की मांग की है। इन्हीं आरोपों की जांच के सिलसिले में पिछले दिनों सीबीआई टीम गोरखपुर आई थी। संबंधितों के बयान के साथ अन्य जानकारी जुटा लौट गए। सूत्रों के मुताबिक अभी तक जांच में सीबीआई को इन आरोपों से जुड़े कोई सबूत नहीं मिले हैं।

## नए आरोपों से सनसनी

### छह नहीं वारदात में छह पुलिसकर्मी थे शामिल

मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी गुप्ता का **1** पहला आरोप है कि घटना में छह नहीं सात पुलिसकर्मी शामिल थे। हत्या के वक्त मीनाक्षी ने रामगढ़ताल थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर जेएन सिंह समेत छह अन्य पुलिसवालों पर मुकदमा दर्ज कराया था। सीसीटीवी में एक और वर्दीधारी होटल पर मौजूद मिला, जिसके बाद उन्होंने सात पुलिसवालों के शामिल होने का दावा किया। जांच में पता चला कि वह थाने पर तैनात होमगार्ड है। घटना के बाद इंस्पेक्टर ने मनीष को अस्पताल ले जाने के लिए उसे बुलाया था। सीबीआई ने उससे पूछताछ की और बयान दर्ज किया। अन्य गवाहों से भी सीबीआई ने इस मामले में पूछताछ की।

### पुलिसवालों ने दबाया था मनीष का गला!

मीनाक्षी का तीसरा प्रार्थनापत्र **2** पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर है। मनीष के शव की फोटो के आधार पर वह गले पर निशान दिखते हुए गला दबाने का भी जिक्र कर रही हैं। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले पर चोट नहीं है, इसलिए मीनाक्षी उस पर भी सवाल उठा रही हैं। सीबीआई ने इस बारे में भी डॉक्टरों से बात की। यही नहीं, तत्कालीन डीएम और एसएसपी पर उन्होंने धमकी का भी आरोप लगाया है। घटना के वक्त मौजूद लोगों का सीबीआई ने इस मामले में बयान दर्ज किया। उस समय के वीडियो भी चेक किए।

### ब्रेसलेट व 85 हजार कैश गायब कर दिया

दूसरे प्रार्थनापत्र में मीनाक्षी की शिकायत है कि घटना के वक्त मनीष के हाथ में **3** सोने की ब्रेसलेट और जेब में 85 हजार रुपये कैश था। घटना के वक्त मानसिक रूप से परेशान होने की वजह से वह केस में इन सब बातों का जिक्र नहीं कर पाई थीं। मीनाक्षी घटना के दिन भी यह बात लगातार कह रही थीं। उन्होंने मनीष की होटल के कमरे की एक फोटो भी उपलब्ध कराई है, जिसमें मनीष के हाथों में कुछ दिख रहा है। इसका घटना के बाद अब तक कुछ भी पता नहीं चल सका। सीबीआई की जांच में पता चला कि हाथ में जो दिख रहा है, वह रक्षासूत्र था। पंचनामा के दौरान भी पुलिस ने इसका जिक्र किया है। पंचनामे पर मनीष की पत्नी के हस्ताक्षर भी हैं।

**06** पुलिसकर्मियों पर पहले मनीष की पत्नी ने दर्ज कराया था मुकदमा

**03** अलग-अलग प्रार्थना पत्र सीबीआई को दिए हैं मीनाक्षी ने, जांच की मांग

### 27 सितंबर, 2021 की रात हुई थी हत्या

मनीष गुप्ता की रामगढ़ताल इलाके के होटल कृष्णा पैलेस में 27 सितंबर की रात पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। मनीष की पत्नी ने रामगढ़ताल थाने पर तैनात इंस्पेक्टर जगत नारायण, दरोगा अक्षय मिश्र, राहुल दुबे, विजय यादव, कॉन्स्टेबल कमलेश यादव और आरक्षी प्रशांत सहित छह पर हत्या का केस दर्ज कराया है।

### हाईकोर्ट में 3 मार्च को होनी है मामले की सुनवाई

2 नवंबर 2021 को सीबीआई ने जांच शुरू की। 7 जनवरी, 2022 को चार्जशीट दाखिल की, इंस्पेक्टर जगत नारायण को छोड़ अन्य के खिलाफ हत्या की धारा हटा दी। सीबीआई सभी पुलिस वालों पर हत्या नहीं साबित कर सकी। इसके खिलाफ मीनाक्षी हाईकोर्ट गई तो 1 फरवरी 2023 को हाईकोर्ट ने स्टे दे दिया। सुनवाई के लिए 3 मार्च की तारीख तय की गई है।

# गोली चलने की झूठी सूचना पर हलकान रही पुलिस

- खोराबार क्षेत्र के मटिया बुजुर्ग निवासी दीपक यादव ने दी थी सूचना
- पुलिस की जांच-पड़ताल में आपसी विवाद का मामला सामने आया

जगदीशपुर/चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। खोराबार थानाक्षेत्र के एक युवक पर गोली चलाने की झूठी सूचना से खोराबार पुलिस हलकान रही। बाद में पता चला कि मारपीट की घटना हुई थी और हवाई फायरिंग की सूचना दी गई।

खोराबार थाना क्षेत्र के मठिया बुजुर्ग निवासी दीपक यादव ने रविवार शाम 6.30 बजे 112 नंबर पर सूचना देकर बताया कि मलमलिया गांव के राजन ने कट्टे से फायर कर उसकी जान लेने की कोशिश की है। मामले की जांच के लिए पहुंची पुलिस ने जब दीपक से संपर्क किया तो पता चला की दोनों का आपस में झगड़ा है। सुबह भी इन दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। जब पुलिस ने झगड़े को गोली चलने की झूठी सूचना देने का कारण जानने की कोशश की तो तो दीपक ने एक पुराने वीडियो के आधार पर राजन पर आरोप लगाया।

इसमें राजन एक कट्टे के साथ वीडियो में है। पुलिस राजन के घर पर छापा मारकर पकड़ने प्रयास किया। राजन अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है । खोराबार पुलिस दीपक से इस मामले में अभी पूछताछ कर रही है।

# विदेश भेजने के नाम पर तीन लाख ठगे

## जालसाज ने 31 लोगों से की ठगी, मुकदमा दर्ज कर पुलिस कर रही जांच

**जासं, उरुवा बाजार** : बेलघाट थाना क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर जालसाज ने 31 लोगों से तीन लाख रुपये की ठगी कर ली। रविवार को एक पीड़ित की तहरीर पर पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

गोधना के रहने वाले भरत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि गोला थाना के ग्राम बाड़ी तरया निवासी बबलू विश्वकर्मा ने 31 लोगों से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर आनलाइन तीन लाख दस हजार रुपये ले लिए। आठ माह बीत जाने के बाद पैसे वापस मांगा गया तो नहीं दिया। दबाव बनाने पर सुलह करते हुए किस्त के रूप में 40-40 हजार रुपये देने की बात कही। बावजूद इसके अभी तक एक रुपये नहीं दिया। आरोपित ने अवधेश, रामअचल, पप्पूलाल, राधेश्याम, संतोष का पासपोर्ट भी रख लिया है। थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### युवती को भगा ले जाने पर मुकदमा दर्ज

जासं, सहजनवां : थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को भगाने के आरोप में पुलिस ने रविवार को एक युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। युवती की मां ने तहरीर में बताया है कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री को शमशेर उर्फ एलेन भगा ले गया। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### मनबढ़ों ने घर में घुसकर पीटा, मुकदमा

जासं, बांसगांव : भूमि विवाद में मनबढ़ों ने घर में घुसकर पड़ोसी को मारपीट कर घायल कर दिया और महिला के साथ छेड़खानी की। ग्राम भुसवल निवासी प्रदीप साहनी की तहरीर पर पुलिस पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है। प्रदीप ने तहरीर में बताया है कि वह भाई और पिता से अपने हिस्से की भूमि मांग रहे हैं। शनिवार को नाराज होकर दिलीप साहनी, पार्वती, रोशन, सुजई व कुलई गाली देते घर में घुसकर मारने-पीटने लगे।

### दरवाजे पर खड़ी पिकअप चोरी

जासं, हाटा बाजार : गगहा थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी विनोद साहनी के दरवाजे पर खड़ी पिकअप शनिवार की रात चोरी हो गयी। पीड़ित ने रविवार की सुबह पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जेल से छूटे बदमाश ने साथियों संग की थी लूट

## चार गिरफ्तार, गुलरिहा क्षेत्र में गैस एजेंसी व फाइनेंस कंपनी के मैनेजर संग हुई थी वारदात

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : जेल से छूटे बदमाश ने अपने साथियों संग मिलकर गैस एजेंसी व फाइनेंस कंपनी के मैनेजर से लूट की थी। सर्विलांस व सीसी कैमरा फुटेज की मदद से गुलरिहा थाना पुलिस ने रविवार की सुबह सरगना समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से लूट के 6.19 लाख रुपये, चोरी की चार बाइक, टैबलेट, बैग, चेकबुक व अन्य सामान मिले। दोपहर बाद आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने रविवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भटहट कस्बे में स्थित शिव शक्ति गैस सर्विस पर खजनी थाना क्षेत्र के बिहारी बुजुर्ग निवासी सुनील पांडेय मैनेजर के पद पर तैनात हैं। 13 फरवरी की दोपहर बाद 3:41 बजे एक प्लास्टिक के झोले में 6.24 लाख रुपये लेकर बाइक से कस्बे में स्थित इंडियन बैंक की शाखा में जमा करने जा रहे थे। एजेंसी से 100 मीटर आगे दलित बस्ती के सामने बिना नंबर प्लेट के काले स्पलेंडर से पहुंचे बाइक सवार दो बदमाशों ने असलहा सटाकर रुपये से भरा झोला लूट लिया। इससे पहले एक फरवरी को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से असनहिया पुल के पास बाइक सवार बदमाशों ने 51 हजार रुपये व टैबलेट लूट लिए थे।

दोनों घटना स्थल के पास मिले सीसी कैमरा फुटेज को चेक करने पर पता चला कि एक ही गिरोह ने वारदात की है। सर्विलांस व फुटेज की मदद से रविवार की सुबह गुलरिहा थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने क्षेत्र के जैनपुर टोला रामनगर निवासी विजय भारती, इसी गांव के महुआ टोला निवासी श्रीकेश निषाद, ठाकुरपुर नंबर दो टोला बोहा निवासी अनिरुद्ध और चिलुआताल के गुरुनगर निवासी पवन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि विजय भारती गिरोह का सरगना है। दो माह पहले जेल से छूटने के बाद गैस एजेंसी के पूर्व कर्मचारी व अपने गांव के श्रीकेश के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। श्रीकेश की मुखबिरी पर पवन व अनिरुद्ध ने वारदात को अंजाम दिया था। एसएसपी ने बताया कि घटना का पर्दाफाश करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम दिया गया।



पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर (दाएं से दूसरे) ● जागरण

### दो माह से गैस एजेंसी की कर रहे थे रेकी

एसपी/सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक ने बताया कि एजेंसी के मैनेजर से लूट करने के लिए बदमाश दो माह से रेकी कर रहे थे। जैनपुर निवासी विजय अपने गांव के श्रीकेश के साथ हर सोमवार को रेकी करने एजेंसी पर आता था। 13 फरवरी को मौका मिलते ही साथियों को मिस्ड काल कर अलर्ट कर दिया। पहले से चौकन्ने बदमाशों ने मैनेजर के निकलते ही पीछा करके रुपये से भरा झोला छीन लिया।

### हटा देते थे नंबर प्लेट

लूट करने से पहले बदमाश अपनी बाइक की नंबर प्लेट खोल लेते थे। घटना के बाद भागते समय सुनसान स्थान पर फिर से बाइक में नंबर प्लेट लगा लेते थे। गैस एजेंसी संचालक व फाइनेंस कंपनी के मैनेजर के साथ लूट करने के बाद उन्होंने ऐसा किया था।

### बंद थे त्रिनेत्र के कैमरे

आपरेशन त्रिनेत्र के तहत भटहट कस्बे में लगे सीसी कैमरे आठ फरवरी से बंद थे। घटना के बाद पुलिस ने छानबीन की तो कोई फुटेज नहीं मिला, जबकि कस्बे में कैमरे लगाते समय बताया गया था कि सभी कैमरे इंटरनेट से जुड़े रहेंगे। तीन दिन तक बिजली कटने पर भी यूपीएस से चलेंगे।

### मालिक के आरोप से गुमराह नहीं हुई पुलिस

वारदात के बाद गैस एजेंसी के मालिक भास्कर दत्त पांडेय ने गुलरिहा थाना पुलिस को तहरीर देकर मैनेजर व एक अन्य व्यक्ति पर रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। जांच में लूट की पुष्टि होने पर एसएसपी ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छह टीमें गठित कर दीं। सर्विलांस व फुटेज की मदद से जांच आगे बढ़ी तो पुलिस बदमाशों तक पहुंच गई।

## कार सवार मनबढ़ों ने गेटमैन को पीटा, मुकदमा दर्ज

**मुंडेरा बाजार** : मुंडेरा व भोपा बाजार के बीच स्थित रेलवे क्रासिंग पर रविवार की सुबह कार सवार मनबढ़ों ने गेटमैन की पिटाई कर दी। गेटमैन ने घटना की जानकारी स्टेशन अधीक्षक व रेलवे सुरक्षा बल को दी है। रेलवे क्रासिंग पर शनिवार की शाम छह बजे से ड्यूटी कर रहे गेटमैन हंस कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह चार बजे मालगाड़ी को पास कराने के लिए गेट बंद था। इसी बीच एक चार पहिया वाहन से आए युवकों ने गाली देते हुए गेट खोलने का दबाव बनाने लगे। नाराज कार सवार युवकों ने पिटाई कर दी। आरपीएफ इंस्पेक्टर मनभरन ने बताया कि गेटमैन की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। (जासं)

## किशोरी को भगाने पर केस

**झंगहा** : थाना क्षेत्र की एक किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने रविवार को आरोपित मुकेश उर्फ झब्बर के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी की मां ने आरोप लगाया है कि पुत्री की जानकारी के लिए आरोपित के मोबाइल पर फोन करने पर वह किशोरी की हत्या करने की धमकी दे रहा है। (जासं)

# सात पुलिसकर्मियों ने की थी पति की गला दबाकर हत्या : मीनाक्षी

**मनीष गुप्ता हत्याकांड**



- गोरखपुर के रामगढ़ताल में कानपुर के प्राप्टी डीलर की हत्या मामले में पत्नी ने लगाए नए आरोप
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर उठाए सवाल मनीष की ब्रेसलेट और 85 हजार नकदी लूटने की भी कही बात

**जासं, कानपुर/गोरखपुर** : गोरखपुर के रामगढ़ताल स्थित होटल में कानपुर के प्रापर्टी डीलर मनीष गुप्ता हत्याकांड में सीबीआइ के चार्जशीट दाखिल करने के बाद उनकी पत्नी मीनाक्षी गुप्ता ने नए आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि छह नहीं बल्कि सात पुलिसकर्मियों ने मिलकर मनीष की हत्या की थी। नए आरोप सामने आने के बाद सीबीआइ ने अब नए सिरे से मामले की जांच शुरू की है। सीबीआइ आरोपों से जुड़े तथ्यों को खंगालने में जुटी है।

बीते 27 सितंबर 2021 को गोरखपुर के रामगढ़ताल के तारामंडल स्थित होटल में बर्रा-5 निवासी प्रापर्टी डीलर मनीष गुप्ता की पुलिसकर्मियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। 29 सितंबर को मनीष की पत्नी मीनाक्षी की तहरीर पर तीन नामजद समेत छह पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में गठित एसआइटी ने 10 अक्टूबर, 2021 को निलंबित हुए थानेदार जगत नारायण सिंह, दारोगा अक्षय मिश्रा को जेल भेजा था। छह दिन के भीतर अन्य आरोपित दारोगा विजय यादव, राहुल दुबे, मुख्य आरक्षी कमलेश यादव व आरक्षी प्रशांत की भी गिरफ्तारी करके जेल भेजा गया था। इसके बाद दो नवंबर 2021 को सीबीआइ ने मामले की जांच शुरू की थी। सात जनवरी 2022 को सीबीआइ ने लखनऊ की विशेष कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। दो दिन बाद हत्यारोपित पुलिसकर्मियों पर आरोप तय हुए थे। 10 जनवरी 2023 को पांच आरोपित पुलिसकर्मी जमानत पर जेल से रिहा हो गए थे। अब मनीष की पत्नी मीनाक्षी गुप्ता ने नए आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि छह नहीं सात पुलिसकर्मियों ने पति की गला दबाकर हत्या की थी। इतना ही नहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी उन्होंने सवाल उठाए, उन्होंने पति के हाथ से सोने का ब्रेसलेट और 85 हजार की नकदी लूटने, रिपोर्ट दर्ज कराने के दौरान वहां के डीएम और एसएसपी पर धमकाने का भी आरोप लगाया है।

मीनाक्षी गुप्ता के अधिवक्ता केके शुक्ला का कहना है कि मीनाक्षी के नए आरोपों के आधार पर सीबीआइ की टीम ने नए सिरे से जांच शुरू की है। आरोपों के आधार पर तथ्य और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### 14 फरवरी को बीआरडी मेडिकल कालेज आई थी सीबीआइ

14 फरवरी की दोपहर 12.30 बजे सीबीआइ की टीम लखनऊ से बीआरडी मेडिकल कालेज पहुंची थी। 27 सितंबर 2021 की रात को हुई घटना के समय ड्यूटी पर रहने वाले आकस्मिक चिकित्साधिकारी डा. एके श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट एसपी चौधरी, रेजिडेंट और वार्ड ब्वाय को फोन कर मेडिकल कालेज बुलाया। बंद कमरे में इन लोगों से टीम ने साढ़े चार घंटे तक टीम ने पूछताछ की। सीबीआइ ने इएमओ व अन्य लोगों से पूछा कि घटना के बाद नेहरू चिकित्सालय में जब मनीष गुप्ता को ले जाया गया था तो वहां क्या-क्या हुआ था? पहले दर्ज हुए बयान से आज दिए गए बयान को मिलाया भी। पूछताछ के बाद शाम पांच बजे नेहरू चिकित्सालय से निकली सीबीआइ की टीम लखनऊ रवाना हुई थी।

# पूर्व प्रधान, पति समेत तीन पर इनाम

**जासं. गोरखपुर :** जालसाजी कर शौचालय मद के रुपये गबन करने की आरोपित पूर्व प्रधान, उनके पति पर एसएसपी ने 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। गुलरिहा थाना पुलिस आठ माह से दोनों की तलाश कर रही है। इसके अलावा पिपराइच क्षेत्र में हुई चोरी के मुकदमे में वांछित गोपालगंज जिले के रहने वाले युवक पर भी एसएसपी ने 10 हजार का इनाम घोषित किया है।

गुलरिहा के करमहां बुजुर्ग गांव की पूर्व प्रधान गुड्डी देवी व पति मनोज मोदनवाल पर शौचालय बनवाने के नाम पर 11.68 लाख रुपये गबन करने का आरोप था। जांच में पुष्टि होने पर 28 मई, 2022 को भटहट ब्लाक के तत्कालीन सहायक विकास अधिकारी सुनील यादव ने गुड्डी देवी व पति मनोज मोदनवाल और सहयोगी इंडियन बैंक के कर्मचारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। उसके बाद से ही दोनों फरार चल रहे हैं। वहीं, पिपराइच थाने में दर्ज चोरी के मुकदमे में गोपालगंज (बिहार) के उचका गांव, नवादा परसौनी निवासी राजू खान उर्फ अब्दुल फरार चल रहा है।

एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि गुलरिहा व पिपराइच थानेदार की रिपोर्ट पर फरार चल रहे आरोपितों पर इनाम घोषित किया गया है।

# दुधवा नेशनल पार्क भेजा जा सकता है हाथी, की जा रही निगरानी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बिदके हाथी गंगा राम का उपचार विनोद वन में चल रहा है। वन विभाग के सहजनवा रेंजर दिनेश कुमार चौरसिया की मानें तो दो माह तक हाथी की निगरानी की जाएगी। सुधार नहीं होने पर उसे लखीमपुर खीरी स्थित दुधवा नेशनल पार्क ले जाकर छोड़ दिया जाएगा। उधर, डीएफओ विकास यादव ने बताया कि चिलुआताल क्षेत्र के मुहम्मदपुर माफी गांव में हाथी के कुचलने से तीन लोगों की मौत प्रकरण की जांच चल रही है। इसके लिए अलग-अलग टीम बनाकर जांच की जा रही है। महावत मुस्तफा को भी साथ में रखा गया है।

मोहम्मदपुर माफी में बिदके हाथी की सेहत की निगरानी में वन विभाग ने पशुपालन विभाग को भी शामिल कर लिया है। पशुपालन विभाग के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.बीपी सिंह, डा.योगेश प्रताप सिंह, डा.गोचलन और डा.नासिर अंसारी हाथी की सेहत की जांच कर रहे हैं।



हाथी गंगा राम ● जागरण

- **दो माह तक निगरानी में नहीं दिखा सुधार तो उठाया जाएगा कदम**
- **हाथी जब तक रहेगा दर्शकों के लिए बंद रहेगा विनोद वन**

**दर्शकों के लिए बंद है विनोद वन :** यज्ञ के जुलुस में बिदके हाथी को तिनकोनिया रेंज के कुसम्ही जंगल स्थित विनोद वन में रखकर उपचार किया जा रहा है। इसके चलते 17 फरवरी से ही विनोद वन दर्शकों के लिए बंद है। यहां घूमने आने वाले लोग निराश होकर लौट जा रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी का कहना है कि जब तक हाथी यहां रहेगा, दर्शकों के लिए पार्क बंद रखा जाएगा।

### नए सर्वे में अब तक सामने आए 13 हाथी

**जासं, गोरखपुर :** वन विभाग जिले में हाथी को लेकर सर्वे में जुटा है। इस सर्वे में पूर्व के सापेक्ष हाथियों की संख्या बढ़ी मिली है। यह संख्या और भी अधिक हो सकती है, क्योंकि अभी सर्वे कार्य जारी है। मोहम्मदपुर माफी में हाथी गंगा राम द्वारा तीन लोगों की जान लेने के बाद वन विभाग जिले में पलने वाले हाथियों की संख्या नहीं बता सका था। तब सामने आया था कि विभाग के पास इसका रिकार्ड नहीं है। विभाग के पास वर्ष 2018 के सर्वे का रिकार्ड मिला। विभाग नए सिरे से सर्वे करा रहा है। सूत्रों की मानें तो सर्वे में अभी तक 13 लोगों के पास हाथी होने की रिपोर्ट तैयार हुई है। सर्वे कार्य पूरा होने के बाद उम्मीद है कि शासन से भी हाथी रखने पर नियमों को लेकर सरकारी निर्देश जारी हो सकते हैं। डीएफओ के अनुसार बिना लाइसेंस के कोई हाथी नहीं रख सकता है। बावजूद इसके जिले के कुछ लोग हाथी रखे हुए हैं। इसका प्रमाण तो अभी विभाग के पास नहीं है। वर्ष 2018 के सर्वे में जिले के आठ लोगों ने हाथी रखा था। फिर से सर्वे कराया जा रहा है।

### पूरा गांव था शामिल, किस पर कराएं कार्रवाई

मोहम्मदपुर माफी में हाथी के बिदकने से हुई मृत्यु पर स्वजन अभी ब्रह्मभोज की तैयारी में जुटे हैं। मृतका कौशल्या के पति दिलीप मद्धेशिया का कहना है कि दुख का पहाड़ टूटा है। हर कोई सदमे में है। कार्रवाई किसके ऊपर की जाए, जब कार्यक्रम में पूरा गांव शामिल था। मृतका कांति के पुत्र अनूप शंकर उपाध्याय ने कहा कि अभी परिवार के लोग ब्रह्मभोज की तैयार में जुटे हैं। किसी प्रकार की कार्रवाई के लिए उसके बाद स्वजन से बातचीत कर तय किया जायेगा।

# पति के विरुद्ध मारपीट व उत्पीड़न का मुकदमा

**जासं, चिलुआताल** : थाना क्षेत्र के मोहरीपुर निवासी इस्माइल खां के विरुद्ध उनकी पत्नी ने तहरीर देकर मारपीट व उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। तिवारीपुर थाना के पिपरापुर मायके में रह रही महिला उजमा खातून ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 2014 में इस्माइल खां से हुई थी। पांच और आठ वर्ष के दो पुत्र हैं। शादी के बाद से पति मारपीट कर मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न कर रहे थे। मजबूर में बच्चों के साथ मायके में रहना पड़ रहा है। थाना प्रभारी जयंत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अवैध नर्सिंग होम का संचालक गिरफ्तार, डाक्टर फरार

- **सरकारी अस्पताल में तैनात डा.मनीष ने किया था गर्भवती का आपरेशन**
- **पुलिस ने आरोपितों पर दर्ज किया है गैर इरादतन हत्या का मुकदमा**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : उरुवा में अवैध नर्सिंग होम संचालक और गर्भवती का आपरेशन करने वाले डाक्टर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। रविवार को पुलिस ने अवैध नर्सिंग होम का संचालन करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आपरेशन करने वाला डाक्टर सरकारी अस्पताल का अधीक्षक है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने रविवार को पुलिस लाइंस में प्रेसवार्ता कर बताया कि चचाईराम के जितेंद्र गौड़ बाहर नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी पूजा को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा होने पर स्वजन ने उरुवां-गोला मार्ग पर केबी मेमोरियल हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां आपरेशन के बाद शनिवार की सुबह पूजा की मृत्यु हो गई। इस मामले में पूजा के ससुर ने हास्पिटल संचालक गोला के मटहरिया निवासी संजय तिवारी व आपरेशन करने वाले डाक्टर मनीष पांडेय व अज्ञात सहयोगियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। रविवार की सुबह पुलिस ने हास्पिटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया। आपरेशन करने वाले डाक्टर मनीष की तलाश चल रही है। छानबीन में पता चला कि उनकी तैनाती स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में है। सीएमओ को इसकी जानकारी दी गई है।




पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ● जागरण

> डाक्टर के खिलाफ शासन से कठोरतम कार्रवाई करने की संस्तुति की गई है। साथ ही जांच टीम बना दी गई है। टीम में क्षेत्र के एसीएमओ डा. नंदलाल कुशवाहा, नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डा. एके सिंह व सीएचसी उरुवा के अधीक्षक डा. जेपी तिवारी को शामिल किया गया है। उनकी रिपोर्ट पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल को सील कर दिया गया है।
>
> **डा. आशुतोष कुमार दुबे**, सीएमओ

**रास्ता जाम करने पर हरकत में आई पुलिस** : प्रसूता की मृत्यु होने के बाद दोपहर दो बजे शव लेकर स्वजन नर्सिंग होम पहुंचे। संचालक व डाक्टर पर कार्रवाई की मांग को लेकर उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। कोई कार्रवाई न होने पर सड़क पर शव रख जाम लगा दिया। पुलिस ने पीड़ित परिवार व रिश्तेदारों पर लाठी चार्ज कर सड़क खाली कराया था। रात में एसएसपी के निर्देश पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

**सीएचसी अधीक्षक है आरोपित डाक्टर** : केबी मेमोरियल हास्पिटल उरुवा में महिला का आपरेशन करने वाले डाक्टर डा.मनीष पांडेय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनही में बतौर अधीक्षक नियुक्त हैं। अवैध रूप से चल रहे हास्पिटल में वह प्राइवेट प्रैक्टिस करते थे।

### पांच अस्पताल व लैब पंजीकृत

उरुवा कस्बे में दो, ढेबरा में एक, माल्हनपार में दो अस्पताल अल्ट्रासाउंड सेंटर व लैब पंजीकृत हैं। इनके अलावा धुरियापार, उरुवा, ढेबरा, कुई बाजार, माल्हनपार क्षेत्र में कई हास्पिटल हैं जो बिना लाइसेंस संचालित हो रहे हैं। शनिवार को केबी मेमोरियल हास्पिटल में हुई घटना के बाद सभी संचालकों ने अपने सेंटर पर ताला लगा दिया।

# जनसमस्याओं को प्राथमिकता दें अफसर तत्काल करें समाधान : मुख्यमंत्री योगी

**जासं, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनसमस्याओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता दिखाएं। उनका समाधान प्राथमिकता के साथ तत्काल सुनिश्चित करें। प्रत्येक नागरिक की समस्या का निस्तारण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के दौरान नसीहत भरा यह निर्देश अधिकारियों को दे रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए आश्वस्त किया। लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री ने अधिकारियों

- **गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान सीएम ने सुनीं समस्याएं**

को इस निर्देश के साथ दिया कि उनका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में आए लोगों के पास खुद गए और उनकी बातें सुनीं। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह आर्थिक मदद की औपचारिकता पूरी करने में लोगों की मदद करें। समस्या समाधान की उम्मीद लेकर जनता दर्शन में आने वालों में सर्वाधिक संख्या महिलाओं की रही। महिलाओं के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री दुलारा और चाकलेट दी।

## नाम से पुकारा तो दौड़ी चली आईं गायें

जनता दर्शन में जनसेवा से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। नियमित पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री गोशाला पहुंचे। उन्होंने जैसे ही गायों को नाम से पुकारा वह दौड़ी चली आईं। मुख्यमंत्री ने उन्हें बच्चों की तरह दुलारा और अपने हाथ से गुड़-चना खिलाया।

## गुरु चरणों में नवाया शीश

मुख्यमंत्री आवास से निकलने के बाद गुरु गोरक्षनाथ मंदिर पहुंचे और उनके चरणों में शीश नवाया। इसी क्रम में अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर उनका भी आशीर्वाद लिया।

---

**विकास** 17.10 करोड़ की लागत से बनाया गया जिले का सबसे आधुनिक थाना

# गोरखनाथ थाने का भवन बनकर तैयार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोरखपुर।** गोरखनाथ थाने का नया भवन बनकर तैयार हो गया है। 17.10 करोड़ रुपये की लागत से बना यह भवन जिले का सबसे आधुनिक थाना है। लोक निर्माण विभाग इसी महीने इसे पुलिस विभाग को सौंप देगा।

जिले का सबसे आधुनिक गोरखनाथ थाना भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड डिवीजन ने कराया है। 10 हजार स्क्वायर फिट में बने इस भवन का निर्माण कार्य मार्च 2021 में शुरू किया गया था।

इसे फरवरी 2023 तक पूरा कर लेना है। इस भवन को बेसमेंट से



गोरखनाथ थाने का नवनिर्मित भवन। संवाद

लेकर पांच मंजिला बनाया जा रहा है। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त है।

थाने में महिला-पुरुष लॉकअप के साथ मीटिंग हॉल बनाया गया है। इसके अलावा कांस्टेबलों के लिए बैरक का भी निर्माण कराया गया है। लोक निर्माण विभाग के मुताबिक, इस तरह का थाना भवन पूर्वांचल में कहीं नहीं है।

इस भवन के निर्माण में इस बात का ध्यान रखा गया है कि पुलिस के लिए भवन में जिस प्रकार की सुविधाएं जरूरी हैं, वह मिलें। अब इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

*गोरखनाथ थाने का भवन बनकर तैयार हो गया है। इसी महीने इसे पुलिस विभाग को सौंप दिया जाएगा। इस तरह का थाना भवन अब तक पूर्वांचल में नहीं है।*

***-अनिल कुमार,** अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड*

# खलासी की मौत के मामले में केस दर्ज

हरपुर बुदहट। बीते 23 जनवरी को सड़क हादसे में खलासी की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात जीप चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, खजनी के छताई निवासी अमिता ने तहरीर देकर बताया कि पति सुनील चौहान खलासी थे। 23 जनवरी को ट्रक चालक हरिराम प्रजापति के साथ ट्रक से संतकबीरनगर सामान लेने जा रहे थे। सोनबरसा के पास ट्रक से आवाज आने लगी तो उसे खड़ा करके पति नीचे उतरे और ट्रक के नीचे देख रहे थे। इसी दौरान पीछे से बोलेरो ने ठोकर मार दी। ब्यूरो

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

चिलुआताल (गोरखपुर)। चिलुआताल पुलिस ने रविवार को बहला-फुसला कर किशोरी को भगा ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जांच में पता चला है कि 16 वर्षीय किशोरी को 48 वर्षीय आरोपी भगा ले गया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान नकहा नंबर एक घोषीपुरवा निवासी अमजद खान के रूप में हुई है। बरगदवां चौकी प्रभारी विरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 17 फरवरी को किशोरी घर से शाम पांच बजे निकली थी। फिर नहीं लौटी।

परिजनों ने तलाश करने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को मुक्त करा लिया गया। किशोरी के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दो साल से उसका प्रेम संबंध किशोरी से है। ब्यूरो

# मनीष हत्याकांड : नए आरोपों की जांच शुरू

## पत्नी मीनाक्षी ने कहा, सात पुलिसवालों ने की थी पति की हत्या

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** कानपुर के व्यापारी मनीष गुप्ता हत्याकांड में पत्नी मीनाक्षी गुप्ता ने नए आरोप लगाए हैं। इन आरोप की जांच सीबीआई ने शुरू कर दी है। खबर है कि हाल के दिनों में इसी की जांच के सिलसिले में सीबीआई की टीम गोरखपुर आई थी।

पत्नी मीनाक्षी का आरोप है कि मनीष की हत्या में छह नहीं बल्कि सात पुलिसकर्मी शामिल थे। उन्होंने यह भी कहा है कि पति के हाथ से सोने की ब्रेसलेट और नगदी गायब हैं, जिसका सीबीआई ने अब तक की जांच में कोई जिक्र नहीं किया है। पत्नी ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी सवाल उठाया है। हालांकि, नए सिरे से चल रही जांच में सीबीआई के हाथ अभी तक कोई अहम सुराग नहीं लगे हैं।

### लूट के ब्रेसलेट और नगदी का भी पता नहीं

जानकारी के मुताबिक, कानपुर के प्रापर्टी डीलर मनीष गुप्ता की 27 सितंबर 2021 की रात में पीट-पीटकर हत्या का आरोप है। पत्नी मीनाक्षी की तहरीर पर पुलिस ने छह पुलिसवालों पर हत्या का केस दर्ज किया था। सीबीआई ने अपनी जांच के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

कोर्ट द्वारा आरोप तय करने के बाद मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी के तीन नए आरोप सामने आ गए। मीनाक्षी ने सीबीआई अफसरों को तीन अलग-अलग प्रार्थनापत्र देकर इसकी जांच की मांग की थी। मीनाक्षी गुप्ता के नए आरोपों की सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है। पिछले दिनों सीबीआई के इंस्पेक्टर इन्हीं आरोपों की जांच के सिलसिले में गोरखपुर आए थे। इन आरोपों से जुड़े लोगों के बयान दर्ज करने के साथ अन्य जानकारी जुटाकर लौट गए।

# सिपाही से बदसलूकी, वर्दी फाड़ी, आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सिकरीगंज इलाके में महाशिवरात्रि की ड्यूटी के दौरान शनिवार को अभद्रता से मना करने पर सिपाही से बदसलूकी कर वर्दी फाड़ने का मामला सामने आया है।

सिपाही की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सिकरीगंज के महुई गांव निवासी अखिलेश शुक्ला के रूप में हुई।

जानकारी के मुताबिक, सिपाही अशोक कुमार ने तहरीर में लिखा है

## केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भिजवाया

कि उनकी ड्यूटी शिवरात्रि मेले में लगी थी। इसी दौरान भीड़ ज्यादा होने की वजह से फोर्स की मांग की गई थी तो होमगार्ड कन्दर्प नारायण को भेजा गया।

दोनों साथ में सुरक्षा ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान एक शख्स अभद्रता करते नजर आया। रोकने पर उलझ गया और वर्दी फाड़ दिया।

पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और उसके खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, बलवा आदि की धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

# एजेंसी मैनेजर व समूह संचालक से एक ही गिरोह ने की थी लूट

## पुलिस ने किया दो वारदात का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार, 6.19 लाख रुपये व टैबलेट बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गैस एजेंसी मैनेजर और समूह संचालक से एक ही गिरोह के बदमाशों ने लूट की थी। रविवार को चार बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस ने घटना का पर्दाफाश कर दिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट के 6.19 लाख रुपये, टैबलेट, घटना में इस्तेमाल दो बाइक, चोरी की दो बाइकों को बरामद कर लिया है।

आरोपियों को गिरफ्तार कर 95 फीसदी तक बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की। पुलिस लाइंस में रविवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी नार्थ मनोज अवस्थी, एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी।

एसएसपी ने बताया कि एक फरवरी को भारत फाइनेंशियल इनक्लूशन लिमिटेड समूह के मैनेजर आदित्य शर्मा से 50 हजार रुपये व टैबलेट की लूट हुई थी। इसके बाद गुलरिहा इलाके में ही भटहट के पास बाइक सवार बदमाशों ने 13 फरवरी को शक्ति गैस एजेंसी के मैनेजर सुनील कुमार पांडेय से असलहे के बल पर 6.24 लाख रुपये लूट लिए थे।

एसएसपी ने बताया कि वारदात के बाद गुलरिहा पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच, एसओजी टीम को भी पर्दाफाश के लिए लगाया गया था। रविवार को पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस की मदद से साक्ष्य संकलन कर आरोपियों को गुलरिहा के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय, एसओजी प्रभारी मनीष यादव की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

बताया कि पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 6.24 लाख रुपये में से 6.19 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एक फरवरी की घटना में भी यही लोग शामिल थे।



गुलरिहा इलाके में लूट के आरोप में पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी देते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर और अन्य पुलिस अधिकारी। विज्ञप्ति

### आरोपियों तक ऐसे पहुंची पुलिस

पुलिस के हाथ दोनों घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज लग गए थे। इसके बाद दोनों मुकदमों के वादी से अलग-अलग वीडियो दिखाकर पहचान कराई गई। इसके बाद संदेह हो गया कि दोनों घटनाओं में एक ही गिरोह का हाथ है। इसके बाद पुलिस ने एजेंसी के पूर्व कर्मचारी से पूछताछ की और सर्विलांस का लोकेशन निकाला। इसके बाद मामला साफ हो गया और फिर पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा।

### श्रीकेश और विजय ने की थी मुखबिरी

श्रीकेश गैस एजेंसी पर पहले काम कर चुका है। उसे मालूम था कि सोमवार को दो दिन के कलेक्शन के रुपये मैनेजर के पास रहते हैं। इसके बाद श्रीकेश ने विजय, पवन व अनिरुद्ध के साथ मिलकर साजिश रची थी। मिस्ड कॉल के जरिये ही दोनों ने अपने साथियों को संकेत दे दिया कि रुपये लेकर मैनेजर निकला है, इसके बाद ही बदमाशों ने वारदात की थी।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुलरिहा के रामनगर के जैनपुर टोला निवासी विजय कुमार, चिलुआताल के गुरुनगर निवासी पवन, गुलरिहा के ठाकुरपुर नंबर निवासी अनिरुद्ध और महुआ के जैनपुर निवासी श्रीकेश निषाद के रूप में हुई है। विजय कुमार पर हत्या, चोरी, लूट जैसे गंभीर धाराओं के आठ मुकदमे दर्ज हैं। विजय दो माह पहले ही जेल से छूटा है। उसे अष्टधातु की मूर्ति की चोरी के मामले में जेल भेजा गया था। पवन पर लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट की धाराओं में सात मुकदमे, अनिरुद्ध पर चोरी, लूट के छह मुकदमे और श्रीकेश पर सात मुकदमे दर्ज हैं।

# जनपद में जारी हो सकती है हाथी पालने पर गाइडलाइन

## वन विभाग ने सर्वे में अभी तक कुल 13 हाथी चिह्नित किए

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोरखपुर।** चिलुआताल क्षेत्र में हाथी के हिंसक होने से तीन लोगों की मौत के बाद अब वन विभाग ने सख्त रुख अख्तियार किया है। हाथी पालने को लेकर शासन की ओर से जल्द ही गाइडलाइंस जारी हो सकती है। वन विभाग ने सर्वे कराकर जिले में हाथियों का ब्योरा भी जुटाया है। सर्वे के मुताबिक, जिले में अभी तक 13 हाथियों के बारे में जानकारी मिली है।

जानकारी के मुताबिक, हाथी पालने के लिए पंजीयन का प्रावधान किया जा सकता है। इसके अलावा तय नियमों का पालन नहीं करने पर जुर्माने का भी प्रावधान रहेगा। सूत्रों ने बताया कि गाइडलाइंस का पालन सभी हाथी पालकों को करना होगा। जिले में पहले आठ हाथी पालकों को नोटिस जारी किया गया था। अब उनसे जवाब तलब किया जाएगा।

डीएफओ विकास यादव ने बताया कि सर्वे करवाया जा रहा है। हाथी के संबंध में जानकारी जुटाने के बाद नियम के खिलाफ हाथी पालने वालों को नोटिस देकर जवाब तलब किया जाएगा। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**हाथी के हिंसक होने का मामला**




**कलशयात्रा में बिदके हाथी ने दो महिलाओं व मासूम को मार डाला**

17 फरवरी के अंक में प्रकाशित खबर।

### एक सप्ताह तक चिकित्सकों की निगरानी में रहेगा हिंसक हाथी

**चिड़ियाघर** के पशु चिकित्सक डॉ योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि हाथी को विनोद वन में रखा गया है। उसे तीन डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। हाल में ही हाथी ने तीन लोगों की जान ली है। ऐसे में उसके अंदर से इंसानी भय खत्म हो चुका है। उसे मानसिक रूप से स्वस्थ करने की जरूरत है। पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद रिपोर्ट वन विभाग को सौंपी जाएगी। फिलहाल हाथी के पास सिर्फ उसके महावत को रखा गया है। वन विभाग और चिड़ियाघर की टीम आसपास मौजूद रहती है।

# उरुवा का केबी मेमोरियल अस्पताल सील, संचालक को किया गिरफ्तार

## प्रसूता की मौत के बाद अस्पताल के संचालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

### सरकारी डॉक्टर ने किया था महिला का ऑपरेशन, पुलिस ने सीएमओ को भेजी रिपोर्ट

### सरकारी डॉक्टर के प्राइवेट प्रैक्टिस की रिपोर्ट पुलिस ने सीएमओ को भेजी, जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** उरुवा के केबी मेमोरियल अस्पताल में प्रसूता की मौत के मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर संचालक संजय तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर करके विभागीय जांच शुरू कर दी है। पकड़ा गया आरोपी संजय तिवारी गोला इलाके के मटहरिया गांव का निवासी है।


गिरफ्तार हुआ संजय।

उधर, पुलिस की जांच में पता चला है कि जिस प्रसूता की मौत हुई थी, उसका ऑपरेशन सरकारी डॉक्टर मनीष पांडेय ने किया था। इसलिए पुलिस ने डॉ. मनीष को भी आरोपी बनाया है। साथ ही सीएमओ को सरकारी डॉक्टर के प्राइवेट प्रैक्टिस करने का रिपोर्ट भी भेजी है।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि 17 फरवरी को प्रसव पीड़ा होने पर पूजा देवी को केबी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के बाद बच्ची पैदा हुई। इलाज के लिए 50 हजार रुपये जमा करा लिए गए थे। 18 फरवरी को अचानक पूजा की तबीयत खराब होने पर महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद पूजा की मौत हो गई।

पुलिस ने मामले में पूजा की सास किशमती देवी की तहरीर पर अस्पताल के संचालक संजय तिवारी, ऑपरेशन करने वाले डॉ. मनीष पांडेय और अज्ञात स्टॉफ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। एसएसपी ने बताया कि संचालक को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की भूमिका की जांच और गिरफ्तारी में पुलिस टीम लगी है।


उरुवा में नर्सिंग होम को सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। संवाद

**यह हुआ था**

**17 फरवरी** को प्रसूता की मौत के बाद शनिवार को परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। अस्पताल के दो स्टॉफ को बंधक बनाकर पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने मामले में किशमती देवी की तहरीर पर केस दर्ज कर संचालक को गिरफ्तार किया है।

### गुलरिहा के बाद उरुवा इलाके में बड़ी कार्रवाई

**अस्पताल** में मौत के मामले में गुलरिहा के बाद पुलिस ने उरुवा में बड़ी कार्रवाई की है। इससे पहले गुलरिहा इलाके में सत्यम हॉस्पिटल और मीरा हॉस्पिटल पर कार्रवाई की गई थी। अब उरुवा में पुलिस ने केस दर्ज कर डॉक्टर को भी आरोपी बनाया है। गुलरिहा में जांच कर रहे एएसपी मानुष पारिक ने इस मामले की जांच संभाल ली है। उन्होंने एसएसपी के आदेश पर शनिवार रात मौके पर जाकर जांच की। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-02-2023

रा० सहारा हि० -20.02.23

# धनगर का गेरुआ वस्त्र उतारने को मिली चेतावनी, आडियो वायरल

लार (एसएनबी)। नगर पंचायत लार के मठ वार्ड निवासी कमलेश कुमार धनगर गेरुआ वस्त्र पहनते हैं। कुछ दिन पहले तक जब देवाश्रम मठ लार पर जब कोई महंत या पुजारी नहीं थे तो धनगर वहां पूजा पाठ करते थे। श्रद्धालुओं द्वारा पैसे चढ़ाने के लिए उन्होंने एक दानपात्र वहां लगा दिया था। कुछ दिन बाद जब मठ पर स्वामी अभयानंद गिरि का आगमन हो गया तो उनके आने के बाद भी कमलेश कुमार धनगर मठ पर पूजा पाठ करने के लिए आया जाया करते थे। अचानक शुक्रवार को कमलेश कुमार धनगर व स्वामी अभयानंद गिरी में किसी बात को लेकर विवाद हुई। इसके बाद कमलेश कुमार धनगर अपने द्वारा स्थापित दान पात्र को उठाकर घर लेकर चले गए।

इस मामले में देव आश्रम मठ लार के एक कर्मचारी द्वारा पुलिस को चोरी की शिकायत की गई। थानाध्यक्ष लार नवीन चौधरी शिकायत के आधार पर कमलेश कुमार धनगर के घर से जाकर वह दानपात्र बरामद कर लिए और मौजूदा महंत को लाकर सुपुर्द कर दिए। उन्होंने पूछताछ के लिए शुक्रवार की दोपहर कमलेश कुमार धनगर को थाना में बैठा लिया गया। थाने में बैठाने के बाद थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने उसे फटकार लगाते हुए कहा कि हमने बहुतों का गेरुआ उतरवा दिया हूं तुम्हारा भी उतरवा दूंगा। थानाध्यक्ष की यह शब्द किसी ने अडियो बना लिया। थानेदार की बात सुनकर थाने में 30 घंटा से बैठाए गए कमलेश कुमार धनगर को काफी दुख हुआ। उन्होंने अन्न जल का परित्याग कर दिया था और अंततः शनिवार की शाम वह बेहोश हो गए। पुलिस कमलेश धनगर को 30 घंटे से बगैर दाना पानी कें थाने में हिरासत में लेकर बैठी थी। लेकिन बेहोश होने के बाद पुलिस ने अपना पल्ला झाड़ लिया। वहीं थाने पर उनका हालचाल लेने गए उनके भाई विमलेश धनगर व अन्य लोग जब उनको थाने के बरामदे में बेहोश देखे तो उठाकर सीएचसी लार लेकर आ गए। जहां तैनात ड संतोष कुमार नै कमलेश कुमार धनगर को अचेत बताकर प्राथमिक उपचार किया और इन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# भाटपाररानी में समाधान दिवस आज

**देवरिया(एसएनबी)**। सोमवार को जनपद के समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी भाटपाररानी में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी देवरिया सदर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सलेमपुर, अपर जिलांकिारी (वित्त एवं राजस्व) रुद्रपुर तथा मुख्य राजस्व अधिकारी बरहज तहसील में जन समस्याओं का निराकरण करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। शनिवार को महाशिवरात्रि का सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से आगामी कार्यदिवस सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में जन समस्याओं की सुनवाई के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

रा० सहारा दि० 20.02.2023

# 30 गोवंशीय पशु बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)**। बरियारपुर पुलिस ने रविवार को पड़री मल्ल रेलवे क्रासिंग के समीप वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक में लादकर तस्करी हेतु बिहार ले जाये जा रहे 30 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया। साथ ही एक पशु तस्कर को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि रविवार को बरियारपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज द्वारा अपने हमराहियों के साथ पड़री मल्ल रेलवे क्रासिंग व पड़री मल्ल चौराहे के बीच संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग की जा रही थी। इसी बीच उन्हें मुखबिर द्वारा यह सूचना मिली कि एक ट्रक में गोवंशीय पशुओं को लादकर तस्करी हेतु बिहार ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर बरियारपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपने हमराही पुलिस बल के साथ अस्थायी बैरियर बनाकर आने जाने वाले वाहनों की गहनता से चेकिंग की जाने लगी। कुछ देर बाद एक ट्रक नम्बर यूपी 50 एफ 3485 आता दिखाई दिया। पुलिस बल द्वारा जब इस ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया तो बैरियर से कुछ दूर पहले ही ट्रक चालक पुलिस को देखकर ट्रक रोक दिया और ट्रक में मौजूद तस्कर भागने लगे। पुलिस टीम ने भाग रहे एक तस्कर को मौके से पकड़ लिया। पकड़े गये तस्कर ने अपना नाम व पता अजय शिल्पकार पुत्र सुभाष शिल्पकार निवासी कोटवा जलालपुर थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ बताया। पुलिस टीम ने मौके पर ट्रक को चेक किया। तो ट्रक में 30 गोवंशीय पशु क्रूरतापूर्वक एक दूसरे पर लादकर बंधे हुए थे। सभी पशुओं को पुलिस ने वहां मौजूद व्यक्तियों के सहयोग से ट्रक से उतरवाया और पशुओं के चारा पानी की व्यवस्था की। इस मामले में पुलिस द्वारा बरियारपुर थाने पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने की छापेमारी

**बरहज (एसएनबी)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने नदी पार के दियारा क्षेत्र में अवैध शराब की भट्ठियों पर छापेमारी की गयी। इस दौरान बड़ी मात्रा में अवैध कच्ची शराब, लहन व धधकती भट्ठियों को पुलिस ने तोड़ा। नदी पार के गांव परसिया देवार, विशुनपुर देवार, राजपुर देवार में कच्ची का कारोबार धड़ल्ले से फलता फूलता है। होली का त्योहार नजदीक आने पर कारोबारी अवैध कच्ची शराब की स्टाक करने में जुट जाते है। दियारा क्षेत्र में निर्मित अवैध कच्ची शराब बड़े पैमाने पर नदी इस पार लाकर चिन्हित ठिकानों पर पहुंचाकर भारी कमाई करते है। अवैध कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक तथा मुकामी पुलिस फोर्स के साथ परसिया देवार में दबिश देकर मौके पर धधकती दो शराब की भट्ठियों को नष्ट किया। पुलिस टीम ने 200 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया तथा करीब 3000 लीटर लहन व शराब बनाने के उपकरण को नष्ट किया। पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। मौके पर एक भी कारोबारी पुलिस के हाथ नहीं चढ़ा। पुलिस ने दो अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया।


रा० सहारा दि० 20-02-2023

## दो वारंटी गिरफ्तार

खड्डा (एसएनबी)। हनुमानगंज पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को हनुमानगंज पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी उमाशंकर पुत्र नारद निवासी रामपुर जंगल व मारपीट से सम्बन्धित मामले में वारंटी गुड्डू यादव पुत्र दीनानाथ यादव निवासी रामनगर खलवा टोला को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने बताया कि दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## छत के रास्ते घर में घुसकर चोरों ने किया मोबाइल चोरी

बनकटा (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के अहिरौली दक्षिण पट्टी निवासी नितेश राजभर के घर में बीती शनिवार रविवार मध्य रात को चोरों ने छत के रास्ता से घर में घुसकर 3 मोबाइल और अलमारी से गहने चुरा ले गए घर के अंदर नितेश और नितेश का परिवार सोया हुआ था तभी चोरों ने मछरदानी काट कर मोबाईल चुरा लिए 2:30 बजे नींद खुला तो देखा कि मोबाइल नहीं है चारों ओर खोजा तो देखा की अलमारी खुला है और अलमारी का गहना गायब है तो उसी समय शोर मचाया गांव के लोग इकट्ठा हो गए। खबर लिखे जाने तक पुलिस छानबीन में जुटी हुई थी।



घर में चोरों द्वारा बिखेरे सामानों का चित्र।

रा० सहारा दि० 28.2.22

हिन्दुस्तान दि० 20-2-23

# 11 के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज

**कार्रवाई**

देवरिया, निज संवाददाता। दो दिनों पूर्व कार से निमत्रण में जा रहे दो दोस्तों को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। हमलावरों ने कार में तोड़ फोड़ किया। मामले में सलेमपुर पुलिस ने छह नामजद और पांच अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट और तोड़ फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रौली गांव के रहने वाले नवीन तिवारी पुत्र अजय कुमार तिवारी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 17 फरवरी 2023 की देर शाम को कार से अपने दोस्त अभिनीत उपाध्याय पुत्र अतुल उपाध्याय के साथ कौड़िया मिश्र निमन्त्रण में जा रहा था। अभी मैं सलेमपुर मेन रोड हरैया वार्ड तक पहुँचा था कि श्री बेकर्स के सामने कुछ लोगों ने रोक लिया। जहां एक दर्जन के लगभग लोग हाथों में लाठी डण्डा व धारधार हथियार लिए घेर लिया। हमलावरों ने कार को तोड़ने लगे। विरोध करने पर मुझे और मेरे दोस्त को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिए। ईंट, सरिया और धारधार हथियार से मारकर गाड़ी व गाड़ी का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर सलेमपुर पुलिस ने गरुण राजभर, प्रभु राजभर, मिलन राजभर व इन्दल राजभर पुत्रगण पारस नाथ राजभर व अमरनाथ विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू मास्टर, अमित विश्वकर्मा पुत्र अज्ञात तथा पाँच अज्ञात व्यक्ति निवासी हरैया थाना सलेमपुर के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506 और 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# चार के खिलाफ तोड़फोड़ चोरी और गबन का केस

देवरिया। पिछले दिनों बारात में डीजे पर डांस करने को लेकर गांव के चार युवकों ने मारपीट और तोड़फोड़ किया था। मामले में पुलिस ने चारों के विरुद्ध मारपीट, तोड़फोड़, चोरी और गबन का मुकदमा दर्ज किया है।

भटनी थाना क्षेत्र के साहोपार के भिसादेई टोला के रहने वाले भरत कुशवाहा ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 9 फरवरी 2023 की सायंकाल उनके घर बारात आई थी। दरवाजे पर डीजे बज रहा था। अराजक तत्वों ने विवाद के बाद उसे जला दिया। मौके से 4 बकरी भी उठा ले गए। मना करने पर घर को जलाने एवं जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित की तहरीर पर भटनी पुलिस ने नितिन भारती पुत्र राजेश भारती, विट्टू गिरी पुत्र राधे गिरी, विकास गिरी व कृष्णा भारती निवासी साहोपार भिसादेई थाना भटनी जिला देवरिया के विरुद्ध धारा मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान 19.20.2.23

# ट्रक से पशुओं को बिहार ले जा रहा तस्कर गिरफ्तार

बरियारपुर (देवरिया), हिसं। देवरिया जिले के बरियारपुर क्षेत्र के पड़री चौराहा के पास से रविवार की भोर में बरियारपुर पुलिस ने एक ट्रक पर लदे 30 गोवंश सहित एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। तस्कर पशुओं को बिहार भेजने की फिराक में थे।

बरियारपुर थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज रविवार की सुबह क्षेत्र भ्रमण पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि गोवंश लदा ट्रक पड़री चौराहा के रास्ते बिहार जा रहा है। थानाध्यक्ष के निर्देश पर हमराही सिपाहियों ने पड़री रेलवे ढाला और चौराहे के बीच अस्थाई बैरियर बनाकर वाहनों की सघन चेकिंग शुरू कर दी। चालक ने पुलिस को देखते ही बैरियर से पहले ही ट्रक रोक दिया और उसमें सवार सभी पशु तस्कर भागने लगे। पुलिस ने एक को दौड़ा कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान अजय शिल्पकार पुत्र सुभाष शिल्पकार निवासी कोटवा जलालपुर, थाना अहिरौली, जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई। वाहन में क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाए जा रहे घायल 30 गोवंशों को उतारकर चारे-पानी की व्यवस्था की गई। सभी पशुओं का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद गो आश्रय केंद्र मझौली राज भेज दिया गया। बरियारपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद गोवंशों को गो आश्रय मझौलीराज भेज दिया गया। पकड़े गए पशु तस्कर के विरुद्ध पशु क्रूरता व गोवध निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।



ट्रक में क्रूरतापूर्वक ठूस कर भरे गए थे गोवंशीय पशु।

हिन्दुस्तान दि० 20.02.23

# पुलिस ने मजदूरों का किया वेरिफिकेशन

लार। रविवार की शाम लार थाना क्षेत्र के कई ईंट भट्ठों पर पुलिस पहुंची। कई भट्ठा पर पुलिस के पहुंचते ही लोग भागने लगे। पुलिस टीम ईंट भट्ठा पर काम करने वाले मजदूरों का वेरिफिकेशन करने गयी थी। लेकिन जिन ईंट भट्ठों पर कच्ची शराब बनती है वहाँ के लोग छापेमारी समझ कर भाग रहे थे। पुलिस मजदूरों का आधार कार्ड आदि की जांच कर सूचना एकत्रित कर रही है कि किस ईंट भट्ठे पर कितने मजदूर काम कर रहे और वे कहाँ के रहने वाले हैं।

# मारपीट के मामले में युवक पर केस

लार। पुलिस ने मारपीट के मामले में एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के खेमादेई गांव निवासी विष्णु कुशवाहा पुत्र हरे कृष्ण कुशवाहा ने लार पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि 17 फरवरी को बिजली का काम कर वापस लौटते समय रामजानकी मार्ग पर फ़त्तेहबाग चौराहा पर उनकी बाइक रोक कर रियाज अंसारी पुत्र अब्दुल रहमान निवासी फत्तेहबाग ने मारपीट कर घायल कर दिया।

हिन्दुस्तान दि० 20.02.'21

# घर में घुस महिला से दुष्कर्म की कोशिश

देवरिया। बच्चो के साथ घर में अकेली सो रही महिला के साथ पड़ोस के एक युवक ने बालकनी के रास्ते घुस कर रेप करने की कोशिश किया। महिला के शोर मचाने पर युवक उसे पटक कर मोबाइल लेकर कुंडी बंद कर फरार हो गया। आस पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक के पास से महिला का मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक महिला अपने बच्चों के साथ रहती है। वह लोगों के घरों में चौका बर्तन कर परिवार का भरण पोषण करती है। उसने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि शनिवार की देर शाम को अपने कमरे को अंदर से बंद कर बेटा बेटी के साथ सो रही थी। देर रात को पड़ोस का एक युवक छत के बालकनी के रास्ते कमरे में घुस गया। वह कमरे में घुस कर मेरे साथ रेप करने की कोशिश करने लगा।

# आठ माह पूर्व भगाई किशोरी बरामद

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। आठ माह पूर्व कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को युवक प्रेमजाल में फंसा कर भगा ले गया था। पुलिस परिजनों की तहरीर पे केस दर्ज कर किशोरी व युवक की तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस ने भगाई गई किशोरी को रेलवे स्टेशन के समीप बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। वही पुलिस पूछताछ में किशोरी ने भगाए युवक पर सम्बंध बनाने एवं अपने को गर्भवती होने की बात कही। पुलिस ने बरामद किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। वही केस दर्ज गिरफ्तार युवक दीपक कुमार को जिला कारागार भेज दिया।

# ड्यूटी से नदारद मिले 46 पुलिसकर्मियों को नोटिस

देवरिया, निज संवाददाता महाशिवरात्रि के लिए दीर्घेश्वरनाथ मंदिर मझौलीराज की सुरक्षा ड्यूटी में लगे 46 पुलिसकर्मी ड्यूटी से गायब मिले थे। एसपी के निर्देश पर थानेदार ने सभी 46 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध थाने में रपट लिखाया था। पुलिसकर्मी रपट कटवाने के लिए नोटिस का जबाब देंगे। इसके बाद विभाग आगे की कार्रवाई करेगा।

महाशिवरात्रि के लिए एसपी ने जिले के सभी मंदिरों की सुरक्षा सख्त की थी। सभी मंदिरों की सुरक्षा के लिए पुलिस को तैनात किया था। मझौलीराज स्थित दीर्घेश्वरनाथ मंदिर की सुरक्षा के लिए 90 पुलिस कर्मी लगाए गए थे। शुक्रवार की देर रात में एसपी मंदिर की सुरक्षाव्यवस्था का जायजा लिया। जहां पर 90 में से 46 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे थे।

प्रभारी निरीक्षक सलेमपुर जितेंद्र सिंह ने अनुपस्थिति के संदर्भ में कोतवाली में रपट दर्ज कराया। सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी से गायब होने के बारे में स्पष्टीकरण देंगे। इसके बाद उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएंगी। क्षेत्राधिकारी सलेमपुर देव आनन्द ने बताया कि ड्यूटी से गायब पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कोतवाली में रपट दर्ज कराया गया है।

हिन्दुस्तान दि० 20.02.23

# जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आज

देवरिया, निसं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को जनपद के समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। शनिवार को अवकाश होने के चलते 20 फरवरी को इसका आयोजन होगा।

जिलाधिकारी भाटपाररानी में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी देवरिया सदर, अपर जिलाधिकारी, सलेमपुर,. अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रुद्रपुर तथा मुख्य राजस्व अधिकारी बरहज तहसील में जन समस्याओं का निराकरण करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।शनिवार को महाशिवरात्रि का सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से आगामी कार्यदिवस सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में जन समस्याओं की सुनवाई के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

**दिव्यांगजनों के लिए विशेष कैंप का होगा आयोजन:** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि सोमवार को दिव्यांगजनों का प्रमाणपत्र बनाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन मेडिकल कॉलेज नियंत्रणाधीन जिला अस्पताल में किया जाएगा।

दैनिक जागरण . दि० 20.02.22

# कच्ची के अड्डे पर पुलिस व आबकारी टीम ने की छापेमारी



परसिया देवार में कच्ची के अड्डे पर छापेमारी के दौरान आबकारी व पुलिस टीम ● जागरण

**जासं, बरहज:** आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने परसिया देवार में कच्ची के अड्डे पर रविवार को छापेमारी की। दो सौ लीटर कच्ची बरामद किया। 30 क्विंटल लहन नष्ट किया। मौके पर दो धधकती भट्ठियों को तोड़ा गया। दो अज्ञात धंधेबाजों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम परसिया देवार पहुंची। झाड़ियों

## दो सौ लीटर कच्ची बरामद, 30 क्विंटल नष्ट किया लहन

में बने कच्ची बनाने की भट्ठियों की सघन तलाशी ली गई। पुलिस के पहुंचने की जानकारी होते ही धंधेबाज फरार हो गए। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि मामले में दो अज्ञात धंधेबाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

दैनिक जागरण दि० 20-2-23

# घेराबंदी देख भागे तीन गो तस्कर, एक गिरफ्तार

- ट्रक में ठूंसकर भरे गए थे 30 गोवंश आजमगढ़ से लेकर जा रहे थे सिवान
- बरियारपुर पुलिस ने पड़री मल्ल रेलवे क्रासिंग के पास ट्रक को पकड़ा

जासं, करौंदी बाजार, देवरिया: बरियारपुर पुलिस ने रविवार की सुबह घेराबंदी कर एक गो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन तस्कर भागने में कामयाब हो गए। आजमगढ़ से 30 गोवंश को ट्रक में लादकर बिहार के सिवान जनपद ले जा रहे थे। बरामद गोवंश को गोशाला मझौलीराज भेजा गया।

बरियारपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज पुलिस बल के साथ पड़री मल्ल रेलवे क्रासिंग व पड़री मल्ल चौराहे के बीच वाहनों की जांच कर रहे थे। सूचना मिली कि ट्रक में गोवंश को लादकर तस्कर बिहार ले जा रहे हैं। पुलिस बल ने अस्थायी बैरियर बनाकर वाहनों को रोककर गहनता से जांच तेज की। कुछ देर बाद ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने ट्रक को रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर चालक ने बैरियर से कुछ दूर पहले ही ट्रक रोक दिया। उसमें सवार चार तस्कर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की एक आरोपित को पकड़ लिया। जबकि तीन भागने में सफल हो गए। पकड़ा गया आरोपित अजय शिल्पकार पुत्र सुभाष शिल्पकार आजमगढ़ जिले के अहिरौला थानाक्षेत्र के कोटवा जलालपुर गांव का रहने वाला है। ट्रक की जांच की गई तो 30 गोवंश को क्रूरतापूर्वक एक दूसरे पर लादकर बंधे हुए मिले। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिसवालों ने गोवंश को नीचे उतारा। उन्हें चारा व पानी की व्यवस्था की गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।



ट्रक में लादे गए बरामद गोवंश • जागरण

> बरियारपुर ने ट्रक से 30 गोवंश को बरामद किया है। एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। तीन आरोपित भागने में सफल रहे। चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।
>
> डा. राजेश सोनकर, एएसपी, देवरिया

## एक नजर में

# गोली चलने की सूचना पर पहुंची पुलिस

लार रोड : स्थानीय रेलवे स्टेशन का दक्षिणी ढाला रविवार की शाम को बंद था। गोरखपुर से वाराणसी जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस अप आ रही थी। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी थी। ट्रेन जाने के बाद ढाला खुला, तभी लार की तरफ से आ रहे बाइक सवार तीन बदमाशों ने दो फायर किया। इसके बाद कुंडौली, भागलपुर होते हुए बलिया जिले की तरफ भाग गये। आसपास के लोगों की सूचना पर यूपी 112 व मईल थाने की पुलिस जांच में जुटी रही। उपनिरीक्षक ज्ञान सिंह पटेल ने बताया कि मौके पर गया था। गोली चलने की पुष्टि हुई है। बदमाश भागने में सफल रहे। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 20.02.23

दैनिक जागरण दि. 20.2.23

# शीशा तोड़कर शव को निकाला गया बाहर

जासं, सलेमपुरः दुर्घटना के बाद चालक सुनील यादव का शव बोलेरो में फंस गया था। लोगों ने बोलेरो का शीशा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस भी सूचना पर पहुंच गई। शव को कब्जे में ले लिया व घायलों को अस्पताल भिजवाया। मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों में चीख पुकार मच गई। घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल था। दीवार से टकराने के बाद बोलेरो एक तरफ झुक गया था। जिसे जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से सीधा किया गया और हटाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। करीब एक घंटे बाद स्वजन भी मौके पर पहुंच गए।

**चार का चालानः** खुखुंदूः क्षेत्र के सिरसिया गांव में विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने लगी। इसी बीच दोनों पक्ष भिड़ गए। इस मामले में पुलिस ने मुकेश, जितेंद्र, सत्येंद्र प्रसाद व मुन्ना का शांतिभंग के तहत चालान किया।

दैनिक जागरण दि. 20.2.23

# मारपीट में छह नामजद समेत 11 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



जासं, सलेमपुरः कोतवाली के हरैया वार्ड में मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने छह नामजद समेत 11 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मिश्रौली गांव के रहने वाले नवीन तिवारी पुत्र अजय कुमार तिवारी की तहरीर पर यह कार्रवाई की है। उन्होंने आरोप लगाया कि 17 फरवरी की शाम करीब 6.40 बजे की शाम को कौड़िया मिश्र गांव में निमंत्रण में जा रहा था। अभी सलेमपुर मेन रोड हरैया वार्ड तक पहुंचा था कि आरोपित गरुण राजभर, प्रभु राजभर, मिलन राजभर, इंदल राजभर, अमरनाथ विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू मास्टर, अमित विश्वकर्मा तथा पांच अज्ञात व्यक्तियों ने वाहन रोक लिया। हमारे साथ वाहन में बैठे अभिनीत उपाध्याय को मारने पीटने लगे। बीच बचाव किया तो लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हम दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। ईंट, सरिया व धारदार हथियार से गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। राहगीरों ने बीच बचाव किया तब जान बची। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि छह नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दैनिक जागरण दि. 20.2.23

# अपहृत छात्रा हुई बरामद आरोपित गिरफ्तार

जासं, सलेमपुरः आठ माह पूर्व अपहृत छात्रा को पुलिस ने शनिवार की देर शाम सोहनाग मोड़ से बरामद कर लिया। साथ ही वन स्टाप सेंटर भेज दिया। दूसरी तरफ अपहरणकर्ता को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

दसवीं की छात्रा घर से शौच के लिए जा रही थी। आरोप है कि चार की संख्या में युवकों ने असलहे के बल पर छात्रा का अपहरण कर लिया। पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गोपालपुर के दीपक पुत्र राम नक्षत्र विकास पुत्र बीरबल विकास पुत्र रमेश व राजाराम पुत्र रामधारी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने पाया कि विकास पुत्र बीरबल विकास पुत्र रमेश व राजाराम पुत्र रामधारी का इस मामले से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें बेगुनाह बताते हुए बरी कर दिया। जबकि दीपक पुत्र राम नक्षत्र के विरुद्ध अपहरण के साथ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। आरोपित दीपक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दुकान से सात लाख रुपये नकदी चोरी, मुकदमा

जासं, बरहजः करुअना चौराहे पर किराना दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोर दुकान में रखा करीब सात लाख रुपये चुरा ले गए। रविवार की सुबह दुकान खोलने पर ताला टूटा मिला। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम करुअना के रहने वाले विमल कुमार पुत्र मदन की करुअना चौराहे पर किराने की दुकान है। शनिवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए। घटना की जानकारी रविवार की सुबह दुकानदार को हुई। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि दुकानदार ने तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# तहसीलों में आज आयोजित होगा संपूर्ण समाधान दिवस

देवरिया : जिले के सभी तहसीलों में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा भाटपाररानी तहसील में फरियाद सुनेंगे। सदर तहसील में सीडीओ रवींद्र कुमार, सलेमपुर में एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, रुद्रपुर में एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, बरहज में सीआरओ रजनीश राय जन समस्याओं का निराकरण कराएंगे। शनिवार को महाशिवरात्रि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने के कारण सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। डीएम ने सभी अधिकारियों को समय से उपस्थित रहने का निर्देश दिया। (जासं)

**मारपीट में दो के विरुद्ध मुकदमा :** देसही देवरिया : महुआडीह क्षेत्र के ग्राम अमारी झांगा गांव की रहने वाली सावित्री देवी चौहान पत्नी भगवान चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 17 फरवरी की शाम किराने की दुकान में सामान लेने आए दो व्यक्तियों ने मारपीट की। बचाव करने आई पुत्री को भी मारा-पीटा। पुलिस ने गांव के ही पतीर व फागू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# पोल क्षतिग्रस्त करने पर मुकदमा

जासं, सलेमपुर : उपनगर के पिपरा नाजिर वार्ड में विद्युत पोल क्षतिग्रस्त करने पर अवर अभियंता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जेई विजय गोंड बताया कि भूस्वामी रामप्यारे व अन्य ने विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया है।

अमर उजाला दि० 10-2-23

# पीड़िता ने आयुक्त से लगाई न्याय की गुहार

संवाद न्यूज एजेंसी

सोनूघाट। खुखुंदू थाना की मनोरमा शाही ने एक कंपनी के संचालक पर जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता मनोरमा शाही पत्नी स्व.कामेश्वर शाही ग्राम बैरौना ने मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी को शिकायती पत्र दिया है। आरोप लगाया है कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति डेवलपर्स कंपनी का संचालक है। उन्होंने धोखाधड़ी से मेरी पैतृक भूमि का बैनामा करा लिया। जबकि, वह पति का लखनऊ में इलाज करा रही थीं। पांच जनवरी 2023 को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

जानकारी होने पर मैंने खारिज दाखिल के समय आपत्ति की। मुझे रात में फोनकर दबाव डाला जा रहा है। ऐसा न करने पर मुझे तथा मेरे इकलौते बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया है वह व्यक्ति इस तरह के कारनामों में लिप्त रहता है। उन्होंने कभी भी कुछ अनहोनी की आशंका जताई है। डीआईजी गोरखपुर, एसपी, थानाध्यक्ष खुखुंदू को भी प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ले गए हैं। पीड़ित व्यक्ति के जा रहा है।

अमर उजाला दि० 20.2.23

# ट्रक से 30 गोवंशीय पशु बरामद, तस्कर गिरफ्तार



ट्रक में लादकर बिहार ले जाए जा रहे पशु मुक्त कराए गए। संवाद

**बरियारपुर।** क्षेत्र के पड़री मल्ल रेलवे क्रासिंग व चौराहे के बीच चेकिंग के दौरान पुलिस ने गोवंश लदे ट्रक को पकड़ा। उसमें 30 पशु लदे थे। एक तस्कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाने क प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज हमराहियों के साथ गश्त पर थे। गोवंशीय पशुओं को बिहार ले जाने की सूचना मिलने के बाद पड़री मल्ल रेलवे क्रासिंग व चौराहे के बीच अस्थायी बैरियर बनाकर पुलिस टीम वाहनों की जांच करने लगी। इसी दौरान ट्रक आता दिखा। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया गया तो चालक बैरियर से कुछ दूर पहले ही ट्रक रोक दिया और उसमें मौजूद सभी लोग भागने लगे।

सुरक्षा कर्मियों ने एक तस्कर को पकड़ लिया। उसकी पहचान अजय शिल्पकार निवासी कोटवा जलालपुर थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई। ट्रक में 30 गोवंशीय लदे थे। सभी पशुओं को उतारा गया और चारा-पानी की व्यवस्था की गई। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-02-2023

# महिला से मारपीट करने वालों पर केस

महुआडीह। थाना क्षेत्र के अमारी झांगा गांव निवासी सुमित्रा देवी अपने घर में ही किराना की दुकान चलाती हैं। 17 फरवरी की शाम 6 बजे गांव के ही दो व्यक्ति दुकान पर सामान लेने आये। उसी दौरान वे लोग विवाद करने लगे और उन्हें पीट दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पतीर व फागू के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# विवेचना में चूक अपराधी के बचाव में सहायक : एसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि विवेचना के दौरान घटना से जुड़े साक्ष्य व जरूरी तथ्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए आवश्यक है कि घटना से जुड़ी हर पहलू की गहनतापूर्वक छानबीन हो। ताकि किसी भी स्तर पर चूक की संभावना न रहे। विवेचना में चूक अपराधी के बचाव में सहायक होती है। महिला संबंधी अपराध के मामलों में विशेष सजगता बरती जाए।

वे अपने कार्यालय में रविवार को विशुनपुरा, बरवापट्टी, सेवरही के विवेचकों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि निर्धारित तीन महीने से अधिक समय से लंबित विवेचनाएं हर हाल में जल्द से जल्द निस्तारित की जाएं।

विवेचना में आरोपितों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाएं, जिससे कि अपराधी बचने न पाएं। खासकर महिला संबंधी अपराध के मामलों में विशेष तत्परता बरती जाए, जिससे कि आरोपितों को कम से कम समय में न्यायालय से दंडित कराया जा सके। एसपी ने आइजीआरएस, जन शिकायत तथा महिला हेल्प डेस्क पर आए प्रार्थना-पत्रों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही बरतने वाले विवेचकों को हिदायत दी। कहे कि शीघ्र सुधार न होने पर विभागीय कार्रवाई होगी। समीक्षा के दौरान विवेचकों की तरफ से बताया गया कि चालू माह में यौन अपराध से जुड़े 17 मुकदमों में आरोप-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। संबंधित थानों के विवेचक मौजूद रहे।



अपने कार्यालय में बरवापट्टी व विशुनपुरा थाना के विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचकों को निर्देश देते एसपी धवल जायसवाल बाएं पहले ● जागरण

- घटना से जुड़े साक्ष्य व तथ्यों पर दें विशेष ध्यान
- महिला संबंधी अपराध के मामलों में बरतें विशेष सजगता




पटहेरवा क्षेत्र के हाईवे पर पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं की बरामदगी की।

# कंटेनर से बरामद हुए 35 प्रतिबंधित पशु

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के फोरलेन के रास्ते रविवार की सुबह कन्टेन्टर से ले जा रहे प्रतिबंधित पशुओं को पटहेरवा पुलिस ने पटहेरवा ओवर ब्रीज के सामने पकड़ा। जबकि तश्कर गाड़ी छोड़ कर भागने में सफल रहे। पुलिस ने पकड़े गए कन्टेन्टर से कुल पैंतीस प्रतिबन्धित पशु बरामद हुए। गाड़ी को पुलिस ने पशु आश्रय केंद्र खड्डा भेजवा दिया तथा अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

रविवार की सुबह मय फ़ोर्स एसआई सुबाष चन्द, कांस्टेबल जयहिंद, सोहित यादव व विनोद यादव के साथ पटहेरवा प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय थाने लौट रहे थे। इस दौरान सूचना मिली की तश्कर फोरलेन के रास्ते बड़ी पशुओ की बड़ी खेप लेकर बिहार की तरफ जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के फोरलेन के महुअवा कांटा से बिहार जा रहे एक कन्टेनर का पीछा किया। लेकिन कन्टेन्टर चालक व तश्करों ने पीछे पुलिस की गाड़ी देखकर तेज गति से भागने लगे। उन्होंने बीच डिवाइडर को टपा कर दूसरे लेन में गाडी घुसा दिया। इस घटना में पीछे लगी पुलिस टीम बाल बाल बची। इधर कंटेनर चालक पटहेरवा व महुअवा के बीच में फोरलेन पर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहे।

# 96 शीशी देसी शराब के साथ चार गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा** : अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने रविवार को पुलिस ने चार व्यक्तियों को बैग में रखे 96 शीशी देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने वाहन चेकिंग के दौरान पिट्ठू बैग में देसी बबली बंटी शराब रख बिहार की ओर जाने वाले वाहनों का इंतजार कर रहे थे कि इस दौरान संदेह के आधार पर चार व्यक्तियों को रोका गया, जिनके बैग की तलाशी में शराब बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपितों की पहचान फारूक आलम, सिकंदर कुमार, सुजीत कुमार व राजकुमार शाह निवासी इनरहवा थाना इनरहवा बाजार जिला पश्चिमी चंपारण (बिहार) के रूप में हुआ है। पुलिस आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है।

# जाम हटवाने पर युवक गुलाब से सम्मानित

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** नगर के बावली चौक पर रविवार दोपहर में एक ट्रक के अचानक खराब होने से जाम की समस्या खड़ी हो गई। ड्यूटी पर तैनात यातायातकर्मी जाम हटवाने में जुटे तो आसपास मौजूद कुछ युवक भी आगे आए। यातायातकर्मियों संग मिलकर जाम में फंसे वाहनों को निकलवाया। युवकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने उन्हें गुलाब देकर सम्मानित किया। जाम की समस्या में फंसे लोगों की मदद कर सोनू दीक्षित उर्फ राघवेंद्र निवासी भरवलिया, समसुद्दीन जंगल चौरिया, चंद्रभान यादव बावली चौक ने सराहनीय कार्य किया है। इनके सहयोग से पुलिसकर्मी न सिर्फ शीघ्र जाम हटवाने में सफल रहे बल्कि इस समर्थन से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। पुलिसकर्मी भी इसी समाज के हिस्सा हैं और उन्हें भी आपके स्नेह व सहयोग की जरूरत होती है। यातायात निरीक्षक ने कहा कि सुरक्षित यातायात को लेकर विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया।

# एनडीपीएस एक्ट के दो आरोपित गिरफ्तार

**पडरौना :** हनुमानगंज पुलिस ने रविवार को एनडीपीएस एक्ट के फरार चल रहे दो वांछितों को गिरफ्तार किया। पुलिस दोनों को कोर्ट ले गई, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान मातहतों संग दोपहर में गश्त पर थे। छितौनी के समीप पुलिस का वाहन देख दो युवक तेजी से सड़क से उतर खेत के रास्ते भागे। यह देख पुलिसकर्मियों ने दोनों को दौड़ा कर पकड़ लिया। दोनों की पहचान उमाशंकर निवासी रामपुर जंगल व गुड्डू यादव निवासी राम्नगर खलवा टोला थाना हनुमानगंज के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। दोनों की पुलिस को काफी समय से तलाश थी। टीम में कांस्टेबल मनोज कुमार सिंह, विवेकानंद पटेल शामिल रहे। (जासं)

# पाक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**पडरौना :** चौराखास पुलिस ने फरार चल रहे पाक्सो एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र अपनी टीम संग क्षेत्र भ्रमण पर थे। पुलिस टीम बघौच मोड़ पहुंच टीम ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी। तभी चाय दुकान में बैठा युवक पुलिस को देख दुकान के पीछे के रास्ते से भागा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। उसकी पहचान अली राज निवासी भानपुर नकटहा मिश्र थाना चौराखास के रूप में हुई। पुलिस टीम में दारोगा संतराज यादव व कांस्टेबल अजीत सिंह पटेल शामिल रहे। (जासं)

# दूर हुआ मन मुटाव, रहेंगे अब साथ साथ

**पडरौना :** परिवार परामर्श केंद्र में रविवार को एक दूसरे से नाराज चल रहे दंपती फिर साथ साथ रहने को तैयार हो गए। केंद्र की पहल पर दोनों ने अपनी भूल स्वीकार कर ली और घर चले गए। चौराखास क्षेत्र के चैनपुर की कमलावती ने एक पखवारा पूर्व परिवार परामर्श केंद्र में शिकायत कर बताया पति विद्या प्रकाश व ससुराल वाले उसका उत्पीड़न करते हैं। परेशान होकर वह अपने मायके में रह रही है। केंद्र प्रभारी ने दोनों पक्षों को सम्मन जारी कर केंद्र बुलाया। रविवार को दोनों पक्ष उपस्थित हुए। लगभग तीन घंटे तक चली काउंसिलिंग में दोनों ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और एक साथ रहने को तैयार हो गए। केंद्र प्रभारी रेखा, कांस्टेबल रीमा का इसमें खास योगदान रहा। (जासं)

# बिहार ले जाए जा रहे 35 गोवंश बरामद, तस्कर फरार

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा :** पुलिस ने हाईवे पर स्थित पटहेरवा ओवरब्रिज के पास गाड़ाबंदी करके बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल वध के लिए ले जाए जा रहे एक कंटेनर से 35 गोवंश पकड़ने में सफलता हासिल की है। पशु तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहे। कंटेनर में सात पशु मृत्यु पाए गए। पुलिस ने बाकी 28 गोवंश को खड्डा स्थित गोशाला भेजा है।



पटहेरवा थाना परिसर में बरामद ट्रक के साथ खड़ी पुलिस ● जागरण

प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि वह निरीक्षक उमेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सुबाष श्रीवास्तव, सुनील यादव के साथ ओवरब्रिज के पास वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक कंटेनर तेजगति से आती दिखाई दी। पुलिस टीम को देखकर कंटेनर चालक गाड़ाबंदी तोड़ते हुए फोरलेन की दूसरी लेन से भागने लगा। पुलिस टीम ने कंटेनर की पीछा करना शुरू किया, तो पुलिस को देख कंटेनर चालक व पशु तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए।

# पुलिस ने 33 पशुओं से भरा कंटेनर पकड़ा

पटहेरवा। स्थानीय थाना क्षेत्र के महुअवा गांव के सामने एनएच-28 पर पुलिस ने रविवार को पशुओं से भरा कंटेनर पकड़ा। उसमें 33 गोवंशीय पशु क्रूरतापूर्वक लादे गए थे। पुलिस को चकमा देकर चालक भाग निकला। पुलिस ने इन पशुओं को खड्डा के पशु आश्रय स्थल भेज दिया।

एनएच-28 पर महुअवा गांव के सामने गोरखपुर की तरफ से एक कंटेनर आते देखकर पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा किया तो कुछ दूर जाकर चालक कंटेनर रोककर भाग गया। हालांकि, पुलिस ने उसका पीछा करने के उसको पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह हाथ नहीं आया।

## पुलिस को चकमा देकर भाग निकला चालक

पुलिस ने कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें 33 गोवंशीय पशु क्रूरतापूर्वक लादे गए थे। बताया जा रहा है कि उनमें 13 पशुओं की ट्रक में ही मौत हो गई थी।

थानाध्यक्ष गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि गोवंशीय पशुओं से भरा ट्रक पकड़ा गया है। पशुओं के साथ क्रूरता की गई थी। कुछ की मौत हो गई थी।

चालक की तलाश की जा रही है। पशुओं को खड्डा के गो आश्रय स्थल भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-02-2023

# एआरटीओ ने 17 ट्रकों का किया चालान

कोल्हुई। टैक्स बकाये को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत एआरटीओ आरसी भारती ने रविवार को 17 ट्रकों का चालान किया। जिन ट्रकों के टैक्स जमा नहीं थे उनका चलान किया गया। एआरटीओ ने बताया कि बकायेदारों को कई बार नोटिस भेजा जा चुका है, फिर भी टैक्स जमा नहीं किया जा रहा था।

# ई-रिक्शा व बस संचालकों के बीच मारपीट

**चालान**

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा कस्बे के गांधी चौक पर रविवार की सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। ई रिक्शा चालक एवं बस संचालकों के बीच हुई कहासुनी देखते-देखते धक्का-मुक्की में बदल गई और इसी दौरान कुछ लोग और एकत्रित होकर मारपीट शुरू कर दिए। मारपीट के दौरान कई लोग घायल भी हो गए।

सूचना पर पहुंची नौतनवा पुलिस ने मामले को शांत कराया। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध शांतिभंग में चालान की कार्रवाई की है। कस्बे के गांधी चौक से ई रिक्शा के जरिए मंडी समिति जा रहे हैं। कुछ लोगों को बस संचालकों ने रोक लिया और सवारी बैठाने की बात को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है। दोनों पक्षों के छह लोगों के विरुद्ध चालान किया गया है।

# नशीली दवाओं पर रोकथाम बेअसर

खनुआ। शासन प्रशासन के लाख प्रयासों के बाद भी भारत नेपाल के सीमाई इलाकों में नशीली दवाओं का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कार्रवाई के नाम पर छापेमारी भी हो रही है, लेकिन कोई असर नहीं दिख रहा है।

नौतनवा तहसील के सीमावर्ती गांव खनुआ, भगवानपुर, रजिया घाट, सुंडी,चंडीथान, केवटलिया व रजिया घाट आदि क्षेत्र से इसका अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। ड्रग विभाग की छापेमारी के पहले ही मेडिकल स्टोर की दुकानें बंद हो जा रही हैं। कार्रवाई की सूचना पहले ही लीक होने से प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में हर रोज व्यापक मात्रा में नशीली दवा, सीरप, कैप्सूल व इंजेक्शन की रिकवरी हो रही है।

# एसडीएम और सीओ ने पकड़ा 200 बोरी गेहूं

निचलौल। एसडीएम निचलौल राम सजीवन मौर्य और सीओ सूर्यबली मौर्य की टीम ने शनिवार की रात में बार्डर के शीतलापुर गांव में छापेमारी कर तस्करी के लिए रखा गया 200 बोरी गेहूं पकड़ी है। यह गेहूं चार पिकअप से लादकर लाया गया था और इसे नेपाल भिजवाने की योजना थी।

एसडीएम ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ लोग गेहूं डंप कर नेपाल भिजवाने वाले हैं। सूचना पर शीतलापुर चौकी पुलिस को साथ लेकर छापेमारी की गई। इस दौरान घर के बरामदे में रखा 200 बोरी गेहूं प्रत्येक 55 किग्रा का था पकड़ा गया है। मौके पर गेहूं लाकर डंप करने वाला व्यक्ति मिला और उसने बताया कि यह गेहूं निचलौल कस्बा निवासी दो लोगों का है। इसे दो घंटे बाद नेपाल भेजने की योजना बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए गेंहू को सीज कर चौकी प्रभारी/थाना निचलौल के माध्यम से कस्टम निचलौल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंपा गया।

# जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, दो पर केस

महराजगंज। प्रापर्टी डीलर द्वारा जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज की है। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर करमहा गांव निवासी पूर्व प्रमुख दिग्विजय सिंह ने बताया कि प्रापर्टी डीलर ने पड़री बुजुर्ग में दस डिस्मिल जमीन बेचने के लिए खतौनी व प्लाट दिखाया। डेढ़ लाख रुपये प्रति डिस्मिल की दर से दस डिस्मिल जमीन खरीदने के लिए उन्होंने पांच लाख रुपया चेक के माध्यम से डीलर को दिया। इसके अलावा दस लाख रुपया पार्टी डीलर के फर्म खाते में चेक से भुगतान किया। प्रापर्टी डीलर दोनों भुगतान प्राप्त कर लिया। पन्द्रह मार्च 2020 को ही बैनामा करना था। लेकिन प्रापर्टी डीलर हीलाहवाली करने लगा।

खतौनी की जांच करने पर वह जमीन डीलर के नाम पर नहीं मिली। दबाव बनाने पर डीलर ने पन्द्रह लाख रुपया चेक दिया, लेकिन खाते में पैसा ही नहीं होने से भुगतान नहीं हो पाया। इस मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय ने बताया कि तहरीर के आधार पर घुघली थाना क्षेत्र के बरवा खुर्द निवासी महेन्द्र गुप्ता व उसके पिता गुलाब गुप्ता के खिलाफ धारा 420 व 406 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# 198 बोरी गेहूं बरामद

**निचलौल :** निचलौल उपजिलाधिकारी रामसंजीवन मौर्य व पुलिस उपाधीक्षक सूर्यबली मौर्य की संयुक्त टीम ने शितलापुर गांव में छापेमारी कर सुनील यादव के घर से 198 बोरी गेहूं बरामद किया है। बरामद गेहूं तस्करी के लिए रखा था। गेहूं की बरामदगी के बाद पुलिस ने उसे कस्टम विभाग को सौंप दिया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि रविवार की सुबह सूचना मिली थी, कि शितलापुर गांव के एक घर में तस्करी के लिए गेहूं रखा हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर उपजिलाधिकारी व टीम के साथ पहुंचकर छापेमारी की गई। (जासं)

# रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने में धन उगाही पर हंगामा

- रसीद देकर सौ-सौ रुपये की धन उगाही का आरोप
- ट्रैफिक पुलिस से वाहन चालकों की हुई कहासुनी

महराजगंज, निज संवाददाता। मोटर यान अधिनियम के तहत पकड़ी चौराहा से पनियरा रोड जाने वाली सड़क पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में बलिया के एक व्यक्ति द्वारा वाहनों को रोक उनका चेचिस नंबर नोट करने व वाहनों पर ईचिंग व रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के बदले रसीद देकर सौ-सौ रुपये की धन उगाही का आरोप लगाकर वाहन चालकों ने हंगामा कर दिया। मामला पकड़ी चौकी पर पहुंचा, जहां दोनों पक्ष से पुलिस पूछताछ कर रही थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी चौराहा से करीब तीन सौ मीटर दूर ट्रैफिक पुलिस के एसआई की मौजूदगी में प्राइवेट फर्म के कर्मियों द्वारा दो पहिया व चार वाहनों को रोक उनका चेचिस नंबर नोट कर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप वाहनों पर चस्पा किया जा रहा है। वाहन चालकों का इसका विरोध शुरू कर दिया। इससे हंगामा जैसा माहौल बन गया। सूचना पर पकड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। सभी पक्ष को चौकी पर पूछताछ व जांच के लिए ले गई।

इस मामले में एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि यातायात माह के दौरान जागरूकता व कोहरे के समय वाहनों का निशान दिखाई देने के लिए रिफ्लेक्टर लगाया जा रहा था। मामले की जांच-पड़ताल कराई जाएगी।

# रिफ्लेक्टर लगाने के नाम पर वसूली का आरोप

**जासं, महराजगंज** : सदर कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी चौकी क्षेत्र में पनियरा रोड पर रविवार को वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने और वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने संबंधित टीम के सदस्यों को घेर लिया और पकड़ी चौकी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि रिफ्लेक्टर लगाने वाले गिरोह के सदस्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर लोगों से जबरन 100 रुपये की वसूली कर रहे थे। कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने उनपर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने उन्हें घेरकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस रिफ्लेक्टर लगा रहे लोगों को चौकी पर ले गई। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों में मारपीट, आठ लोगों के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

**शनिवार की रात शिवनगर वार्ड में हुआ था विवाद, दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी पुलिस**

**जासं, महराजगंज**: नगर के शिवनगर वार्ड में पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाद शांत कराया। बाद में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मिले तहरीर पर कुल आठ लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि शनिवार की रात नौ बजे सूचना मिली कि शिवनगर वार्ड में रामनरेश और रामसुभग के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा है, जबतक पुलिस पहुंचती, दोनों पक्ष आपस में भिड़ चुके थे। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया। यहां रामसुभग और रामनरेश दोनों ने एक-दूसरे के विरुद्ध तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद रामसुभग की तहरीर पर रामनरेश, अतुल, विनय और किशन, जबकि रामनरेश की तहरीर पर रामसुभग, उषा, अरुण और निर्जला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**शांतिभंग में छह का चालान**: नौतनवाः नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग के नवीन मंडी समिति के समीप रविवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर थाना ले आई। राजेंद्र नगर वार्ड में रविवार शाम को भंडारे का आयोजन था। कुछ युवक ई-रिक्शा से नवीन मंडी में सब्जी खरीदने जा रहे थे। इस दौरान प्राइवेट बस के कर्मचारियों ने रोक लिया, जिससे दोनों तरफ से मारपीट होने लगी। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि एक पक्ष से दो व दूसरे पक्ष से चार लोगों को शांतिभंग में चालान किया गया है।

# 325 वाहनों का चालान

**महराजगंज** : पुलिस ने रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों से यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में कार्रवाई करते हुए 325 वाहनों का चालान कर दिया है। वहीं 15 वाहन चालकों से 6500 रुपये जुर्माना भी वसूल किया है। यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे ने बताया कि यातायात नियमों के पालन के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। (जासं)

# 109 वाहनों को चालान किया

**महराजगंज।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 109 वाहनों को चालान किया गया। यातायात नियम का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। यह जानकारी यातायात निरीक्षक गुलाब यादव ने दी। संवाद

# 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**महराजगंज।** चौक पुलिस ने रविवार को धरमपुर गांव के भागीरथी को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने दी। संवाद

# 11 विवेचनाएं हुईं निस्तारित

**महराजगंज।** जिले में लंबित विवेचनाओं पर जोर दिया जा रहा है। रविवार को जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 11 लंबित विवेचनाओं का निस्तारण हुआ। यह जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने दी। संवाद

# मारपीट के मामले में छह का चालान

**नौतनवां।** नगर की नवीन मंडी समिति के पास रविवार को दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर थाना ले गई। राजेंद्र नगर में रविवार शाम को भंडारे का आयोजन था। कुछ युवक ई-रिक्शा से नवीन मंडी में सब्जी खरीदने जा रहे थे। इस दौरान प्राइवेट बस के कर्मचारियों ने रोक लिया। इससे दोनों तरफ से कहासुनी होने के बाद में मारपीट हो गई। संवाद

# शांतिभंग में 17 पर की गई कार्रवाई

**महराजगंज।** शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने जनपद के विभिन्न थानों से 17 व्यक्तियों चालान किया। सीआरपीसी में 54 लोगों को जमानत मुचलके से पाबंद कराया गया। नियम विरुद्ध कार्य करने वाले 33 व्यक्तियों पर कार्रवाई हुई। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-02-2023

# आठ वर्षीय बालिका का मिला शव, हत्या की आशंका



घटनास्थल का निरीक्षण करते एएसपी।

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थानान्तर्गत भुवनी गांव मेंवैवाहिक कार्यक्रम के दौरान रात्रि में घर से गायब हुई आठ वर्षीय बालिका का शव रविवारकी सुबह उसके घर से कुछ दूरी पर ही गड्ढे में बरामद किया गया । पुलिस शव को कब्जे में लेकरअन्त्य परीक्षण केलिए भेजा है। लालगंज थाना क्षेत्र के भुवनी गांव के रहने वाले इन्दल राजभर के घर सेबारात शनिवार को गोरखपुर जनपद केकैम्पियरगंज गयी थी। रात्रि मेंघर पर वैवाहिक माहौल होने के कारण महिलाएं व बच्चेदेर रात्रि तक घर में नाच गाना करते रहे। इन्दल राजभर की आठ वर्षीय पुत्री पूर्वी भी नौ बजे तक महिलाओं व बच्चों के साथ डांस करते देखी गयी। फिर अचानक वह गायब हो गयी। परिजन उसे आसपास व अन्य जगहों पर खोजबीन किये जब बालिका नहीं मिली तो 112 नम्बरपर सूचना दी गयी। सुबह इन्दल राजभर के घर से गरीब 150 मीटर की दूरी पर स्थित उसे एक गड्ढे में कीचड़ में सना पूर्वी का शव बरामद किया गया। पूर्वी के शरीर पर कई जगह खरोच के निशान भी मिले हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। घटनास्थल का अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने निरीक्षण करने के बाद बताया कि बालिका के शव का सीसी टीवी की निगरानी में पोस्टमार्टम होगा और परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जल्द ही घटना का खुलासा करदिया जाएगा। घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीती खरवार,थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह, स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर तिवारी समेत फोरेंसिक टीम भी मौजूद रही।

## 25 हजार का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना सोनहा पुलिस द्वारा रुपये 25,000 के इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक सोनहा मय पुलिस टीम द्वारा 25,000 रुपये के इनामिया वांछित अभियुक्त परवेज अहमद पुत्र अजीज निवासी ग्राम गदापुर चक थाना सोनहा जनपद बस्ती को सोनहा बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण परवेज अहमद पुत्र अजीज निवासी ग्राम गदापुर चक थाना सोनहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह थाना सोनहा,निरीक्षक भगवान सिंह थाना सोनहा,का. अजय कुमार थाना सोनहा शामिल रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई

**बस्ती (एसएनबी)।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के देवरिया मन्दिर पर पुरानी रंजिश की बात को लेकर कुछ लोगो ने विनय दूबे उर्फ माता प्रसाद को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित विनय दूबे उर्फ माता प्रसाद पुत्र करूणा सिन्धु दूबे निवासीगण परसा कुहकुह थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सतेन्द्र शर्मा पुत्र ईशराम शर्मा निवासी नगहरा थाना मुण्डेरवा तथा तीन अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर ठगे पैसे, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** सोनहा थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी पंकज कुमार चौधरी पुत्र राम बहाल ने पुलिस को बताया कि पारकर पेन का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के लिए उससे आरोपी नितिन कुमार ने 35175 रूपये लेकर हड़प लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी नितिन कुमार के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# झांसा देकर युवती को भगाया, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के कुसम्हा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस में तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी को आरोपी घमंडी शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसला कर भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी घमंडी पुत्र संते ग्राम भरवलिया थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बीच बचाव में आये युवक की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** दोस्त को पिटता देख बीच बचाव में आये एक युवक को अभियुक्तों ने गालियां देते हुए मार पीट कर जख्मी कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास कुछ लोग अमितेश प्रताप सिंह के दोस्ट हिमान्शु पाण्डेय को मार रहे थे। जिसे देख बीच बचाव में पहुचे अमितेश को अभियुक्तो ने गालियां देते हुए मारापीट तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में अमितेश के सिर में गम्भीर चोट आयी। मामले में पीड़ित अमितेष प्रताप सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह निवासी कटरूआ दलथम्हन पोस्ट पिपरा गौतम थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डीके चौधरी, संजू यादव व आधा दर्जन अज्ञात लोगो के विरुद्ध धारा 147, 323, 308 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जालसाजी कर जमीन को हड़पा, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** कूटरचित दस्तावेज के आधार पर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति का जमीन हड़प लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर सोनहा पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाना क्षेत्र के नौवागांव के रहने वाले निजामुद्दीन पुत्र जैनुल्लाह की जमीन को आरोपी अब्दुल कयूम तथा अन्य तीन लोगो ने जालसाजी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार करा लिया और उसका जमीन हड़प लिया। मामले में पीड़ित निजामुद्दीन ने माननीय न्यायालय की शरण लिया। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर सोनहा पुलिस ने आरोपी अब्दुल कयूम, मोहम्मद नईम, मोहम्मद कलीम पुत्रगण मोहम्मद मुस्तफा, तरीकुन्निशा पत्नी मोहम्मद मुस्तफा निवासीगण नौवागाँव, थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गैंगस्टर का इनामियां गिरफ्तार

**गौर (एसएनबी)।** गौर पुलिस ने काफी दिनो से फरार चल रहे 25 हजार के ईनामिया गैंगेस्टर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गौर के थानाध्यक्ष बृजेन्द्र पटेल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्त जानकारी दिया। बताया कि हर्रैया थाना क्षेत्र के थान्हाखास निवासी गैंगेस्टर धीरेन्द्र श्रीवास्तव का काफी दिनों से तलाश किया जा रहा था। रविवार को प्रातः वे उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव, हेडकांसटेबल मोहम्मद सिराजुद्दीन अंसारी और आरक्षी रवि कुमार राय के साथ गस्त पर निकले थे। बभनान-हर्रैया मार्ग पर धीरेन्द्र श्रीवास्तव दिखाई दिए जहां से उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया।

# सुभासपा ने बैठक कर बनाई रणनीति

बस्ती। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने रविवार को न्याय मार्ग स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक की।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद राजभर ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बृजभूषण मिश्र के ऊपर हुए हमले में वाल्टरगंज पुलिस निष्क्रिय है। मनबढ़ पुनः घटना दोहराने के फिराक में हैं। घटना की पुर्नावृत्ति न हो ऐसे में हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। घटना से गांव का माहौल खराब है। कहा कि जल्द घटना में शामिल आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो थाने का घेराव किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी राम सहाय राजभर, प्रमोद चौधरी, मनोज राजभर, बाल कृष्ण ओझा, अमन राजभर, राजेश राजभर, राम किशुन राजभर आदि मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

बस्ती। सोनहा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा कायम किया है। इसी थाने के नौवागांव निवासी निजामुद्दीन का आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर धोखाधड़ी, जालसाजी व कूटरचना करके उनके आराजी गाटा को हड़प लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के अब्दुल कयूम, मोहम्मद नईम, मो. कलीम और तरीकुन्निशा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पैसा लेकर जमीन नहीं देने पर मुकदमा दर्ज

कप्तानगंज। कप्तानगंज पुलिस ने जमीन देने के नाम पर पांच लाख रुपए से अधिक के धोखाधड़ी के मामले में जसईपुर गांव निवासी प्रवीन्द्र वर्मा के शिकायती पत्र पर गांव के ही आरोपी वेद प्रकाश मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रवीन्द्र ने आरोप लगाया है कि वेद ने पांच लाख रुपए अपने खाते में ले लिया लेकिन जमीन नहीं दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी वेद प्रकाश के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420, 467, 468, 504, 506 तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी व कूटरचना का मुकदमा

**भानपुर, बस्ती :** सोनहा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के नौवागांव निवासी निजामुद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर धोखाधड़ी व कूटरचना करके उनके जमीन को हड़प लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के अब्दुल कयूम, मोहम्मद नईम, मो. कलीम और तरीकुन्निशा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तस्करी के लिए बांधे गए नौ गोवंश बरामद, गौशाला भेजा

बभनान। पैकोलिया क्षेत्र में तस्करी के लिए एक बाग में बांधे गए नौ गोवंश पुलिस ने शनिवार/ रविवार की रात बरामद किया। पशुओं का चिकित्सीय परीक्षण कराकर वृहद गौशाला कठौतिया साऊडीह भेज दिया गया। पैकोलिया क्षेत्र के उसका कलहंस गांव से पुलिस को सूचना मिली कि गांव के उत्तर तरफ एक बाग में तस्करों ने कुछ गोवंश बंधे हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नौ गोवंश पशुओं को बरामद किया। एसआई मुनींद्र त्रिपाठी की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# दुष्कर्म के वांछित आरोपित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दो अलग-अलग मामले मे नाबालिका से दुष्कर्म के आरोपित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना बखिरा पुलिस दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट व एससीएसटी मामले में वांछित संदीप यादव पुत्र प्रमोद कुमार उर्फ नन्हे निवासी ग्राम संतोषपुर को बौरब्यास तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। उक्त ने 17 फरवरी की रात्रि में वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में वादिनी ने थाना स्थानीय पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया।

# इनामिया आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे इनामिया आरोपी को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुर चक गांव निवासी आरोपी परवेज अहमद के खिलाफ स्थानीय थाने पर दुष्कर्म व गोवध निवारण अधिनियम सहित न्यायालय के अवमानना के मामले में चार मुकदमें और कोतवाली में गैंगरेप सहित दो मामले दर्ज थे। वह कई वर्षो से फरार चल रहा था। रविवार की सुबह करीब 10 बजे मुखबिर की सूचना पर आरोपी परवेज अहमद को सोनहा बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह, निरीक्षक भगवान सिंह व कांस्टेबल अजय कुमार शामिल रहे।

# इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार

बभनान। हर्रैया थाना क्षेत्र के थानाखास गांव निवासी धीरेंद्र श्रीवास्तव ने विक्रमजोत में फर्जी चिटफंड कंपनी खोला और सहयोगियों के साथ मिलकर जाल बिछाना शुरू किया। विक्रमजोत सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगों को कम समय में अधिक ब्याज देने का लालच देकर लोगों से रुपए जमा कराया और गबन कर फरार हो गया। शिकायत पर छावनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की। जून 2022 से गौर पुलिस उसकी तलाश में थी। प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेंद्र पटेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार की सुबह सवा नौ बजे बभनान-हर्रैया तिराहे से 25 हजार के इनामी पर गैंगस्टर धीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ने वाली टीम में एसआई राधेश्याम यादव, कां. सिराजुद्दीन, रवि कुमार शामिल रहे।

# धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर

बस्ती। सोनहा थाने में तहरीर देकर हसनापुर निवासी पंकज कुमार चौधरी ने आरोप लगाया है कि धोखाधड़ी से उन्हें एक कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर जालसाज ने 35175 रुपया ले लिया। पुलिस ने नितिन कुमार निवासी अज्ञात के खिलाफ आईपीसी 420 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मेले में बिछड़ों को अपनों से मिलाया

बस्ती। महाशिवरात्रि पर्व पर भदेश्वरनाथ शिव मंदिर में आयोजित मेले में खोया पाया शिविर लगा। शिविर में 25 से अधिक बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया गया।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीके वर्मा ने शिविर की सराहना की। समाचार पत्र वितरक जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी जय प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि निरन्तर पिछले 32 वर्षों से मेले में बिछड़े लोगों को एक दूसरे से मिलाने का कार्य कर रहे हैं। शिविर संचालन में मुख्य रूप से ब्रम्हदेव यादव देवा, विश्वनाथ, कुन्दन वर्मा, अतुल शुक्ल, भूपेन्द्र चौधरी, बबलू तिवारी, रमेश चौधरी, अनिल दूबे, सूर्य प्रकाश शुक्ल, सन्तोष आदि ने सहयोग किया।

# धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा, छानबीन शुरू

**भानपुर, बस्ती :** सोनहा पुलिस ने हसनापुर निवासी पंकज कुमार चौधरी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि धोखाधड़ी से उन्हें एक कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर जालसाज ने 35175 रुपये ले लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नितिन कुमार निवासी अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इधर इस तरह की घटनाएं बढ़ गई हैं। धोखाधड़ी करने वालों को पकड़कर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। (जासं)

# बाइक चोरी का केस दर्ज नहीं

**जांस, महादेवा:** टेंगरिया राजा निवासी भखंदर पुत्र शोहरत ने लालगंज पुलिस को तहरीर में बताया कि महादेवा पुलिस चौकी के सामने 16 फरवरी को रामआसरे की दुकान के बाहर वह बाइक खडा करके एक दुकान पर चाय पीने चले गए। लौटे तो बाइक वहां नहीं मिली। उन्होंने इसकी सूचना महादेवा पुलिस चौकी पर दी। पुलिस केस दर्ज नहीं कर रही है।

# लोनिवि कार्यालय के पास मारपीट, मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली क्षेत्र में लोनिवि कार्यालय के पास हुए मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में नगर थाने के कटरूआ दलथम्हन गांव निवासी अमितेष प्रताप सिंह ने आरोप लगाया है कि लोनिवि कार्यालय के पास उनके मित्र हिमांशु पांडेय को विपक्षी मारपीट रहे थे। मौके पर पहुंचकर जब उन्होंने बीच-बचाव किया तो आरोपित एकराय होकर उन्हें मारने पीटने लगे ।उनके सिर में गंभीर चोट आई है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर डीके चौधरी, संजू यादव पता अज्ञात व अन्य छह-सात अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।(जासं)

# जनसमस्याओं को प्राथमिकता दें अफसर तत्काल करें समाधान : मुख्यमंत्री योगी

**जासं, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनसमस्याओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता दिखाएं। उनका समाधान प्राथमिकता के साथ तत्काल सुनिश्चित करें। प्रत्येक नागरिक की समस्या का निस्तारण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के दौरान नसीहत भरा यह निर्देश अधिकारियों को दे रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए आश्वस्त किया। लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिया कि उनका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में आए लोगों के पास खुद गए और उनकी बातें सुनीं। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह आर्थिक मदद की औपचारिकता पूरी करने में लोगों की मदद करें। समस्या समाधान की उम्मीद लेकर जनता दर्शन में आने वालों में सर्वाधिक संख्या महिलाओं की रही। महिलाओं के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री दुलारा और चाकलेट दी।

- गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान सीएम ने सुनीं समस्याएं

## नाम से पुकारा तो दौड़ी चली आईं गायें

जनता दर्शन में जनसेवा से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। नियमित पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री गोशाला पहुंचे। उन्होंने जैसे ही गायों को नाम से पुकारा वह दौड़ी चली आईं। मुख्यमंत्री ने उन्हें बच्चों की तरह दुलारा और अपने हाथ से गुड़-चना खिलाया।

## गुरु चरणों में नवाया शीश

मुख्यमंत्री आवास से निकलने के बाद गुरु गोरक्षनाथ मंदिर पहुंचे और उनके चरणों में शीश नवाया। इसी क्रम में अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर उनका भी आशीर्वाद लिया।

# पुरस्कार घोषित व गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**जासं, बभनान, बस्ती:** रविवार को नगर पंचायत बभनान के हरैंया तिराहे पर गैंगस्टर एक्ट के आरोपित को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस के अनुसार एक सूचना के आधार पर छावनी थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपित धीरेंद्र श्रीवास्तव निवासी थान्हा खास थाना हरैंया, बभनान कस्बे में मौजूद है। प्रभारी निरीक्षक गौर ब्रजेंद्र पटेल, उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। आरोपित भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध छावनी व गोंडा जनपद के छपिया थाना क्षेत्र में नौकरी के नाम पर कई लोगों से ठगी करने का मुकदमा पंजीकृत है। गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का पुरस्कार भी घोषित था।

# सोनहा पुलिस ने आरोपित इनामी को पकड़ा

**भानपुर :** सोन्हा पुलिस ने पुरस्कार घोषित एक वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे सोनहा बाजार से वांछित परवेज अहमद निवासी ग्राम गदापुर चक थाना सोनहा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक की ओर से आरोपित की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। आरोपित के विरुद्ध सोनहा थाने में पांच व कोतवाली बस्ती में एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है। उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनके अलावा निरीक्षक भगवान सिंह, आरक्षी अजय भी शामिल रहे। (जासं)

होगी। उसने कभी उत्पीड़न की बात नहीं उत्तर सभी को कचोट रहा है।

# 6 से 11 के बीच के फुटेज नहीं दिखा पाए

**बस्ती।** पोस्टमार्टम होने के बाद शव लेकर परिवार के लोग अंतिम संस्कार के लिए चले गए। कुछ सदस्य घटनाक्रम की जानकारी लेने विद्यालय पहुंचे। वहां सीसीटीवी फुटेज देखा और प्रधानाचार्य, स्कूल के बच्चों और स्टाफ के लोगों से भी जानकारी ली।

मृतक के चाचा अजय त्रिपाठी ने बताया कि कई चीजें, जो गले से नीचे नहीं उतर रही हैं। शाम सात बजे से लेकर रात 11 बजे के बीच का फुटेज विद्यालय प्रशासन नहीं दिखा पाया। त्रिपाठी के मुताबिक जो फुटेज दिखाए। उसमें बीच-बीच में एडिट किया गया था।

शाम 06.08 बजे के फुटेज में कृष्णा अकेले कॉरिडोर से अपने कमरे की तरफ जाते दिख रहा है, लेकिन आगे कॉरिडोर की लाइट बंद होने के कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय ने बताया कि यह

## ये भी उठे सवाल

- उपलब्ध कराए गए फोटो में मृतक कृष्णा का पांव फर्श को छू रहा है। फोरेंसिक के जानकार बताते हैं कि अगर फर्श पर पांव छू रहा है तो मौत होने की गुंजाइश कम हो जाती है।
- घटना की सूचना परिवार वालों को देने में काफी देर की गई। बावजूद इसके किसी अधिकृत व्यक्ति के बजाए पड़ोस के लड़के के जरिए परिवार के लोगों को सूचना दी गई।
- जिस दरवाजे को तोड़कर निकालने की बात बताई जा रही है,उसकी कुंडी तक सही सलामत पाई गई। पुलिस का दावा है कि फावड़े से एक चोट करने के बाद कुंडी की दूसरी साइड का दरवाजा खुल गया था।
- परिवार के लोगों के मुताबिक पंखे के रॉड में मफलर बांधने के बजाए उसके ब्लेड में बांधा गया, जबकि 45-48 किलो का कृष्णा ब्लेड से लटकता तो ब्लेड मुड़कर नीचे आ गई होती।
- पिता के मुताबिक उन लोगों के पहुंचने से पहले शव को पोस्टमार्टम के लिए सील कर देना संदेह पैदा करता है।

घटना अत्यंत खेदजनक है।

बताया कि रविवार को पूरे दिन संयुक्त निदेशक के साथ विद्यालय में घटना से जुड़े तथ्यों को खंगाला गया। इसमें देखा गया कि किन परिस्थितियों में यह घटना हुई होगी। साथ ही आगे ऐसा न हो इसके लिए क्या उपाय किया जाना चाहिए, इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जांच करने के सवाल पर बताया कि निदेशालय के निर्देश पर अभी इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी।

विभाग परिवार के लोगों के साथ है। उनकी प्रत्येक आशंकाओं का समाधान किया जाएगा।

## धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर

**बस्ती।** सोनहा थाने में तहरीर देकर हसनापुर निवासी पंकज कुमार चौधरी ने आरोप लगाया है कि धोखाधड़ी से उन्हें एक कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर जालसाज ने उनसे 35175 रुपये ले लिए। पुलिस ने नितिन कुमार निवासी अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## गैंगस्टर में वांछित इनामी आरोपी गिरफ्तार

**गौर।** गैंगस्टर के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार रुपये का इनामिया आरोपी धीरेंद्र श्रीवास्तव को गौर पुलिस ने रविवार को सुबह थाना क्षेत्र के बभनान-हरैया मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक गौर विजेंद्र पटेल ने बताया कि गैंगस्टर धीरेंद्र हरैया थाना क्षेत्र के थान्हा खास का निवासी है। वह लंबे समय से वांछित चल रहा था। जिस पर पुलिस की ओर से इनाम भी घोषित है। सूचना मिली कि वह बभनान तिराहे पर खड़ा है और कहीं भागने की फिराक में है, तभी प्रभारी निरीक्षक ब्रजेंद्र पटेल,उप निरीक्षक राधेश्याम यादव,हेड कांस्टेबल मो.सिराजुद्दीन अंसारी, आरक्षी रवि कुमार राय ने उसे गिरफ्तार कर लिया। संवाद

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा कायम किया है। इसी थाने के नौवागांव निवासी निजामुद्दीन का आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर धोखाधड़ी, जालसाजी व कूटरचना करके उनके आराजी गाटा को हड़प लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के अब्दुल कयूम, मोहम्मद नईम, मो. कलीम और तरीकुन्निशा के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## किशोरी को ले जाने में केस

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने किशोरी को शादी की नीयत से भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला घमंडी उनकी बेटी को शादी करने की नीयत से बहला-फुसलाकर 18 फरवरी को भगा ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। संवाद

# नौ आरोपी गिरफ्तार

**मुंडेरवा।** शांति भंग की आशंका में मुंडेरवा पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना क्षेत्र के हल्लौर नगर गाव के उदयराज, लाल बहादुर, परमात्मा और फूलचंद और मदरा गांव के श्रवन कुमार, कमलेश यादव, राजेन्द्र यादव, रमेश यादव और हेमंत यादव को मुंडेरवा कस्बे से गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-02-2023

# बरामद हुई गुमशुदा लड़कियां

डिड़ई (एसएनबी) । शिवनगर डिड़ई थाना क्षेत्र के बेलगडी गांव की गुमशुदा तीन अल्पवयस्क लड़कियों को पुलिस ने बारह घंटे के भीतर बरामद कर लिया।

## लखनऊ में मिलीं तीनों लड़कियां

जानकारी के अनुसार बेलगडी गांव निवासी तीन लड़कियां शिवरात्रि के दिन मेला देखने के बहाने घर से निकल गईं। शाम 4 बजे तक वापस घर न पहुंचने पर इंतजार कर रहे घर वालों का धैर्य जंबाब दे गया। ग्राम प्रधान मोहम्मद असहर के साथ थाने पर पहुंच कर लडकियों के पिता ने मामले की जानकारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला को दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष श्री शुक्ला ने तत्काल लड़कियों के घर का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगवा दिया। मोबाइल से मिले इन्पुट के आधार पर ग्राम प्रधान व बच्चों के अभिभावकों के साथ एसआई विश्व मोहन राय के नेतृत्व में पुलिस टीम भेजकर चारबाग (लखनऊ) जीआरपी के अभिरक्षा में बैठाई गई लड़कियों की पहचान उपरोक्त गुमशुदा लडकियों के रुप में कर ली गई। परिजनों को देख लड़कियां भावुक हो रहा रोने लगीं। परिजन भी अपने खुशी के आंसू नही रोक पाए। गुमशुदा लड़कियों के अतिशीघ्र बरामदगी की सूचना पूरे क्षेत्र में फैल गई। लोग इस बरामदगी को लेकर पुलिस की प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं बच्चियों के अभिभावक ग्राम प्रधान के सहयोग की भी खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं।

# पीस कमेटी की बैठक

भनवापुर (एसएनबी)। होली और शब-ए-बरात को लेकर बिस्कोहर चौकी परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठककिया गया। क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और स्थानीय स्तर पर गठित समिति सदस्यों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। इस मौके पर चौकी प्रभारी बिस्कोहर राकेश त्रिपाठी, उप निरीक्षक अजय सिंह शिव दास गौतम, रमा शंकर यादव, अर्जुन यादव, आशीष मौर्य, अजय यादव, पिंटू सरोज, हेमंत कुमार जय हिन्द, राम विलास, राम अजोरे मिश्रा, शाह ग्राम प्रधान व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

# होली व शब-ए-बरात पर पुलिस की होगी पैनी नजर

**बैठक**

- इटवा में एसडीएम की मौजूदगी में हुई पीस कमेटी की बैठक
- होली और शब-ए-बरात को सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील

**इटवा, हिन्दुस्तान संवाद।** इटवा थाने पर रविवार को एसडीएम विकास कश्यप और सीओ हरीश चन्द्र की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें होली और शब-ए-बरात के त्योहारों को सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की गई। साथ ही बताया गया कि होली में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। खुराफात करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

एसडीएम ने कहा कि होली का पर्व भाईचारे का संदेश देता है। इससे लोगों को सीख लेनी चाहिए। रंग गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से सम्पन्न हो।



इटवा थाने पर रविवार को होली व शब-ए-बरात को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई।

उन्होंने कहा कि जिन गांवों में होलिका दहन का स्थान चिन्हित है वहां लोग उसी स्थान पर दहन करें। कोई नए स्थान का चयन न करें। होली में कहीं भी बवाल न हो इसके लिए पुलिस नजर रख रही है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि होली के दिन अवैध शराब बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें ताकि पुलिस शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर सके। इस मौके पर इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार मौर्य, ओम छापड़िया, शम्भूनाथ सोनी, राम उजागिर, रईश, अदालत यादव, महताब आलम, रवि सिंह, मुख्तार, राजेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# ग्राम प्रहरियों को दिए जरूरी निर्देश

बर्डपुर। मोहाना थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों संग बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही ग्राम प्रहरियों को उच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए निर्देशों की भी जानकारी दी।

# लखनऊ में मिलीं गायब तीन किशोरियां

**जागरण संवाददाता, डिड़ई :** शिवनगर डिड़ई थाना के बेलगढी गांव से शनिवार को मेला देखने निकलीं तीन किशोरियां गुम हो गईं। पुलिस तीनों को लखनऊ से 12 घंटे में खोज निकाला। शिवनगर पुलिस की इस तत्परता की ग्रामीण व क्षेत्रवासी काफी सराहना कर रहे हैं।

बेलगडी गांव निवासी तीनों किशोरी शिवरात्रि के दिन मेला देखने के बहाने घर से निकलीं थीं। शाम छह बजे तक तक वापस घर न पहुंचने पर स्वजन थाने पहुंचकर गुम होने की सूचना थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला को दी। पुलिस ने स्वजन से किशोरियों का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगवा दिया। उनका लोकेशन लखनऊ के चारबाग स्टेशन पर मिला। थानाध्यक्ष ने वहां के जीआरपी से संपर्क कर किशोरियों को बरामद कर लिया।

# मोहाना थाना में आयोजित हुई ग्राम प्रहरियों की बैठक

**जागरण संवाददाता ककरहवा सिद्धार्थनगर**: मोहाना थाना परिसर में रविवार को क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक हुई। थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने ग्राम प्रहरियों को प्रतिदिन ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को साथ लेकर गश्त करने का निर्देश दिया। साथ ही हर छोटी और बड़ी सूचना देने की अपील की।

थानाध्यक्ष ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस के अहम अंग हैं। ग्राम प्रहरी गांव की हर गतिविधि पर नजर रखें और हर सूचना को पुलिस तक पहुंचाने का प्रयास करें ताकि किसी भी घटना को पहले ही रोक दिया जाए। उन्होंने ग्राम प्रहरियों से कहा कि सभी लोग अपने-अपने बीट के दारोगा व पुलिस का मोबाइल नंबर नोट कर लें। कोई सूचना मिलती है तो तत्काल उसे अपडेट करें।

# शांति व सौहार्द से होली पर्व मनाने की अपील

**जासं, बिजौरा:** होली के त्योहार को शांति और सौहार्द से मनाने के लिए त्रिलोकपुर थानाक्षेत्र के बिस्कोहर पुलिस चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेकर आपस में शांति और सौहार्द से होली मनाने की अपील की।

थानाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिंह ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। रंग-गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से हो। जिन गांवों में होलिका दहन का स्थान चिह्नित है, वहां लोग उसी स्थान पर होलिका दहन करें। चौकी प्रभारी राकेश कुमार त्रिपाठी एसआइ अनिल कुमार,शिवदास गौतम , राम प्रताप सिंह, लेखपाल सच्चिदानंद मिश्रा, सुधीर त्रिपाठी, सुरेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# मारपीट में ग्राम प्रधान समेत 15 लोग घायल, 13 पर केस दर्ज

## मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के पटियापार गांव का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटवा।** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के पटियापार गांव में शनिवार रात हुई मारपीट में ग्राम प्रधान समेत 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

क्षेत्र के पटियापार गांव निवासी ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार यादव ने एसओ मिश्रौलिया को दिए तहरीर में बताया कि शनिवार रात साढ़े सात बजे फोटो लेने मिठौवा चौराहे पर गया था। वहां पहले से मौजूद जितेंद्र, बृजभान, राम तीरथ, रामदेव, ब्रह्मदेव प्रकाश अभद्रता करने लगे।

विरोध करने पर मारने लगे। इस दौरान मोबाइल लोन व चेन गिर गया। वहीं, दूसरे पक्ष के जितेंद्र चौधरी ने आरोप लगाया है कि गांव के ही महेंद्र यादव, रामफेर, राजेश, हरिओम, विरेंद्र, भुद्धेश, अंगद, दिनेश गालियां दे रहे थे।

मना किया तो यह लोग मुझे मारने लगे। इसी दौरान बीच-बचाव करने आए हमारे परिजनों को भी मारा-पीटा गया। जिसमें निर्मला को काफी चोटें आईं।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्ष के 13 लोगों पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में एसओ मिश्रौलिया मोतीलाल यादव ने बताया कि रविवार को मामले में महेंद्र कुमार यादव की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ बलवा व जान से मारने की धमकी व जितेंद्र चौधरी की तहरीर पर दूसरे पक्ष के आठ लोगों पर बलवा का मुकदमा दर्ज कर शांतिभंग में गिरफ्तार करके न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

**यह लोग हुए घायल :** पहले पक्ष के महेंद्र यादव, हरिओम, रामफेर, राकेश को चोट आई है, जबकि दूसरे पक्ष के जितेंद्र, किरन, तीरथ, धर्मेंद्र, ब्रह्मप्रकाश, बृजलाल, निर्मला, रामसकल, गुड़िया, रेनू व एक अन्य महिला चोटें आईं है।



मारपीट में घायल महेंद्र यादव। संवाद

## महिला ने मारपीट का आरोप लगाया

औराताल। पथरा थाना क्षेत्र के पेंदा गांव निवासी देवकी पत्नी राम सुमिरन शुक्ल ने गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट और लूटपाट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले में रविवार को थाने पर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। संवाद

## दो भाइयों में मारपीट

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के इंद्रनगरा मोहल्ला निवासी दिलीप गुप्ता और राधेश्याम गुप्ता के बीच रविवार को विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट हुई। दोनों थाने पर पहुंच गए और मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में शहर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट हुई है, मेडिकल कराने के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने के बाद केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# सौहार्दपूर्वक मनाएं होली व शब-ए-बरात पर्व

- इटवा थाने पर आयोजित की गई शांति कमेटी की बैठक
- किसी ने की अराजकता तो होगी सख्त कार्रवाई : सीओ

जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर : थाना इटवा पर रविवार को शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। होली व शब-ए-बरात को सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की गई। अराजक तत्वों को चेताया गया कि किसी ने त्योहार के दौरान अराजकता की तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

उपजिलाधिकारी विकास कश्यप ने कहा कि पर्व का असली आनंद तभी आता है, जब इसे सौहार्द एवं भाईचारा के माहौल में मनाया जाए। उन्होंने पर्व को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन को साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। यदि नगर में कहीं भी अधिक गंदगी दिखे तो अवगत कराएं। पुलिस क्षेत्राधिकारी हरीशचंद्र ने कहा कि होली पर्व के दौरान डीजे की आवाज सीमित रखें। अश्लील अथवा आपत्तिजनक गाना किसी भी दशा में न चलाएं। अबीर-गुलाल ही नहीं फूलों से भी होली खेलें, मगर कीचड़ एवं अन्य गंदगी चीजों से परहेज करें। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य,कहा कि पुलिसकर्मियों की प्वाइंटवार ड्यूटी लगाई जा रही है। निरीक्षक अपराध ओम प्रकाश तिवारी, चौकी इंचार्ज शाहपुर मनोज कुमार श्रीवास्तव, एसआइ मोतीलाल, संजय राय,अजय द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।



इटवा थाने में शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम विकास कश्यप • जागरण

# लापता तीन किशोरियों को डिड़ई पुलिस ने खोजा

बांसी। शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के एक गांव की लापता तीन किशोरियों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खोज निकाला। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन किशोरियां शिवरात्रि के दिन मेला देखने के बहाने घर से निकली थीं। शाम चार बजे तक किशोरियां जब वापस घर नहीं पहुंचीं तब परिजन ग्राम प्रधान के साथ थाने पर पहुंच कर मामले की जानकारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला को दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष ने तत्काल लडकियों के घर का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगवा दिया। मोबाइल से मिले लोकेशन के आधार पर पर खोज लिया गया। संवाद

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे पुलिस कर्मी

## पुलिस लाइन में खुलेगी लाइब्रेरी, सुरक्षाकर्मियों के बच्चे भी उठा सकेंगे लाभ

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले पुलिसकर्मियों और पुलिस लाइन में रहने वाले उनके बच्चों के लिए अच्छी खबर है। पुलिस लाइन में लाइब्रेरी खोली जाएगी। जिसका वे लाभ उठा सकेंगे। मार्च माह में लाइब्रेरी खुलने की उम्मीद है।

पुलिस की सेवा में आने के बाद भी अधिकांश लोग पढ़कर अन्य सरकारी सेवाओं में जाते हैं, लेकिन उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तक खरीदने के लिए गोरखपुर और अन्य शहरों में जाना पड़ता है। इसके साथ




पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर। संवाद

ही ट्रेनिंग के बाद पुलिस आईपीसी और सीआरपी की किताब नहीं पढ़ पाते हैं। अब उनकी समस्या दूर हो जाएगी।

क्योंकि पुलिस कर्मियों की सहूलियत के लिए पुलिस लाइन में लाइब्रेरी खोलने की कवायद शुरू हो गई है।

लाइब्रेरी बनाने का कार्य शुरू हो गया है, मार्च माह के प्रथम सप्ताह में यह खुले जाएगी। यहां किताब लेकर जाकर पढ़ने के साथ ही बैठकर भी पढ़ने की सुविधा रहेगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि लाइब्रेरी न होने के कारण अधिकांश पुलिसकर्मी चाहते हुए भी कुछ नहीं पढ़ पाते हैं।

वहीं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले पुलिसकर्मियों को भी दिक्कत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी खोली जा रही है।

# त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई

## पुलिस चौकी बिस्कोहर में पीस कमेटी की हुई बैठक, शांति से त्योहार मनाने की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिस्कोहर।** होली एवं शब ए बरात को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बिस्कोहर में रविवार शाम पांच बजे पीस कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेकर आपस में शांति और सौहार्द से होली व शब ए बारात मनाने बात कही।

थानाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिंह ने कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारा का पर्व है। इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। रंग, गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें, ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से संपन्न हो।



पुलिस चौकी बिस्कोहर में होली और शब-ए-बरात को लेकर शांति कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। संवाद

समाज में असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। कोई भी व्यक्ति हुड़दंग करता है तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। चौकी प्रभारी राकेश कुमार त्रिपाठी, एसआई अनिल कुमार, शिवदास गौतम, रामप्रताप सिंह, लेखपाल सच्चिदानंद मिश्र मौजूद रहे।

### असमाजिक तत्वों से सख्ती से निपटेगी पुलिस : सीओ

**इटवा।** स्थानीय थाने में रविवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम विकास कश्यप ने कहा कि आने वाले होली के त्योहार को आप सभी शांतिपूर्वक व मिलजुल कर मनाएं। सीओ हरीशचंद्र ने कहा कि असमाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने मौजूद लोगों से पूछा कि आप सभी के गांवों में अथवा कस्बों में किसी तरह की समस्या हों तो उसे अवश्य बताएं। जिससे समाधान किया जा सके। व्यवसायी ओम छापड़िया ने कहा कि मेरे क्षेत्र में सभी धर्मों के त्योहार शांति पूर्वक सभी वर्गों के लोग मिलजुल कर मनाते आए हैं। व्यापार मंडल के महामंत्री अनिल जायसवाल ने कहा कि चौराहे पर होने वाले कार्यक्रमों में बाहरी युवकों को मंच पर न जाने दिया जाए। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-02-2023

# खुशी-खुशी एक साथ रहने को तैयार

**संतकबीरनगर (एसनबी)।** साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के आयोजन रविवार परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर वरि.उ.नि. श्यामदेव प्रसाद एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में कुल 02 मामले आये, जिसमें सुलह समझौता करवाया गया। प्रथम पक्ष रश्मिकला पुत्री दयाल निवासी भोरघाट थाना महुली व द्वितीय पक्ष प्रदीप कुमार पुत्र रामबेलास निवासी नेतवापुर थाना धनघटा और निशा पत्नी अजय प्रकाश निवासी जगदीशपुर उर्फ लहुरादेवा थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष- अजय प्रकाश पुत्र बालकेश निवासी उपरोक्त के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। दोनों पक्षों में आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

# अश्लील हरकत का विरोध करने पर पीटा, केस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का विरोध करने पर शनिवार को अपरान्ह करीब 2.30 बजे कुछ मनवढों ने धनघटा थाने से 100 मीटर की दूरी पर एक युवक को लात-घूसों से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल युवक ने घटना के संवंध में पुलिस को लिखित तहरीर दे दी है जिसके आधार पर पुलिस ने मनवढ हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संवंध में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी रिजवान पुत्र करम हुसेन ने बताया कि उसके परिवार की एक लड़की धनघटा स्थित एक बालिका कालेज में रोज पढने आती है जिसे देखकर थाना क्षेत्र के धनघटा गांव निवासी दीपक यादव पुत्र स्व.वीरचन्द्र व शिवम पुत्र अज्ञात नामक दो युवक आए दिन अश्लील हरकत करते रहते हैं जिसके संवंध में छात्रा द्वारा परिवार में जानकारी दी गई तो लोकलाज बस सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा उक्त दोनों युवकों के घर उलाहना देकर इस हरकत से वाज आने के लिए सख्त हिदायत भी पूर्व में दी गई थी। उसी से खार खाए उक्त दोनों युवक उसे मारने की फिराक में लगे थे। प्रार्थनापत्र में वताया कि शनिवार को वह जरूरी कार्य से धनघटा कस्बे में जा रहा था तों थाने से 100 मीटर पहले ही उक्त दोनों युवकों ने अपने कुछ अन्य अज्ञात साथियों के साथ घेर कर उसे रोक लिया और लात-घूसों से सभी ने मिलकर उसकी पिटाई कर उसे वुरी तरह घायल कर दिया। प्रार्थनापत्र में वताया कि मौके पर जुटी भीड़ वीचवचाव कर रही थी तो उक्त सभी हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रार्थनापत्र के आधार पर पुलिस ने उक्त हमलावरों में दो नामजद समेत दो अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,354, 504,506 व 7/8 पास्को एक्ट के तहत रविवार को मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि जल्द ही हमलावर युवकों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपी धराये

**संतकबीरनगर/सेमरियावां (एसएनबी)।** जनपद में एनबीडब्ल्यू, वांछित, जिला बदर, गैंगेस्टर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपियों को दुधारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय/जेल रवाना किया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा के नेतृत्व में गठित टीम प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दूबे, हे.कां. इन्द्रजीत यादव, कां. अमित कुमार, म.आ. शम्शा परवीन, म.आ. राजमणि सिंह, चालक हे.कां. प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त निजामुद्दीन उर्फ सुम्मन पुत्र अब्दुल रहीम निवासी सालेहपुर थाना दुधारा तथा रियाज उर्फ इन्ना पुत्र झीनक निवासी साफियाबाद थाना दुधारा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि विदित हो कि उक्त अभियुक्तों का एक सुसंगठित गिरोह है जो अपने आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु गैंग बनाकर गौतस्करी/गोवध जैसे जघन्य अपराध कारित करते हैं। गौतस्करी के अभियोग दर्ज होने व समाज में काफी भय, आतंक व साम्प्रदायिक साम्प्रदायिक सौहार्द खराब होने के खतरे तथा उक्त अभियुक्त के भय व आतंक से किसी व्यक्ति द्वारा इनके विरुद्ध इनके द्वारा किए गए गलत कार्यों की सूचना व गवाही देने से डरने के दृष्टिगत गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बखिरा (एसएनबी)।** थाना बखिरा की पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म के मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को बखिरा पुलिस ने न्यायालय रवाना किया। अभियुक्त संदीप यादव पुत्र प्रमोद कुमार उर्फ नन्हे निवासी ग्राम संतोषपुर थाना बखिरा के द्वारा दिनांक 17/18-2023 की रात्रि में वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी। जिसके संबंध में वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा छोटेलाल, मुख्य आरक्षी संतोष कुमार गुप्ता, हेड कांस्टेबल कलीमुद्दीन के द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई कर उक्त आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर/सेमरियावां (एसएनबी)। दुधारा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित तथा जिलाबदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उक्त जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर लुक छिप कर जनपद में निवास कर रहा था। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व में गठित टीम के उ.नि. रामदरश यादव, हे.कां. बृजेश पाण्डेय, हे.कां. रमेश मिश्र, कां. विवेक कुमार द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर एक्ट में वांछित व जिलाबदर घोषित किए गये अभियुक्त शहजाद पुत्र मो. असलम निवासी बढ़यामाफी थाना दुधारा संतकबीरनगर को जनपदीय सीमा के अन्तर्गत अगया तिराहा परसामोड़ के पास से जिला बदर अवधि का उल्लंघन करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। उक्त गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 10 उ.प्र. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा श्री दूबे ने बताया कि उक्त अभियुक्त को दिनांक 19.12.2022 को जिला प्रशासन द्वारा छः माह की अवधि के लिए जिले से जिलाबदर का आदेश दिया गया था। अभियुक्त को इस आदेश का तामिला भी आदेशोपरान्त करवा दिया गया था। उसके उपरान्त भी अभियुक्त जनपद की सीमा में लुक छिप कर निवास कर रहा था। जिलाबदर आदेश के उल्लंघन के क्रम में दुधारा पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्त को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बेलहर/बखिरा (एसनबी)। जिले की बेलहर पुलिस दुष्कर्म मामले के वांछित अभियुक्त सोमन उर्फ सोमनाथ पुत्र हरिलाल निवासी निघुरी थाना बेलहर कला को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। उक्त घटना के संबंध में वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 16 दिसंबर 22 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। बेलहर पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए उक्त आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाले दल में थानाध्यक्ष बेलहर कला आमित कुशवाहा, कांस्टेबल आशीष शुक्ला, कांस्टेबल इन्द्रजीत मौर्य शामिल रहे।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। जले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने अभियान चलाया। यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। 59 वाहनों के चालकों से 82 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# आधा दर्जन आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में आधा दर्जन आरोपितों को दबोचकर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महुली पुलिस ने चार आरोपितों को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने छापेमारी किया।

# किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

## बखिरा क्षेत्र की घटना, पाक्सो और एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

मगहर। बखिरा क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर बरामदे में सो रही किशोरी को शनिवार रात आरोपी मुंह दबाकर अपने दरवाजे पर उठा ले गया। आरोप है कि वहां खड़ी कार में किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

घटना की जानकारी किसी को देने पर जानमाल की धमकी दी। ऐसा आरोप लगाकर किशोरी ने रविवार को आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

16 वर्षीय किशोरी का आरोप है कि शनिवार की रात वह घर के बाहर बरामदे में सो रही थी। रात करीब दो बजे गांव का ही 23 वर्षीय युवक उसका मुंह दबाकर अपने दरवाजे पर उठा ले गया।

वहां खड़ी कार में दुष्कर्म करने के बाद भाग गया। रविवार को पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

एसओ छोटेलाल राम ने बताया कि आरोपी युवक वाहन मैकेनिक है। आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पीड़ित किशोरी को महिला आरक्षी के साथ मेडिकल जांच के लिए भेजा गया।

### छात्रा से छेड़खानी, शिकायत पर भाई को पीटा

धनघटा। शनिवार की शाम स्कूल से घर जा रही छात्रा से मनचलों ने छेड़खानी की। घटना की जानकारी छात्रा के भाई को हुई तो वह आरोपी के घर शिकायत करने गया। नाराज मनबढ़ों ने छात्रा के भाई की पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों पर छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज किया है। छात्रा के भाई का आरोप है कि उसकी बहन धनघटा स्थित एक विद्यालय में पढ़ती है। जब वह स्कूल आती-जाती है तो कुछ शरारती युवक उसके साथ अश्लील हरकत करते थे। शनिवार को जब वह स्कूल से घर आ रही थी तो फिर उसके साथ छेड़खानी करने लगे। घर पहुंचकर बहन ने आपबीती बताई तो वह शिकायत करने गया। इससे नाराज मनबढ़ों ने उसकी पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने बताया कि इस मामले में चार लोगों पर छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित व जिला बदर आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित व जिला बदर आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर एक्ट में वांछित व जिला बदर घोषित किए गए अभियुक्त शहजाद पुत्र मोहम्मद असलम निवासी बढ़यामाफी को ज़िले की सीमा अगया तिराहा परसामोड़ के पास से जिलाबदर अवधि का उल्लंघन करते हुए गिरफ्तार किया।

उक्त गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस के अनुसार उक्त अभियुक्त को दिनांक 19 दिसंबर 2022 को जिला प्रशासन ने छह माह की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया था। अभियुक्त को इस आदेश का तामिला भी आदेशोपरान्त करवा दिया गया था। इसके उपरान्त भी अभियुक्त जनपद की सीमा में लुक छिपकर रहते हुए जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर रहा था।

# पुलिस ने दो जोड़ों को मिलाया

संतकबीरनगर। परिवार परामर्श केंद्र ने रविवार को सुनवाई कर दो जोड़ों को बिछड़ने से बचाया। टूटते परिवारों को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम के तहत परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर एसएसआई श्यामदेव प्रसाद एवं सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में दो मामलों की सुनवाई हुई।

प्रथम पक्ष रश्मिकला पुत्री दयाल निवासी भोरघाट थाना महुली व द्वितीय पक्ष प्रदीप पुत्र रामबेलास निवासी नेतवापुर थाना धनघटा एवं प्रथम पक्ष निशा पत्नी अजय प्रकाश निवासी जगदीशपुर उर्फ लहुरादेवा के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया था। दोनों पक्षों को काफी समझाया-बुझाया गया। इसके बाद दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए और दोनों पक्षों में आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

# बालिका से दुष्कर्म के वांछित आरोपित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दो अलग-अलग मामले मे नाबालिका से दुष्कर्म के आरोपित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना बखिरा पुलिस दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट व एससीएसटी मामले में वांछित संदीप यादव पुत्र प्रमोद कुमार उर्फ नन्हे निवासी ग्राम संतोषपुर को बौरव्यास तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। उक्त ने 17 फरवरी की रात्रि में वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में वादिनी ने थाना स्थानीय पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया। इसी तरह थाना बेलहरकला पुलिस ने दुष्कर्म पाक्सो एक्ट समेत अन्य धारा के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त सोमन उर्फ सोमनाथ पुत्र हरिलाल निवासी निघुरी को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपित अभियुक्त ने 11 नवंबर 2022 को वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में वादिनी ने थाना स्थानीय तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया।

# जिला बदर को भेजा जेल

दुधारा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित और छह माह के लिए जिला से बाहर (जिला बदर) घोषित किए गए इस थाना के बढ़यामाफी गांव निवासी शहजाद को अगया तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। जिला बदर घोषित होने के बावजूद वह जनपद की सीमा में निवास कर रहा था। (जासं)

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपित युवक को भेजा जेल

**जासं, बखिरा, संतकबीर नगर:** बखिरा थाना के एक गांव में बीते शनिवार-रविवार की रात युवक ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया। रविवार को मां की तहरीर पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके, जेल भेज दिया। इस गांव की किशोरी के घर में शनिवार-रविवार की रात संतोषपुर गांव निवासी संदीप यादव घुस गया। उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इसके पूर्व किशोरी के विरोध करने पर पीटा। थानाध्यक्ष छोटेलाल राम ने बताया कि मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध घर में घुसकर दुष्कर्म, मारपीट करने, दलित उत्पीड़न, पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। उसके गांव के पास से युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दो आरोपित गिरफ्तार

मेंहदावल : दुधारा पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार दूबे ने बताया कि दुधारा चौराहे पर सुबह के समय वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान इस थाना के सालेहरपुर गांव निवासी निजामुद्दीन व साफियाबाद गांव निवासी रियाज यहां से गिरफ्तार कर लिया। इन पर समूह बनाकर गौ-तस्करी करने एवं अन्य प्रकार के आरोप के मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। (जासं)

# सरयू नदी में जान देने के लिए कूदे बुजुर्ग को मछुआरों ने बचाया

- गोरखपुर जिले का बुजुर्ग बस में सवार होकर बिड़हरघाट में पहुंचा था
- परिवार के सदस्यों से इनका किसी बात को लेकर हुआ था विवाद

**जासं, धनघटा, संतकबीर नगर :** गोरखपुर जिले के एक बुजुर्ग ने जान देने के लिए बीते शनिवार को धनघटा थाना के बिड़हरघाट स्थित सरयू नदी में छलांग लगा दी। यह दृश्य देखकर मछुआरों ने तत्परता दिखाई। बुजुर्ग को नदी से बाहर निकाला और उसकी जान बचाई। इसकी सूचना निकट में स्थित बिड़हरघाट पुलिस चौकी को तुरंत दी। पुलिस इन्हें लेकर चौकी पर पहुंची। परिवार के सदस्यों को इसकी सूचना दी। इसके बाद संमझा-बुझाकर इन्हें परिवार के हवाले कर दिया।

गोरखपुर जिले के गीडा थाना के नगवा जयतपुर गांव निवासी 70 वर्षीय राम राजभर पुत्र झिंगुर का बीते शनिवार को परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे नाराज होकर बुजुर्ग बस में सवार होकर धनघटा थाना के बिड़हरघाट के पास पहुंचे। दोपहर के करीब दो बजे उन्होंने जान देने के लिए सरयू नदी में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने इसे देखकर शोर मचाया। इस पर नदी के पास मौजूद मछुआरे नाव लेकर नदी में उतरे। अथक प्रयास करके नदी से बुजुर्ग को बाहर निकाला और उनकी जान बचाई। इसकी सूचना तुरंत बिड़हरघाट पुलिस चौकी के प्रभारी धर्मेंद्र यादव को दी। पुलिस इस बुजुर्ग को लेकर चौकी पर पहुंची। इसकी सूचना इनके परिवार के सदस्यों को दी। परिवार के लोग चौकी पर पहुंचे। चौकी प्रभारी ने बुजुर्ग और परिवार के सदस्यों को समझाया-बुझाया। इसके बाद बुजुर्ग को परिवार के हवाले कर दिया। ये लोग इन्हें लेकर घर गए।

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-02-2023

# दबंगों ने दुकान और घर पर की तोड़फोड़, केस दर्ज

- तरबगंज के रामपुर टेंगरहा का है मामला
- विपक्षियों ने जबरन कब्जा कर ली है भूमि

तरबगंज,संवाददाता। थाना क्षेत्र के रामपुर टेंगरहा में दबंगों ने एक व्यक्ति की दुकान व घर में तोड़फोड़ कर जबरन कब्जा कर लिया है। वहीं परिजनों को मार पीट कर लहूलुहान भी कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने पर नामजद तहरीर दी है।

रामपुर टेंगरहा के सुल्तान ने बताया कि गांव के ही दबंग काफी दिनों से मकान कब्जा करना चाहते थे। रविवार को जबरन सामान बाहर निकाल कर कब्जा कर लिया है। वही बेटे रिजवान को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया है। पीड़ित सुल्तान ने बताया कि लेखपाल रिपोर्ट के अनुसार आबादी की भूमि पर वर्षों से उसका कब्जा था। किंतु विपक्षियों ने जबरन उस पर कब्जा कर लिया हैं। एसओ मनोज पाठक ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है। मामले की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# मिल जुलकर मनाएं होली का त्योहार : कोतवाल

- कोतवाली परिसर में की गई पीस कमेटी की बैठक
- कोतवाल ने त्योहार पर शराब न पीने की अपील भी की

मनकापुर, संवाददाता। होली का त्यौहार आपस में मिलजुल कर मनाएं। पुलिस आपके हर अच्छे कार्यो में सहयोग के लिए तैयार है। आम जनता के लोग जो अच्छी सोच रखकर समाज के अच्छे कार्यो में सहयोग करते हैं। पुलिस को ऐसे लोगों की हरवक्त जरूरत है। यह बातें कोतवाली मनकापुर में रविवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में कोतवाल चितवन कुमार ने कही।

कोतवाल ने लोगों से शराब न पीने की भी अपील की। कहा कि कोई भी विवाद होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना के कुछ ही देर बाद पुलिस आपके पास पहुंच जाएगी। वहीं गोहन्ना के पूर्व बीडीसी व समाजसेवी मोहम्मद याशीन ने सभी धर्म के लोगों को मिलजुल कर सभी से त्यौहार मनाने के लिए शायरी के माध्यम से जागरूक किया। बार एसोशिएसन के पूर्व अध्यक्ष सीके पाठक ने कहा कि मनकापुर में सभी धर्म के लोग मिलजुल कर होली ,दिवारी व मोहरर्म मनाते है।

इस मौके पर मुन्ना खां,विजय यादव, चौकी प्रभारी मछलीगांव योगेन्द्र सिंह, कस्बा अमर सिंह,जिगना अरविंद कनौजिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# आइजी के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**संसू, गोंडा** : पुलिस महानिरीक्षक उपेंद्र अग्रवाल के आदेश पर नगर कोतवाली में फर्जी वसीयत के मामले में 17 के खिलाफ मुकदमा किया गया है। जानकीनगर की रहने वाली मधु मेहरोत्रा ने नगर कोतवाली में गई अपने ससुर के नाम फर्जी वसीयत का मामला दर्ज कराया था।

# दबंगों ने रोडवेज बस चालक को पीटा

## बाराबंकी डिपो की बस को रेलवे क्रासिंग पर घेर कर रोका

संसू, कर्नलगंज (गोंडा) : लखनऊ से बलरामपुर जा रही बाराबंकी डिपो की बस को कर्नलगंज- हुजूरपुर रेलवे क्रासिंग पर बाइक सवार लोगों ने घेर लिया। चालक की पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर इलाज कराया। अज्ञात आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

रविवार को बाराबंकी के ग्राम संदूपुर इसरौली निवासी बस चालक दिनेश व परिचालक आसरे अवस्थी बाराबंकी डिपो की बस लेकर लखनऊ से बलरामपुर जा रहे थे। चालक ने बताया कि बहराइच रोड पर जगदीशपुर के पास सामने से अचानक ट्रक आ गया। इससे सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को हल्की ठोकर लग गई।



कर्नलगंज कोतवाली में रोडवेज बस चालक से पूछताछ करते नगर चौकी इंचार्ज आशीष कुमार ● जागरण

बस कर्नलगंज के रेलवे क्रासिंग गेट पर पहुंची तब तक कुछ बाइक सवार युवकों ने घेर लिया। चालक ने कहा कि जबतक वह कुछ समझ पाता तब तक बस के सामने शीशे पर पत्थर फेंक दिया। इससे शीशा चटक गया और दबंग बस के अंदर घुस आए और उसे मारने लगे। यात्रियों में भी भगदड़ मच गई। चालक के सिर में चोट आई है।

नगर चौकी प्रभारी आशीष कुमार मौके पर पहुंचे। गोंडा डिपो से बुकिंग क्लर्क अशोक पांडेय भी मौके पर पहुंचे।

कोतवाल सुधीर सिंह ने बताया चालक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# महाराष्ट्र पुलिस ने आभूषण की दुकान पर मारा छापा

**संसू, गोंडा :** महाराष्ट्र में आभूषण व 55 हजार रुपये की चोरी करने वाले बेलसर के पुरदिल पुरवा निवासी पवन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का जेवरात खरीदने वाले नगर के आभूषण की दुकान पर भी छापेमारी की है।

नगर कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि आरोपित महाराष्ट्र के थाना गांव देवी स्थित घर से आभूषण व रुपये चोरी करके छह माह पूर्व गांव भाग आया था। महाराष्ट्र में चोरी का मुकदमा किया गया था। रविवार को आरोपित को पकड़ा गया। उससे पूछताछ की गई। इसमें उसने नगर के भरत मिलाप चौराहे पर स्थित गुड्डू सर्राफ के यहां आभूषण बेचने की बात स्वीकार की। इसके बाद संबंधित दुकान पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। दुकानदार से पूछताछ की गई। इसमें आभूषण गला देने की बात सामने आई। सामग्री बरामद कर लिया गया है। आरोपित को महाराष्ट्र पुलिस साथ लेकर चली गई है।

**खाते से निकाल लिया रुपये-मेहनौन:** ग्राम पूरे हाड़ा के रहने वाले ज्ञान प्रकाश सिंह ने आनलाइन शिकायत की हैं। इसमें कहा कि उसके खाते से धोखाधड़ी कर 97000 रुपये निकाले गए।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत सात पर मुकदमा

संसू, इटियाथोक : कस्बा निवासी नीलम सोनी की तहरीर पर पुलिस ने पति सुरेश सोनी व सास ललिता सोनी समेत सात लोगों पर मुकदमा किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ससुराली जन दहेज के लिए उसके साथ मारपीट करते हैं। वहीं, बिनोहनी गांव की उर्मिला ने तहरीर देकर कहा कि वह अपने खेत की सिंचाई करने के लिए जा रही थीं। दबंगों ने उसके बेटे के ऊपर साइकिल चढ़ा दी है।

# आरोपित पर मुकदमा

**संसू, धानेपुर (गोंडा) :** कस्बा निवासी जहीर अहमद ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा था कि दरवाजे के समीप जमीन को बैनामा कराने के लिए अहिरौलिया निवासी राम बिहारी को रुपया दिया था। कच्चेहरी में कागजात तैयार किया गया। रजिस्ट्री कार्यालय में एक लाख रुपये दिया, लेकिन आरोपित कच्चेहरी से जमीन बिना बैनामा किये ही भाग आया।

# गिले-शिकवे भुला साथ रहने को हुए राजी

गोंडा। पुलिस लाइंस स्थित परिवार परामर्श केंद्र में रविवार को संधिकर्ताओं ने दो जोड़ों को साथ रहने के लिए राजी किया। इस दौरान  महिला थाना की इंस्पेक्टर पूनम यादव ने बताया कि विवाह के बाद से ही दो जोड़ों के बीच तकरार चल रही थी। मामला थाने तक पहुंचा। इसके बाद दोनों के परिवारों को बुलाकर समझाया गया।

उप निरीक्षक शेषमणि पांडेय, गंगाधर शुक्ल, संतोष ओझा, यशोदानंद त्रिपाठी, अनीता श्रीवास्तव, आरक्षी ज्योति राजभर, नेहा सिंह मौजूद रहे। (संवाद)

# जालसाजी कर भूमि बैनामा कराया, केस

मनकापुर (गोंडा)। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देश जालसाजी कर भूमि बैनामा कराने वाले पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छपिया थाना क्षेत्र के रानीजोत निवासी शांती देवी ने तहरीर देकर बताया कि तेजपुर निवासी प्रेमचंद ने 27 सितंबर 2012 को गलत चौहद्दी दिखाकर 435 वर्ग फुट जमीन उसे बेच दिया। जब वह भूमि पर निर्माण कराने पहुंची तो उस चौहद्दी की जमीन किसी और नाम से थी, निर्माण कार्य करवाने से रोक दिया। जमीन बेचने वालो से शिकायत करने पर भड़क गया तथा जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने एसपी से बैनामे के रुपए को वापस दिलाने की मांग करते हुए विपक्षी से जानमाल का खतरा की गुहार लगाई। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। संवाद

# 20 बाइकों की हुई नीलामी

गोंडा। थाना परसपुर में रविवार को एमवी एक्ट में सीज वाहनों की नीलामी कराई गई। नायब तहसीलदार रोहित कुमार की मौजूदगी में रविवार को 20 बाइकों की नीलामी कराई गई। नायब तहसीलदार ने बताया कि वाहनों की नीलामी से 31919 रुपये का राजस्व मिला है। जिसे राजकीय कोष में जमा करा दिया गया है। संवाद

# मादक पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

गोंडा। मादक पदार्थ के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार ने रविवार को नासिर अहमद निवासी सुभाष नगर को गिरफ्तार कर उसे पास से 70 टेबलेट अल्प्राजोलम बरामद किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-02-2023

# दुकान से चोरी हुए 18 लाख 90 हजार रूपए को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया बरामद

## चोरी के संपूर्ण नकदी के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के थाना गैड़ास बुजुर्ग पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए हाशिमपारा में 17 फरवरी की रात दुकान से चोरी हुए 18 लाख 90 हजार रुपए 24 घंटे के अंदर बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा किए गए त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने 19 फरवरी को प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी दी है 18 फरवरी को आकाश कौशल निवासी ग्राम भड़वा जोत महदेइया थाना श्रीदत्तगंज द्वारा तहरीर दी गई थी कि 17/18 फरवरी की रात हासिमपारा स्थित उसके किराए की दुकान से 18 लाख 90 हजार रुपए चोरी हो गए हैं। चोरी के संदर्भ में थाना गैडास बुजुर्ग में नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया था । पीड़ित आकाश कौशल द्वारा द्वारा तहरीर में आकाश मोदनवाल (22) पुत्र राजेंद्र मोदनवाल निवासी ग्राम भाड़वाजोत महदेइया थाना श्रीदत्तगंज तथा अमित सोनी (20) पुत्र बेचू सोनी निवासी ग्राम अधीन पुर थाना रेहरा बाजार को नामजद किया था।

मुकदमे के खुलासे हेतु गठित टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर वारदात का खुलासा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि थाना अध्यक्ष गौरव सिंह तोमर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कृष्णानंद पांडे, हेड कांस्टेबल अरुण शंकर सिंह, लक्ष्मीकांत, उदयभान यादव, कांस्टेबल उपदेश सिंह, मनीष कुमार व महिला आरक्षी बबली यादव की टीम द्वारा 19 फरवरी को दोनों नामजद अभियुक्त आकाश मोदनवाल तथा अमित सोनी को बेथुइया गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के शिनाख्त पर 18 लाख 90 हजार रुपए भी पुलिस ने बरामद कर लिए। उन्होंने बताया यह दोनों आरोपी पीड़ित के मित्र हैं जिन्होंने एक अन्य आरोपी राज सोनी पुत्र बेतू सोनी निवासी ग्राम आदमपुर थाना रेहरा बाजार की सहायता से चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि तीसरे आरोपी राज सोनी की तलाश पुलिस कर रही है।

# परामर्श केन्द्र पर तीन मामलों का हुआ निस्तारण

बलरामपुर। परिवार परामर्श केंद्र पर तीन मामलों का निस्तारण कराया गया। मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव ने बताया कि थाना महाराजगंज तराई, रेहरा बाजार व थाना कोतवाली नगर के तीन मामलों का सुलह समझौता के आधार पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर देवतादीन दुबे, तनवीर जहां, महिला थाना अध्यक्ष ममता सिंह यादव, महिला कांस्टेबल हेमा व ज्योति का सराहनीय योगदान रहा।

# शांतिभंग में 11 अभियुक्तों पर हुई कार्रवाई

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर ने पुलिस ने चार अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग के मामले में कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक गुरुसेन सिंह ने बताया कि शिवम गुप्ता, सिराज, अरशद, आवेश के विरुद्ध शांतिभंग करने के मामले में कार्रवाई की गई है। वहीं थाना रेहरा बाजार पुलिस ने सात व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक ने बताया कि राघवेंद्र मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, जगतपाल, महेश कुमार, राम पाल सिंह, धर्मपाल सिंह व राम कुमार के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई हुई।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

ललिया। हरैया थाना की पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव निवासी आरोपी अख्तर चोरी के आरोप में फरार चल रहा था, जिसे उपनिरीक्षक सुनील कुमार पाल, कांस्टेबल शिवम गौड़ ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# चोरी हुए 19 लाख के साथ दो गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस ने चोरी हुए 18 लाख 90 हजार रुपए के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। अभियुक्तों के विरुद्ध चोरी के मामले में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि बीते 18 फरवरी को आकाश कौशल के तहरीर पर चोरी का अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने फौरन कार्रवाई करते हुए भैवाजोत निवासी आकाश मोदनवाल व अधीनपुर निवासी अमित सोनी को गिरफ्तार किया गया।

# 15 बोरी भांगयुक्त दवाई बरामद हुई

बलरामपुर, संवाददाता। रविवार को सिटी पैलेस के निकट स्थित बाबा ट्रेडर्स के यहां से 15 बोरी भांगयुक्त आयुर्वेदिक दवाएं बरामद की गई हैं। साथ ही चार क्विंटल पालीथिन मौके से जब्त करते हुए 25 हजार रुपये जुर्माना किया गया है।

उपजिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर ने बताया कि बाबा ट्रेडर्स के यहां छापेमारी कर आयुर्वेदिकि दवाओं की गोलियां बरामद की गईं। 15 बोरियों में दवाएं भरी हुई थीं। आबकारी टीम ने जांच कर भांगयुक्त दवाएं होने की पुष्टि की। साथ ही चार क्विंटल पालीथिन बरामद किया गया। इस पर सफाई निरीक्षक बहोरन सिंह को बुलाकर 25 हजार रुपये जुर्माना कराया गया।

# अवैध खनन करने की शिकायत

**श्रीदत्तगंज:** विकास खंड के कई गांवों में मिट्टी के अवैध खनन का करोबार फल फूल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल की सरकारी जमीनों पर मिट्टी खनन हो रहा है। जिम्मेदार जानकर भी अनजान बने हैं। रमेश, दीपक, मनोहर, रामनाथ, किशोर और कल्लू ने पुलिस अधीक्षक से मिट्टी खनन पर रोक लगाने की मांग की है। (संसू)

# छापेमारी में बरामद की 15 बोरी भांगयुक्त आयुर्वेदिक दवाएं

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** नशीली दवाओं के कारोबार के विरुद्ध चलाए गए अभियान में प्रशासन को सफलता हाथ लगी है। रविवार को सिटी पैलेस के निकट स्थित बाबा ट्रेडर्स के यहां से 15 बोरी भांगयुक्त आयुर्वेदिक दवाएं बरामद की गईं हैं। साथ ही चार क्विंटल पालीथिन मौके से जब्त करते हुए 25 हजार रुपये जुर्माना किया गया है। उपजिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर ने बताया कि बाबा ट्रेडर्स के यहां छापेमारी कर आयुर्वेदिक दवाओं की गोलियां बरामद की गईं। 15 बोरियों में दवाएं भरी हुईं थीं। आबकारी टीम ने जांच कर भांगयुक्त दवाएं होने की पुष्टि की। साथ ही दुकान पर चार क्विंटल पालीथिन बरामद किया गया। इस पर नगर पालिका के सफाई निरीक्षक बहोरन सिंह को बुलाकर 25 हजार जुर्माना कराया गया।

# तीन पारिवारिक मामलों का निस्तारण

**बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। महिला थाना प्रभारी ममता सिंह यादव ने बताया कि बैठक में पति-पत्नी के विवाद से जुड़ी तीन पत्रावलियां प्रस्तुत की गई। परामर्शदाताओं ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर पारिवारिक विवादों का निस्तारण कराया। (संसू)

# वांछित गिरफ्तार

**बलरामपुर :** पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात राज कुमार सरोज ने बताया कि कलवारी निवासी रिंटू वर्मा को उसके घर से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# स्ट्रांग रूम की निगरानी को टीम प्रभारी नामित

संवादसूत्र, बलरामपुर : उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन सजग है। अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर स्ट्रांग रूम का जायजा ले रहे हैं। नकलविहीन परीक्षा के लिए निगरानी प्रभारी नामित किए गए हैं। रविवार को भी जिला विद्यालय निरीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों में जाकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान स्ट्रांग रूम की निगरानी को तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीआइओएस गोविंद राम व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने अलग-अलग टीम की अगुवाई करते हुए परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। सैय्यद बदीउद्दीन इंटर कालेज विशुनपुर टनटनवा पचपेड़वा, मीरा देवी पटेल मेमोरियल कन्या इंटर कालेज, न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक इंटर कालेज परसा पलईडीह गैंसड़ी, कस्तूरबा आर्य बालिका इंटर कालेज व स्वतंत्र भारत इंटर कालेज तुलसीपुर का निरीक्षण किया गया।

निगरानी को बनाए 13 टीम प्रभारी -डीआइओएस ने बताया कि स्ट्रांग रूम पूरी तरह सील हैं। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सीसी कैमरे से निगरानी की जा रही है। विशेष सतर्कता बरतने के लिए 13 निगरानी टीम प्रभारी बनाए गए हैं। इसमें राजकीय हाईस्कूल मधवाजोत के सहायक अध्यापक मधुसूदन पासवान, रमनगरा के आदर्श कुमार यादव, चकवा के प्रदीप कुमार यादव, हरहटा के धीरेंद्र चौधरी, महराजगंज तराई के धर्मेंद्र कुमार, विशुनपुर विश्राम के सुभाष चंद्र यादव, राजकीय इंटर कालेज गैंसड़ी के कन्हैया कुमार यादव, चमसूपुर के दीप नारायण वर्मा, दारीचौरा के मुश्ताक अली, इटईरामपुर के रमेश कुमार, सूर्यवंश, दारीचौरा के सर्वजीत व शिव वंश वर्मा शामिल हैं। सभी निगरानी टीम प्रभारियों को स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की विशेष निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।




कस्तूरबा आर्य बालिका इंटर कालेज में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीआइओएस गोविंद राम मध्य में ● जागरण

## अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का लिया जायजा, 13 टीम प्रभारी करेंगे विशेष निगरानी

## 23 से शुरू होंगी संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं

संवादसूत्र, बलरामपुर : उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की पूर्व मध्यमा व उत्तर मध्यमा की परीक्षा 23 फरवरी से 20 मार्च तक होंगी। परीक्षा की तैयारी को लेकर एक बैठक एमपीपी संस्कृत महाविद्यालय में हुई। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक ने पुलिस, बेसिक शिक्षा विभाग व एमपीपी इंटर कालेज के समन्वय से नकलविहीन परीक्षा कराने पर चर्चा की। डीआइओएस गोविंद राम ने कहा कि परीक्षा नकलविहीन कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्तर से 12 निरीक्षकों की मांग की गई है। साथ ही परीक्षा केंद्र व स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सशस्त्र पुलिस बल उपलब्ध कराने को पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। एमपीपी इंटर कालेज को संकलन केंद्र बनाया जाएगा। एमपीपी संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य देवमित्र त्रिपाठी, शिक्षक योगेश कुमार मिश्र, अनुराग मिश्र उपस्थित रहे।

***

# 18.90 लाख की चोरी का 24 घंटे में राजफाश, दो गिरफ्तार

## तीसरे मित्र की दुकान से की थी चोरी, रकम बरामद

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** गैंड़ासबुजुर्ग के हासिमपारा बाजार में दो दोस्तों ने तीसरे को धोखा देकर उसकी दुकान से 18 लाख 90 हजार रुपये चुरा लिए। पीड़ित आकाश कौशल ने थाने पर चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर घटना का राजफाश कर दिया। चोरी में शामिल आकाश मोदनवाल निवासी भड़वाजोत श्रीदत्तगंज व अमित सोनी निवासी अधीनपुर रेहराबाजार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास चोरी के पूरे पैसे बरामद कर लिए गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि 18 फरवरी को आकाश कौशल ने थाने में चोरी की तहरीर दी थी। गैंड़ासबुजुर्ग थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने गहनता से मामले की छानबीन की। आकाश कौशल दुकान का सामान लाने के लिए नकदी रखे था। इसी लिए उसने दोनों मित्र आकाश मोदनवाल व अमित सोनी घटना की रात उसकी दुकान में रुके हुए थे। दोनों ने दुकान में रखे 18 लाख 90 हजार रुपये देखे, तो उनकी नीयत में खोंट आ गई। दोनों दुकान से रुपये चुराने की योजना बनाने लगे। इसमें अमित सोनी ने अपने भाई राज सोनी को भी शामिल किया। सुबह चार बजे जब आकाश कौशल शौच के लिए गया तो अमित सोनी ने अपने भाई राज सोनी की सहायता से रुपये पार कर दिए। पूछताछ में आकाश मोदनवाल व अमित सोनी ने चोरी की बात स्वीकार की है। घटना के तीसरे आरोपित राज सोनी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### महंत पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर केस

**संवादसूत्र, ललिया (बलरामपुर) :** अयोध्या के महंत राजू दास के विरुद्ध फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना युवक को महंगा पड़ गया। शिवपुरा निवासी अशोक कुमार पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने महराजगंज तराई के मैटहवा गांव निवासी संजय नरायन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्र ने बताया कि संजय ने फेसबुक पर महंत राजू दास के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। यह पोस्ट समाज के विभिन्न वर्गों में वैमनस्यता पैदा करने वाला था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अशोक कुमार पांडेय ने पोस्ट डालने वाले युवक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। इसी आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस आज

**बलरामपुर।** बलरामपुर सदर, तुलसीपुर व उतरौला तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जन समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। इसमें सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। (संवाद)

# दोस्तों ने ही चुराए थे सराफा व्यापारी के 18.90 लाख

संवाद न्यूज एजेंसी

**गैड़ास बुजुर्ग (बलरामपुर)।** सराफा व्यापारी की दुकान में शनिवार को हुई चोरी के मामले में उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लोगों के पास से पुलिस ने चोरी किए गए 18.90 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। एक अन्य की तलाश के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है।

एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को हाशिमपारा निवासी आकाश कौशल ने गैड़ास बुजुर्ग थाने में तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने कहा था कि हाशिमपारा स्थित सराफा की दुकान से 18 लाख 90 हजार रुपये की चोरी हो गई है। इस मामले में उसने दो लोगों पर शक जताया था।

एएसपी ने बताया कि एसओ गौरव सिंह तोमर की टीम को लगाया गया। पुलिस टीम ने जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि आकाश कौशल के दोस्त महदेइया भड़वाजोत निवासी आकाश मोदनवाल व अधीनपुर गांव के अमित सोनी शनिवार की रात उसके साथ दुकान में रुके थे।

पुलिस ने जब दोस्तों से पूछताछ शुरू की तो सारी सच्चाई सामने आ गई।

## गैड़ास बुजुर्ग में हुई थी घटना, चोरी की गई धनराशि बरामद, एक अन्य की तलाश के लिए छापेमारी तेज



पुलिस के साथ मौजूद आरोपी। -संवाद

एएसपी ने बताया कि पकड़े गए आकाश मोदनवाल व अमित सोनी के पास से पुलिस ने रविवार को 18 लाख 90 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। पूछताछ में बताया कि एक साथ इतनी रकम देखकर उनमें लालच आ गया।

दोनों ने एक अन्य दोस्त को साथ में मिलाया। सुबह जब आकाश कौशल शौच के लिए गए तो पैसे को तीसरे साथी के माध्यम से चुरा लिया गया। व्यापारी को दुकान के लिए सामान लाना था, इसके लिए उसने पैसे का इंतजाम किया था।

एएसपी ने बताया कि चोरी की वारदात में शामिल एक अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक पर केस

**ललिया (बलरामपुर)।** सोशल मीडिया पर महंत राजू दास के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया। टिप्पणी करने वाले युवके खिलाफ स्थानीय थाने में केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना ललिया जयहरी मिश्र ने बताया कि हनुमानगढ़ी मंदिर अयोध्या के महंत राजूदास की फोटो पर संजय नारायण निवासी ग्राम मैटहवा ने फेसबुक व ट्विटर पर अभद्र टिप्पणी की थी। युवक की इस कार्यशैली से लोगों में आक्रोश व्याप्त था। अशोक कुमार पांडेय की तहरीर पर युवक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। (संवाद)

## शांतिभंग के आरोप में 11 गिरफ्तार

**बलरामपुर।** रेहरा बाजार पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में रविवार को हुसैनाबाद के राघवेंद्र, देवेंद्र, जगतपाल, महेश कुमार, अमहवा के रामपाल सिंह, धर्मपाल सिंह व बनिया गांव के राम कुमार को गिरफ्तार किया है। तुलसीपुर पुलिस ने चार अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। (संवाद)

## सुरक्षा के लिए किया सतर्क

**हरैया सतघरवा।** स्थानीय थाने के गनेशपुर गांव में रविवार को ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सीओ राधारमण सिंह ने लोगों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सीख दी। होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। एसओ अखिलेश पांडेय ने सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

# तहसीलदार के खिलाफ दर्ज मामले की रिपोर्ट तलब

**उतरौला (बलरामपुर)।** जमीन को हड़पने के लिए फर्जीवाड़ा करने में तहसीलदार समेत पांच के खिलाफ दर्ज मुकदमे की प्रगति रिपोर्ट के साथ विवेचक को एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने तलब किया है।

न्यायालय के आदेश पर 15 फरवरी को श्रीदत्तगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उतरौला कोतवाली के चंदापुर गांव निवासी निजामुद्दीन ने आरोप लगाया था कि उसकी कृषि योग्य भूमि गाटा संख्या 223 मझारी दूल्हा थाना श्रीदत्तगंज में है। उसकी जमीन को मझारी गांव के ही कुछ लोगों ने अभिलेखों में जालसाजी करके अपने नाम दर्ज करा लिया। मिलने वाले मुआवजे के लिए जब उसने खतौनी निकलवाई तब उसे जालसाजी के बारे में बता चला।

न्यायालय के आदेश पर श्रीदत्तगंज थाने में उतरौला के तत्कालीन तहसीलदार राम आसरे, मझारी गांव के मोहम्मद रफीक, रमजान अली, ताज मोहम्मद व शेर अली के खिलाफ जालसाजी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। एएसपी ने बताया कि इस मामले के विवेचक को सोमवार को बुलाया गया है। संवाद

# सरकारी वाहनों की भी जांच होगी

बलरामपुर। निजी वाहनों का चालान, सरकारी पर मेहरबान शीर्षक से अमर उजाला में प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए परिवहन विभाग ने अब विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। एआरटीओ अरविंद यादव ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर इन दिनों अभियान चलाया जा रहा है। उल्लंघन पाए जाने पर पांच हजार रुपये चालान का नियम है। कहा कि अगर किसी ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन किया है, तो उसे उसकी रसीद साथ में रखनी होगी। संवाद

# अवैध खनन पर लगाएं रोक, सख्त कार्रवाई करें

**बलरामपुर।** सम्मन व वारंट तामील की कम प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई है। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर डीएम डॉ. महेंद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को सम्मन का शत प्रतिशत तामील कराने का निर्देश दिया। कहा है कि अगर कहीं पर कोई समस्या आती है, तो उन्हें अवगत कराएं। साथ ही अवैध खनन पर तत्काल कार्रवाई करने की हिदायत दी गई है।

कलेक्ट्रेट सभागार में कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान डीएम ने अभियोजन से संबंधित न्यायालयों में मुकदमों की पैरवी कर उसका निस्तारण अतिशीघ्र कराने को कहा। कहा कि यदि गवाह की वजह से किसी मुकदमे का निस्तारण नहीं हो रहा है, तो उसमें गवाही कराई जाए। लंबित मुकदमों का निस्तारण हर हाल में कराया जाए।

डीएम ने कहा कि अवैध खनन पर पूरी तरह से कंट्रोल किया जाए, इसमें कठोर से कठोर कारर्रवाई की जाए तथा आर्थिक जुर्माने भी लगाए जाएं। बैठक में एसपी केशव कुमार, एडीएम प्रदीप कुमार, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव मौजूद रहे। संवाद

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-02-2023

हिन्दुस्तान

# सिपाही का शव पैतृक गांव भेजा गया

## दुःखद

बहराइच, संवाददाता। मोतीपुर थाने की मिहींपुरवा चौकी में तैनात सिपाही मस्तराम शर्मा की शनिवार शाम दिल का दौरा पड़ने पड़ने से मौत हो गई थी। शनिवार रात में ही एसपी प्रशांत वर्मा, एसएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीओ नानपारा राहुल पांडेय मोतीपुर सीएचसी पहुंच गए। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद शव शहर स्थित पुलिस लाइन में शोक सलामी के बाद पुलिस वाहन व आर्म्स गारद के साथ पैतृक गांव रवाना कर दिया गया।

संतकबीर नगर जिले के महुली थाने के देईसाड निवासी 26 वर्षीय मस्तराम शर्मा 2018 बैच में पुलिस सेवा में सिपाही के पद पर पुलिस सेवा में आए थे। इन दिनों उनकी तैनाती मोतीपुर थाने की मिहींपुरवा पुलिस चौकी पर थी।



पुलिस लाइन में सिपाही की अर्थी को कांधा देते एसपी व एएसपी।

शनिवार शाम साढ़े सात बजे तक वह रामजानकी मंदिर पर ड्यूटी के दौरान हंस बोल रहे थे। उन्होंने साथियों के साथ सेल्फी भी ली। इसी बीच अचानक उनकी हालत बिगड़ी। साथी उन्हें मोतीपुर सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही उनके पिता, चाचा, चचेरे भाई रात में ही मोतीपुर सीएचसी पहुंच गए।

उधर मोतीपुर एसएचओ मुकेश कुमार से जानकारी मिलते ही एसपी, एएसपी, सीओ भी रात में ही मोतीपुर पहुंचे। रविवार सुबह शव पोस्टमार्टम हाउस लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में शोक सलामी दी गई। एसपी, एएसपी सिटी व ग्रामीण ने मृतक की अर्थी को कंधा देकर पुलिस वाहन में लाया गया। इसके बाद शव उनके पैतृक गांव रवाना कर दिया गया।

हिन्दुस्तान

# नेपाली शराब बरामद महिला गिरफ्तार

बहराइच। एसएसबी 42वीं वाहिनी के जवान भारत- नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे।

एसएसबी जवान सीमा पर पिलर संख्या 649 के पास पहुंचे। तभी एक महिला भारतीय सीमा में प्रवेश करती दिखी, उसे रोक कर तलाशी ली गई। बोरी में 64 बोतल नेपाली शराब बरामद हुई। बरामद शराब और महिला को एसएसबी जवानों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि महिला नेपाल की निवासी है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद शराब को सीज कर दिया गया है।

हिन्दुस्तान

# तीन दिन बाद भी चोरी का खुलासा नहीं

बहराइच। सुजौली इलाके के आम्बा में स्थित कतर्निया वाइल्ड हैवेन रिसॉर्ट से दो दिन पूर्व चोरों ने कंपनी मैकेनिक बताकर दिनदहाड़े समर्सिबल खोलकर ले गए थे।

कतर्निया वाइल्ड हैवेन के मैनेजर रिटायर्ड रेंजर इरफान खान रिसार्ट की देखरेख कर रहे थे। इस बीच बाइक से दो युवक अपने आप को कंपनी का मैकेनिक बताकर समर्सिबल चेक रिसार्ट में प्रवेश करते हैं। वह मैनेजर से समर्सिबल चेक करने की इजाज़त मांगते हैं। मैनेजर ने रिसार्ट कर्मचारी के साथ उन्हें समर्सिबल वाले स्थान पर भेज दिया था। इस बीच दोनों युवक करीब एक घंटे जूझकर मौका देखकर पाइप सहित समर्सिबल लेकर फरार हो गए थे । मैनेजर ने चोरी की सूचना तत्काल रिसार्ट मालिक को दी। बिछिया बाजार से होकर समर्सिबल बाइक पर ले जाते हुए दोनों युवकों की तस्वीर एक सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुई है। मैनेजर ने सीसीटीवी फुटेज के साथ चोरी की तहरीर दो युवकों के खिलाफ थाने में दी। चोरी की घटना को तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम दिख रही है।

# गोशाला से तस्करी की अफवाह फैलाने वालों पर मुकदमा दर्ज

संसू, मिहींपुरवा (बहराइच) : मोतीपुर इलाके की ग्रामपंचायत पोंडा में बनी अस्थाई गोशाला से मवेशी तस्करी किए जाने की अफवाह फैलाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि 14 फरवरी को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाई गई कि गोशाला से मवेशियों की तस्करी की जा रही है। मामले में पोंडा निवासी सुक्खा बाबा, छांगुर उर्फ छंग्गा व सुरेश यादव के बयान को आधार बनाया गया था।

जांच कराने पर पता चला कि समुदाय की भावना भड़काने व प्रशासन की छवि धूमिल करने के लिए सुनियोजित तरीके से बयानबाजी की गई थी। यही नहीं अनाधिकृत रूप से गोशाला में प्रवेश कर बड़ी घटना को अंजाम देने की भी आशंका जताई गई। मामले में शाहिद अली ग्रामपंचायत अधिकारी पोंडा की तहरीर पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घर से हजारों की नकदी और जेवरात चोरी

**बहराइच :** हुजूरपुर इलाके के सहसलमपुर निवासी अनिल कुमार सिंह के घर शनिवार देर रात खिड़की के रास्ते घुसे चोरों ने तीस हजार की नकदी, जेवरात व अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। (जासं)

# पाकेट डायरी में संकलित करें सूचनाएं : एसपी

**जासं, बहराइच :** आगामी त्योहारों को लेकर थानों व कोतवालियों में पीस कमेटी की बैठकों का दौर जारी है। रविवार को एसपी प्रशांत कुमार वर्मा ने हुजूरपुर थाना परिसर में बैठक कर अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए। एसपी ने मौके पर मौजूद चौकीदारों व पुलिस कर्मियों से कहा कि वे एक-दूसरे से सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हुए अपराधियों का सत्यापन भी करें। चौकीदारों को पाकेट डायरी में सूचनाएं संकलित करने को कहा।

# एसपी ने पार्थिव शरीर को दिया कंधा

## शिव बरात में ड्यूटी के दौरान हो गया था आरक्षी मस्तराम का निधन

संवाद न्यूज एजेंसी



मस्तराम शर्मा फाइल फोटो।



पुलिस लाइन में पार्थिव शरीर को कंधा देते एसपी व अन्य। -संवाद

**बहराइच/मिहींपुरवा।** महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बरात में ड्यूटी के दौरान शनिवार रात एक आरक्षी की मौत हो गई थी। रविवार सुबह आरक्षी का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन लाया गया।

यहां एसपी प्रशांत वर्मा, एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सीओ राजीव सिसौदिया आदि ने सिपाही के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। संतकबीर नगर के महुली थाना क्षेत्र के भोगीपुर गांव निवासी मस्तराम शर्मा (26) 2018 बैच के सिपाही थे। उनकी तैनाती मोतीपुर की मिहींपुरवा चौकी पर थी। मस्तराम बीते दो सालों से मिहींपुरवा चौकी पर तैनात थे।

शनिवार को उनकी ड्यूटी महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बरात में लगी थी। ड्यूटी के दौरान वह अचानक बेहोश होकर गिर गए। इसके बाद साथियों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। रविवार को उनका पार्थिव शरीर पुलिस स्मृति स्थल पर रखा गया जहां पुलिस कर्मियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद परिवारवाले अंतिम संस्कार के लिए पार्थिव शरीर लेकर रवाना हो गए।

## सप्ताह में दो बार बीट पर जाएं पुलिसकर्मी

**बहराइच।** कैसरगंज कोतवाली में रविवार को सीओ कमलेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस कर्मी सप्ताह में कम से कम दो बार ने बीट पर जाएं और चेक लिस्ट भरकर वापसी में जीडी में सूचना दें। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी लें। संवाद

## देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बहराइच।** बेहटाभया निवासी अयोध्या प्रसाद यादव को रविवार को 50 शीशी अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। रामगांव थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया। संवाद

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्त में

**बहराइच।** लौकाही निवासी जयचंद्र ने शनिवार को गांव निवासी बुद्धराम के बेटे मनीष (11) पर त्रिशूल व चाकू से हमला कर दिया था। बुद्धराम की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया। रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-02-2023

# अभिलेखों में हेरफेर कर कराया बैनामा व दाखिल-खारिज

**श्रावस्ती।** भिनगा तहसील क्षेत्र के गांव सिटकहना के मजरा गडरा निवासी एक महिला ने अभिलेखों में हेरफेर कर पहले भूमि का बैनामा कराया। बाद में उसका दाखिल खारिज करा लिया। एक अन्य व्यक्ति के आपत्ति किए जाने पर दाखिल खारिज का आदेश वापस हो गया। शिकायत के बाद एसडीएम के निर्देश पर रजिस्ट्रार कानूनगो ने जालसाज महिला के विरुद्ध भिनगा कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

आशिया पत्नी ने संभारपुरवा के मजरा भुजंग निवासी अनवर अली से एक भूमि का बैनामा कराया था। विक्रेता संक्रमणीय भूमिधर नहीं था। महिला ने असंक्रमणीय के स्थान पर खतौनी में संक्रमणीय दिखा कर दाखिल खारिज करा लिया। मोहल्ला हनुमानगढ़ी निवासी प्रमोद कुमार तिवारी ने न्यायालय में आपत्ति दाखिल की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने दाखिल खारिज का आदेश वापस ले लिया। बाद में इसकी शिकायत एसडीएम भिनगा प्रवेंद्र कुमार से की गई थी।

उन्होंने जांच कराकर रजिस्ट्रार कानूनगों नंद किशोर पांडे को आशिया के विरुद्ध मामला दर्ज कराने का निर्देश दिया था। रजिस्ट्रार कानूनगो की तहरीर पर भिनगा कोतवाली पुलिस ने महिला के विरुद्ध जालसाजी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# दस वाहनों का चालान, वसूला जुर्माना

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार को वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान 10 वाहनों का ई चालान कर 20600 रुपये जुर्माना वसूला गया। संवाद

# पुलिस ने की गश्त

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार को सभी थाना व चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पैदल गश्त की। अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस ने विभिन्न बाजारों में गश्त कर कानून व्यवस्था को लेकर व्यापारियों व आमजन से वार्ता की, उन्हें जागरूक भी किया। संवाद

# वाहनों की जांची गति, चालान कटे

- जांच में ओवर स्पीड मिले 20 वाहनों का चालान काटा गया
- यातायात नियमों का पालन न करने पर कई बार बड़ी दुर्घटना होती है

**श्रावस्ती, संवाददाता।** सड़कों पर तेज गति से फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों पर पुलिस नजर रख रही है। यातायात पुलिस हाइवे समेत अन्य प्रमुख मार्गों पर वाहनों की गति जांचने के लिए स्पीडोमीटर का प्रयोग कर रही है। रविवार को जांच के दौरान ओवर स्पीड मिले 20 वाहनों का चालान काटा गया।

यातायात पुलिस की ओर से रविवार को इकौना गिलौला बौद्ध परिपथ पर वाहनों के गति का मापन स्पीडोमीटर से किया गया। यातायात प्रभारी मनीष पाण्डेय के नेतृत्व में बौद्ध परिपथ पर आते जाते 30 वाहनों की गति स्पीडोमीटर से जांची गई। जिसमें से 20 वाहनों को ओवर स्पीड यानि सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते पाया गया। इन वाहनों का चालान करते हुए 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायद दी जाती है। इसके बाद भी लोग पानल नहीं करते और बिना हेलमेट, तेज गति से वाहन दौड़ाते हैं। इससे कई बार बड़ी दुर्घटनाएं होती है और लोगों की जांच चली जाती है। वहीं यदि यातायात नियम का पालन करते हुए वाहन चलाएंगे तो निश्चित ही दुर्घटनाओं से बचे रहेंगे।

उन्होंने बताया कि निर्देश के बाद भी जो लोग नियम का पालन नहीं करते उनके विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि रविवार को बौद्ध परिपथ पर स्पीडोमीटर से चेकिंग की गयी। जिसमें ओवर स्पीड मिले वाहनों का चालान किया गया। इस मौके पर हेड कांस्टेबल आलोक शुक्ला, कांस्टेबल ममतेश यादव, कांस्टेबल विनोद शर्मा मौजूद रहे।

# धर्म बदल निकाह करने के की जांच कर रही पुलिस

श्रावस्ती, संवाददाता। धर्म छिपाकर फेसबुक पर किया प्रेम, धर्म बदलवाकर किया निकाह, अब पिटाई कर घर से निकाला। यह आरोप चेन्नई की रहने वाली एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में लगाया है। पुलिस महिला के लगाए आरोपों की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र भिनगा के अमरहवा निवासी एक युवक पर प्रेम में फंसाने, धर्म बदलवाकर शादी करने, गर्भपात कराने व घर से निकालने का आरोप लगाया गया है। चेन्नई की रहने वाली पूनम कुजूर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि फेसबुक के माध्यम से अमन पांडेय नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। बाद में दोनों की दोस्ती प्रेम प्रसंग में बदल गई। इसके बाद युवक उसके घर ड्राइवर की नौकरी करने लगा। लाकडाउन के दौरान वर्ष 2022 में युवक पूनम को बहला फुसला कर अपने घर ले आया तब उसे पता चला कि युवक का नाम खुर्शीद है और वह अमरहवा का निवासी है। महिला का आरोप है कि घर लाने के बाद खुर्शीद ने धर्म बदलवा कर निकाह कर लिया। जब वह गर्भवती हो गई तो खुर्शीद ने परिजनों के साथ मिलकर जोर जबरदस्ती से उसका गर्भपात करवा दिया। महिला का आरोप है कि खुर्शीद उसका लगातार उत्पीड़न कर रहा है। मेहनत कर बनाए गए घर में तोड़ फोड़ करते हुए पिटाई की और घर से बाहर निकाल दिया। साथ ही जान माल की धमकी दे रहा है।

> “ महिला की शिकायत पर युवक के विरुद्ध पहले से ही देहज उत्पीड़न का मामला दर्ज है। आरोप पत्र प्रेषित है और न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। महिला ने दोबारा शिकायत कर आरोप लगाया है उस आरोप की जांच की जा रही है।
>
> –**जीतेन्द्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक भिनगा

# साइबर अपराध पर जागरूकता

मल्हीपुर। मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक राम पाल यादव ने रविवार को साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर लोगों को इकठ्ठा करके साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी और उससे बचाने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि निजी जानकारी दूसरों से बिलकुल साझा न करें। किसी को भी अपना बैंक खाता संख्या, ओटीपी, पिन आदि न बताएं। अनजान विडियो कॉल को न रिसीव करें, फेसबुक पर अनजान व्यक्ति से संपर्क न करें।

# काउंसिलिंग केंद्र का छात्र और छात्राएं उठाएं लाभ : सीओ

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा-बहराइच मार्ग पर स्थित पटना खरगौरा में रविवार को आई लीड संस्थान की ओर से एडमीशन काउंसिलिंग व स्टडी सेंटर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे रहे। सद्भावना संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने वालेंटियरों के साथ मुख्य अतिथि को फूलों की डलिया भेंट की।

देश के प्रतिष्ठित विश्व विद्यालय की ओर से मान्यता प्राप्त कोर्स के लिए इस केंद्र पर नियमित के अलावा दूरस्थ माध्यम से भी शिक्षा उपलब्ध रहेगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस केंद्र के खुल जाने से अति पिछड़े जिले के छात्र-छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की डिग्री मिल सकेगी।

उन्होंने कहा कि अब आनलाइन डिग्री भी परंपरागत डिग्री के बराबर मानी गई है। छात्र-छात्राएं इसका लाभ उठाकर आगे बढ़े। केंद्र पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय,



सीओ अतुल कुमार चौबे (बाएं) को फूल से भरी डलिया भेंट करते सद्भावना के अध्यक्ष योगेंद्रमणि ● जागरण

मिजोरम केंद्रीय विश्वविद्यालय, जामिया हम दर्द नई दिल्ली, उत्तराखंड विश्व विद्यालय देहरादून, एशियन इंटर नेशनल यूनिवर्सिटी, मंगलातयन विश्वविद्यालय के आनलाइन कोर्स में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की जाएगी।

इस केंद्र से स्नातक पास युवक-युवतियां यूजीसी की ओर से अनुमोदित विभिन्न कोर्स के लिए आनलाइन व दूरस्थ विधि से प्रवेश ले सकेंगे। संस्थान की ओर से छात्रों को एकेडमिक सपोर्ट भी दिया जाएगा।

# 10 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने चेक पोस्ट पर जांच की ।इस दौरान वाहनों के अभिलेख देखे गए। फिटनेस की भी जांच की गई। 10 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान करते हुए 20 हजार 600 रुपये का शमन वसूल किया गया। (वि.)

# 68 की धरपकड़, 49 का सफाया

## एक माह में आपरेशन धरपकड़ से कवच तक का किया सफर

भूपेंद्र पांडेय ● श्रावस्ती

अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक के प्रयासों के साथ आपरेशन का नामकरण चर्चा में है। जिले में एक माह में उन्होंने आपरेशन धरपकड़ से आपरेशन कवच तक का सफर तय किया है। एक शब्द से उद्देश्य को समझाने का एसपी का प्रयास पुलिसकर्मियों को भी पसंद आ रहा है।

अपराधियों की जगह जेल है इस सिद्धांत को चरितार्थ करते हुए एसपी ने सबसे पहले आपरेशन धरपकड़ शुरू किया। एक माह में 68 वारंटियों को पुलिस टीम ने दबोच लिया। थानों के अपराध रजिस्टर में दर्ज मृत लोगों का विवरण समाप्त करने के लिए आपरेशन सफाया चलाया। हिस्ट्रीशीटर के 49 आरोपितों का रिकार्ड नष्ट किया गया। नेपाल सीमा की सुरक्षा व तस्करी रोकने के लिए शुरू हुए आपरेशन कवच के तहत सीमा से सटे गांवों में पुलिस अपना नेटवर्क बढ़ा रही है। ग्राम समिति को



आपरेशन कवच के तहत भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेतीं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह (दाएं) ● जागरण

मजबूती देने के साथ उन्हें सक्रिय किया जा रहा है।

**मृत अपराधी कराते थे पुलिस की किरकिरी** : त्योहार व चुनाव के समय शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से शांतिभंग की आशंका में लोगों को निरुद्ध किया जाता है। इसमें अपराध रजिस्टर में दर्ज लोगों को चिन्हित किया किया जाता है। कभी कभार मृत हो चुके लोग भी इस दायरे में आ जाते थे। इससे पुलिस की किरकिरी होती है।

> अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस हर दिन काम करती है। अभियान को एक नाम मिल जाने से यह मानसिक तौर पर भी प्रभावशाली हो जाता है। पुलिस टीम को परिणाम की रिपोर्टिंग करने में भी आसानी होती है।
>
> **- प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक, श्रावस्ती**

एसपी ने मृतक अपराधियों का डाटा तैयार करवाकर पुलिस की छवि को साफ सुथरा बनाए रखने की पहल की है।